RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 248
फरीदाबाद, रविवार, 18 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



कोरोना काल में रचनात्मक सांत्वना देना उद्देश्य

फिल्मी-10




स्वाधिष्ठान चक्र में ध्यान कर इनकी साधना की जाती है। संयम, तप, वैराग्य तथा विजय प्राप्ति की दायिका हैं।

मंत्र- 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं ब्रह्मचारिण्यै नमः।'

● विस्तृत सामग्री पेज-12

न्यूजीलैंड में 24 साल बाद किसी एक पार्टी को बहुमत

## लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनेगी आर्डर्न

एजेंसी। ऑकलैंड

**न्यूजीलैंड** के आम चुनावों में 24 साल बाद किसी एक पार्टी को अकेले बहुमत हासिल हुआ है। प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डर्न की लेबर पार्टी ने तमाम अनुमानों को कमतर साबित करते हुए बड़ी जीत दर्ज की। शनिवार को यहां वोटिंग हुई। इसके 90 मिनट बाद ही काउंटिंग शुरू हुई।

अर्ली वोटिंग की सुविधा के चलते 19 लाख वोटर्स ने मतदान पहले ही कर दिया था। यह कुल वोटर्स का 57 फीसद है। कुल रजिस्टर्ड वोटर्स की संख्या करीब 30 लाख 77 हजार है। न्यूजीलैंड मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, लेबर पार्टी को 48.9 फीसद वोट और कुल 64 सीटें मिलीं। 120 सदस्यों वाली संसद में बहुमत का आंकड़ा 61 है। ज्यूडिथ कोलिन्स की नेशनल पार्टी को 27 फीसद वोट और कुल 35 सीट मिलीं। एसीटी न्यूजीलैंड पार्टी को 10 सीटें मिलीं। ऑफिशियल रिजल्ट्स का ऐलान बाद में किया जाएगा।

### टीम में बदलाव नहीं करूंगी

जीत के बाद प्रधानमंत्री आर्डर्न ने कहा कि आज जो नतीजे आए हैं, उनसे मैं बहुत खुश हूं। हालांकि, मुझे इनसे ज्यादा हैरानी नहीं हुई, क्योंकि मुझे ऐसे ही रिजल्ट की उम्मीद थी। मैं जानती हूं कि मेरी पार्टी के वर्कर्स ने काफी मेहनत की है। हम अपना काम जारी रखेंगे। मेरी बेटी दो साल की है और वो अभी सो रही है। मैं अपनी टीम में बदलाव नहीं करूंगी।



### जनमत सर्वेक्षणों में 46% मतदाताओं ने किया था पसंद

2017 से शुरू हुए उनके प्रधानमंत्री के पहले कार्यकाल में भीषण आतंकी हमले और कोरोना महामारी जैसे बड़े संकट आए, लेकिन इस दौरान आर्डर्न ने जो धीरज और दूरदृष्टि दिखाई, उसकी दुनिया भर में तारीफ हुई। न्यूजीलैंड छोटी आबादी वाला देश है, इसके बावजूद आर्डर्न के कार्यकाल में उसे दुनिया में बेहतरीन शासन के एक उदाहरण के रूप में पेश किया जाता रहा है। मतदान से ठीक पहले जनमत सर्वेक्षणों में आर्डर्न की लेबर पार्टी को 46 फीसदी मतदाताओं की पसंद बताया गया था।

**हर मतदाता दो वोट डालता है :** न्यूजीलैंड की चुनाव प्रणाली के मुताबिक हर मतदाता दो वोट डालता है। न्यूजीलैंड की संसद में 121 सीटें हैं। इनमें 71 सांसद प्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं। बाकी 70 सांसद पार्टियों को मिले वोट फीसदी के अनुपात के आधार पर चुने जाते हैं।

## खुशखबरी : भारत में जल्द शुरू होगा स्पुतनिक-वी के दूसरे-तीसरे चरण का ट्रायल

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारत** में रूसी वैक्सीन स्पुतनिक-वी के दूसरे और तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल की मंजूरी मिल गई है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने ट्रायल की इजाजत दे दी है। ट्रायल से देश में बड़े पैमाने पर वैक्सीन के असर पता लगाया जा सकेगा। 16 सितंबर को रशियन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) और डॉ. रेड्डी के बीच भारत में स्पुतनिक-वी के ट्रायल और डिस्ट्रीब्यूशन को लेकर सहमति बनी थी।

बता दें कि हैदराबाद स्थित फार्मास्युटिकल फर्म ने 13 अक्टूबर को डीसीजीआई को दोबारा आवेदन दिया था और देश में रूसी कोरोना वैक्सीन स्पुतनिक-वी के दूसरे और तीसरे फेज के मानव परीक्षण एक साथ कराने की मंजूरी देने की मांग की थी। डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरी के को-चेयरमैन और एमडी जीवी प्रसाद ने एक बयान में कहा, 'यह एक महत्वपूर्ण विकास है, जो हमें भारत में क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने की इजाजत देता है। हम महामारी से निपटने के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी वैक्सीन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' इससे पहले आरडीआईएफ ने कहा था कि भारत में हैदराबाद की कंपनी डॉ. रेड्डी को वैक्सीन की 10 करोड़ खुराक सप्लाई की जाएगी। स्पुतनिक वैक्सीन एडिनोवायरल वेक्टर प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जिसका कोरोना वायरस महामारी से बचाव के लिए ट्रायल जारी है। साथ ही कहा था कि भारत में वैक्सीन के सफल परीक्षण और रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद डिलीवरी 2020 के अंत में शुरू हो सकती है। स्पुतनिक वी वैक्सीन को रशियन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड और गमालेया साइंटिफिक रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ एपिडेमोलॉजी ने मिलकर तैयार की है। 11 अगस्त को इसका रजिस्ट्रेशन किया गया था।

### 2020 के अंत तक हो सकती है वैक्सीन की डिलीवरी




**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 36.00°C
न्यूनतम 23.09°C




भुखमरी सूचकांक 2020 जारी होने के बाद कांग्रेस का सरकार पर निशाना

# गरीब है भूखा, खास मित्रों की भरी जा रही जेब : राहुल

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) में भारत के अपने कई पड़ोसी देशों से पीछे रहने को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार अपने कुछ खास मित्रों की जेब भरने में लगी हुई है, जिस कारण देश का गरीब भूखा है। राहुल की यह टिप्पणी ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी होने के बाद सामने आई हैं।

उन्होंने भूख सूचकांक से संबंधित एक ग्राफ शेयर करते हुए ट्वीट किया, भारत का गरीब भूखा है क्योंकि सरकार सिर्फ अपने कुछ खास मित्रों की जेब भरने में लगी है। खबरों में कहा गया है कि वैश्विक भूख सूचकांक 2020 के मुताबिक, दुनिया भर में भारत का 94वां स्थान है, जबकि इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नेपाल और बंग्लादेश इसकी तुलना में कहीं बेहतर पायदान पर हैं।



| देश | रैंक |
|---|---|
| श्रीलंका | 64 |
| म्यांमार | 78 |
| इंडोनेशिया | 70 |
| नेपाल | 73 |
| बांग्लादेश | 75 |
| पाकिस्तान | 88 |
| **भारत** | **94** |

### भुखमरी में पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत से बेहतर

107 देशों के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत इस साल 94वें नंबर के साथ सीरियस कैटेगरी में रहा है। इस लिस्ट में भारत कई सारे पड़ोसी देशों से भी पीछे चल रहा है। इन देशों में नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 27.2 के स्कोर के साथ भारत भूख के मामले में 'गंभीर' स्थिति में है। पिछली बार 117 देशों में भारत की रैंकिंग 102 थी। खास बात यह है कि भारत की रैंकिंग में सुधार हुआ है, लेकिन कुल देशों की संख्या भी घटी है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स ने शुक्रवार को यह रिपोर्ट जारी की, जो शनिवार को सामने आई। एक्सपर्ट्स का कहना है कि कुपोषण (मैल्नूट्रिशन) से निपटने में ढीले रवैए और बड़े राज्यों की खराब परफॉर्मेंस जैसी वजहों से भारत की रैंकिंग नीचे रही है।

### चार पैमानों पर देशों को परखता है ग्लोबल हंगर इंडेक्स

### 14 फीसद जनसंख्या कुपोषण का शिकार

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की करीब 14 फीसदी जनसंख्या कुपोषण का शिकार है। वहीं भारत के बच्चों में स्टंटिंग रेट 37.4 फीसदी है। दरअसल, स्टन्ड बच्चे वो होते हैं, जिनकी लंबाई उनकी उम्र की तुलना में कम होती है और जिनमें भयानक कुपोषण दिखता है। बता दें कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट में पाकिस्तान 88वें, नेपाल 73वें, बांग्लादेश 75वें, इंडोनेशिया 70वें, श्रीलंका 64वें, म्यांमार 78वें पायदान पर है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स चार पैमानों पर देशों को परखता है। ये चार पैमाने कुपोषण, शिशु मृत्यु दर, चाइल्ड वेस्टिंग और बच्चों की वृद्धि में रोक हैं।

## रुद्रनाथ मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए बंद किया गया

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के पंच केदार तीर्थयात्रा क्षेत्र के तहत आने वाले रुद्रनाथ मंदिर के कपाट सर्दियों के मौसम के मद्देनजर शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। इस मौसम के दौरान यहां बर्फबारी होती है। मंदिर के मुख्य पुजारी वेद प्रकाश ने बताया कि पुजारियों ने सुबह ब्रह्म मुहूर्त (शुभ मुहूर्त) पर पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक किया और विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि देवता की प्रतीकात्मक छवि को तब गोपालेश्वर के गोपीनाथ मंदिर में फूलों से सजी पालकी में ले जाया गया, जहां शीतकाल के दौरान उनकी पूजा की जाएगी।

## क्विक न्यूज

**आज के मैच**
मुंबई इंडियन्स vs किंग्स इलेवन पंजाब
कोलकाता नाइट राइडर्स vs सनराइजर्स हैदराबाद

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर सात विकेट से जीता



**दुबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट से जीत हासिल की।

● विस्तृत खबर पेज-11

### कोरोना मीटर

| विश्व | |
|---|---|
| कुल | 39,444,960 |
| मौतें | 1,106,221 |
| ठीक | 27,137,280 |
| **भारत** | |
| कुल | 74,75,665 |
| मौतें | 113,578 |
| ठीक | 65,74,575 |

स्रोतः www.covid19india.org

### केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला का कार्यकाल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला का कार्यकाल बढ़ा कर 22 अगस्त 2021 तक कर दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में शनिवार को यह बताया गया है। भल्ला 1984 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के असम-मेघालय कैडर के अधिकारी हैं। उन्हें अगस्त 2019 में गृह सचिव नियुक्त किया गया था।

### कंगना और बहन रंगोली के खिलाफ मुंबई पुलिस ने की एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** बांद्रा कोर्ट के आदेश के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत और उनकी बहन रंगोली के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। उन पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप है। अदालत में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें कंगना के ट्वीट को भड़काऊ बताते हुए उन पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। बांद्रा कोर्ट में इस याचिका को मुन्ना वराली और साहिल अशरफ सैयद ने दायिर की है।

**मिथुन चक्रवर्ती के बेटे के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्जः** मुंबई। मुंबई पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की पत्नी योगिता बाली और बेटे महाअक्षय के खिलाफ बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

नए रूप में दिखेगा परिवहन विभाग

## सीएम ने बदली वर्षों पुरानी कार्यप्रणाली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

- बॉडी कैमरे लगाकर ड्यूटी करेंगे आरटीए इंस्पेक्टर
- हरियाणा की सड़कों पर लगेंगे पोर्टलेबल धर्मकांटे
- छह जिलों में इंस्पेक्शन और सर्टिफिकेशन सेंटर
- 11 जिलों में आटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने ऐलान किया है कि अब भविष्य में ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी विशेष रूप से इंस्पेक्टर बॉडी कैमरा लगाकर ड्यूटी करेंगे, जिससे वह किसी तरह का लेनदेन नहीं कर सकेंगे। ड्यूटी के दौरान न तो कैमरे की लोकेशन बदली जाएगी और न ही उसे बंद किया जाएगा। यह कैमरा सीधे मुख्यालय के साथ अटैच होगा।

शनिवार को हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा कि अब बिना अथॉरिटी को सूचित किए चैकिंग भी नहीं हो सकेगी। सैटिंग करके ओवरलोड वाहनों को छोड़ने के मामलों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। बॉडी कैमरे में वीडियो के साथ-साथ आडियो भी होगी। ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से सरकार ने सड़कों पर 'आटोमैटिक प्रोटेबल स्केल' सड़कों पर लगाने का फैसला लिया है। परिवहन विभाग द्वारा ऐसे 45 स्केल खरीदे भी जा चुके हैं। एक ईंच से भी कम ऊंचाई वाले ये स्केल सड़क के बीचों-बीच बिछा दिए जाएंगे। वाहन चालक जब इसके ऊपर से गुजरेगा तो रोड के साइड में लगे स्केल पर उसका वजन डिस्पले हो जाएगा।

सीएम ने कहा कि सरकार ने 150 करोड़ की लागत से अंबाला, गुरुग्राम, फरीदाबाद, करनाल, रेवाड़ी व हिसार में भी गाड़ियों का फिटनेस चेकअप इलेक्ट्रॉनिक तरीके से करने के लिए सेंटर स्थापित करने का फैसला लिया है। अगले एक साल में ये सेंटर शुरू कर दिए जाएंगे। अनफिट वाहनों को फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं मिलेंगे।

### कोरोना काल में बढ़ गया रोडवेज का घाटा

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने स्वीकार किया है कि कोरोना के कारण रोडवेज के घाटे में वृद्धि हुई है। इस समय रोडवेज को वित्तीय संकट से उबारने के लिए कई योजनाएं शुरू करने की जरूरत है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि वह रोडवेज की हालत में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करें। मूलचंद शर्मा ने बताया कि कोरोना के कारण मार्च माह से बसों का आवागमन बंद है। अनलॉक-4 व 5 में बसों को दोबारा तो शुरू किया गया, लेकिन पहले की तरह यात्री नहीं आ रहे हैं। शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा अंतरराज्जीय बसों को दोबारा शुरू किया जा रहा है।



Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, रविवार, 18 अक्टूबर 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

## -राइट विजन-

# दूसरों की सुरक्षा के लिए कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करें : डॉ. महाजन

बेशक अनलॉक चल रहा है, लेकिन कोरोना वायरस का खतरा अभी कम नहीं हुआ है। वैसे भी सभी के पास वैक्सीन पहुंचने में अभी काफी समय लग सकता है। आने वाली सर्दियों में कोरोना वायरस एक बार फिर अपना प्रकोप दिखा सकता है। इसलिए कोरोना से बचाव के नियमों के प्रति बरती जाने वाली लापरवाही काफी खतरनाक साबित हो सकती है। कोरोना से बचाव में कारगर मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियमों का पालन सभी को करना होगा। सरकार द्वारा बताए गए नियमों को हमें आदत बना लेनी चाहिए। यह कहना है क्यूआरजी हेल्थ सिटी हॉस्पीटल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ लोकेश महाजन का। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. लोकेश महाजन की बातचीत के अंश :-**



### जीवन परिचय

| | |
|---|---|
| नाम | : डॉ लोकेश महाजन |
| जन्मदिन | : 25 सितंबर 1976 |
| पिता | : मदन लाल महाजन |
| माता | : अविनाश महाजन |
| पत्नी | : मधुलिका महाजन |
| परिवार | : बेटी प्रणति व बेटा उदित |
| स्कूल | : 12 वीं - साउथ देहली स्कूल, दिल्ली |
| उच्चशिक्षा | : एमबीबीएस, एमडी, दिल्ली यूनिवर्सिटी |
| रूचि | : फोटोग्राफी |

● **सवाल : आपने किसकी प्रेरणा से डाक्टरी का पेशा अपनाया।**

**जवाब** : मेरे बड़े भाई संजीव महाजन डाक्टर है। उन्हें देखकर मैंने भी डाक्टर बनने का फैसला लिया था। उनके मार्ग दर्शन और प्रेरणा से मैंने डाक्टर का पेशा अपनाया। क्योंकि इस पेशे में दूसरे की मदद तो कर ही सकते हैं, साथ ही सम्मान भी मिलता है।

● **सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेते थे।**

**जवाब** : स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई के दौरान मैं बॉस्केट बॉल का खिलाड़ी रहा हूं। कालेज स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भी मैंने हिस्सा लिया है।

● **सवाल : शिक्षा के बाद आपने कॅरियर की शुरूआत कैसे की।**

**जवाब** : एमडी करने के बाद वर्ष 2002 में सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली ज्वाइन किया था।

● **सवाल : इस दौरान आपने कहां-कहां अपनी सेवाएं दीं।**

**जवाब** : वर्ष 2005 में मैंने सर्वोदय अस्पताल सेक्टर 19 ज्वाइन किया था। जहां करीब 12 साल काम करने के बाद वर्ष 2016 में मैं क्यूआरजी हेल्थ सिटी, सेक्टर 16 में आ गया और वर्तमान में यहीं कार्यरत हूं।

● **सवाल : बच्चों को कोरोना से वास्तव में कितना खतरा है।**

**जवाब** : वैसे तो यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्ति को नुकसान पहुंचा सकती है। लेकिन आमतौर पर देखा जा रहा है कि यह बच्चों पर अपना प्रभाव नहीं दिखा पा रही है। इस दौरान मैने करीब पांच दर्जन कोरोना पीड़ित बच्चों को देखा था। इनमें से करीब 95 प्रतिशत बच्चे घर में रहकर ही ठीक हो गए थे। शेष बच्चों को अन्य बीमारियां होने की वजह से उन्हें अस्पताल में दाखिल करना पड़ा था।

● **सवाल : कोरोनाकाल में क्या बच्चे अन्य बीमारियां का शिकार भी हो रहे थे।**

**जवाब** : आम दिनों के मुकाबले लॉकडाउन में बच्चे कम बीमार हुए हैं। जहां पहले प्रतिदिन 50 मरीज आते थे, जो कम होकर करीब 15 रह गए है। घर में रहने और बाहर की चीजें न खाने की वजह से इस दौरान बच्चे कम बीमार हो रहे हैं।

● **सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपने कैसे लोगों की मदद की।**

**जवाब** : लॉकडाउन के दौरान हम फोन के माध्यम से बच्चों का इलाज कर रहे थे। उस दौरान हमने और सोसायटी के निवासियों ने मिलकर जरूरतमंदों को भोजन और कपड़े वितरित किए। सेवा के काम में जुटी संस्थाओं को राशन भी उपलब्ध करवाया था।

● **सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब** : अब लोग जानबूझ कर भी अंजान बनते हुए लापरवाही बरत रहे है। जो आने वाले समय में हमें मुश्किल में डाल सकती है। यदि हम सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करते हुए अपने जरूरी काम करेंगे तो पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे।

● **सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को आप क्या संदेश देना चाहते हैं।**

**जवाब** : अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है।

● **सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब** : सही समय पर सही कदम था। इसलिए आज देश में स्थिति नियंत्रण में है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेएमडी ने 27 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** सेक्टर-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी में एसपीएल-तीन का छठे दिन का मैच खेला गया। इसमें दिल्ली एनसीआर की 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह मैच शनिवार को जेएमडी टाईगर्स और फ्लाईमेक्स इलेवन के बीच खेला गया। इस बारे में कोच उदीत मोहन ने बताया कि यह मैच में जेएमडी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 27 रन से मैच जीत लिया। जिसमें बल्लेबाज पंकज ने 43 गेंदों पर 10 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 95 रन बनाए। वहीं हिमांशु चौधरी ने 44 गेंदों पर 7 चौक्कों और छह छक्कों की मदद से 89 रन बनाए। वहीं फ्लाईमेक्स इलेवन के गेंदबाज वारिश खा और कबीर ने 2-2 विकेट लिये। सार्थक, ताम्बी और मोहित ने 1-1 विकेट लिया। जेएमडी टाईमर्स ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 239 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 विकट खोकर 212 रन बनाकर सिमट गई। जिसमें बल्लेबाजी करते हुए अस्तित्व गौड ने 31 गेंदों पर 4 चौके 5 छक्को की मदद से 57 रन बनाये। जोकी उनकी टीम में सर्वाधिक रन थे। अंत में मैच पंकज को मैन ऑफ द मैच का ख़िताब मिला। हिमांशु चौधरी बेस्ट बैट्समैन का ख़िताब दिया गया। वहीं कबीर बेस्ट बॉलर के खिताब से नवाजा गया।

### रॉयल स्ट्राइकर ने 126 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** 14 वें रविंद्र फागना संडे कॉरपोरेट क्रिकेट मैच में रॉयल स्ट्राइकर ने ऑल राउण्डर क्लब (फरीदाबाद) को 126 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 20 -20 ओवर का था। ये मैच रॉयल स्ट्राइकर और ऑल राउण्डर क्लब के साथ खेला गया। रॉयल स्ट्राइकर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्यण लिया। रॉयल स्ट्राइकर टीम की ओर बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 240 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए निर्वाण अत्रि ने 70 रन, आज़म खान ने 64 रन, नितिन शर्मा ने 37 रन बनाए। ऑल राउण्डर क्लब की और से गेंदबाजी करते हुए कपिल कुमार, विकास झा और कपिल वर्मा ने 1-1 विकेट लिए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑल राउण्डर क्लब की टीम को 16.5 ओवर 10 विकेट पर 114 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए अंकित ने 46 रन, विकास झा ने 13 रन और कपिल वर्मा ने 12 रन बनाए। रॉयल स्ट्राइकर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमन भार्गव ने 3 रन, सोनू डागर, संजीव शर्मा और रवि तेवतिया ने 2-2 विकेट और आज़म खान ने 1 विकेट लिया। अमनदीप एंपायर रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के द्वारा आज़म खान (रॉयल स्ट्राइकर) को मेन ऑफ़ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

### रॉयल ने 101 रन से जीता दूसरा मैच



**फरीदाबाद।** 14 वें रविंद्र फागना संडे कॉरपोरेट क्रिकेट मैच मे रॉयल स्ट्राइकर ने आरपीएस सवाना टाइगर को 101 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 20 -20 ओवर का था। ये मैच रॉयल स्ट्राइकर और आरपीएस सवाना टाइगर के साथ खेला गया। रॉयल स्ट्राइकर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्यण लिया। रॉयल स्ट्राइकर टीम की ओर बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 204 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए आज़म खान ने 70 रन, प्रवीन ने 68 रन, आशीष शर्मा ने 23 रन बनाए। आरपीएस सवाना टाइगर की और से गेंदबाजी करते हुए सुमित भारद्वाज ने 2 विकेट, आशीष लोहिया, सैंडी दलाल ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरपीएस सवाना टाइगर की टीम को 15.4 ओवर 10 विकेट पर 103 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए देव खारे ने 49 रन, सुनील महेलावत ने 19 रन और सुमित भारद्वाज ने 8 रन बनाए। रॉयल स्ट्राइकर की ओर से गेंदबाजी करते हुए संजीव शर्मा और निर्वाण अत्रि ने 3-3 विकेट, अमन भार्गव, सोनू डागर और प्रवीन ने 1-1 विकेट लिए। योगेश एंपायर रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के द्वारा आज़म खान (रॉयल स्ट्राइकर) को मेन ऑफ़ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 35.03 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 22.02 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- एनएच-5 में श्रीराम मंदिर में थैलेसीमिया जांच शिविर: सुबह 10 बजे
- मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे भगत सिंह कालोनी में सड़क का उद्घाटन: सुबह 10 बजे
- एकलव्य क्रिकेट क्लब और सबाना टाइगर क्रिकेट क्लब के बीच क्रिकेट मैच: सुबह 10 बजे
- रॉयल स्ट्राईकर्स क्रिकेट क्लब और बीसीएल क्रिकेट क्लब के बीच मैच: दोपहर 1 बजे
- नवरात्रों को लेकर शहर के मंदिरों में मां के द्वितीय स्वरूप की पूजा: सुबह 8 बजे
- एनएच-एक स्थित संतभगत सिंह चेरिटेबल ट्रस्ट में रक्तदान शिविर का आयोजन : सुबह 10 बजे

### निवेश गुरु

**अल्पकालिक निवेश**

एक वर्ष या उससे कम समय के लिए किए गए निवेश को अल्पकालिक निवेश कहते हैं। इस तरह के निवेश से भी कमाई की जा सकती है। आप जानते हैं कि बूंद-बूंद से घड़ा भर जाता है। उसी प्रकार छोटी-छोटी कमाई से भी हमारा निवेश बड़ा हो जाता है। मान लीजिए कि आप हर महीने कुछ पैसों का बचत कर रहे हैं और आपके पास अभी इतने पैसे जमा नहीं हुआ है कि आप एक बार में बड़ा प्रॉपर्टी खरीद सकें।

### यूटीलिटी न्यूज

**नशीले पदार्थों को विद्युतीय भट्टी में किया नष्ट**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त फरीदाबाद ओपी सिंह व कमिश्नरेट के अन्य उच्चाधिकारियों और जनता के 2 मौजिज व्यक्तियों की उपस्थिति में फरीदाबाद के पुलिस थानों द्वारा पकडे गए नशीले पदार्थों को फरीदाबाद के गांव जसाना स्थित मेडिकल वेस्ट की विद्युतीय भट्टी में डालकर नष्ट किया गया। पुलिस कमिश्नरेट फरीदाबाद के 14 पुलिस थानों द्वारा पकड़े गए नशीले पदार्थों जिसमे 197.747 किलोग्राम गांजा, 4.065 किलोग्राम चरस, 86.8 ग्राम स्मैक, 50.87 ग्राम हेरोइन, 4.540 किलोग्राम पॉपी हस्क शामिल था को विद्युतीय भट्टी में डालकर नष्ट कर दिया गया। सीपी ने कहा कि नशीले पदार्थ व्यक्ति में राक्षस प्रवृति पैदा करने वाले तमोगुणी पदार्थ है। जिस मात्रा में नशीले पदार्थ पकडे जा रहे हैं, उसको देखते हुए लगता है कि लोग बड़ी संख्या में इसका प्रयोग करते है।

### क्विक न्यूज

**डेंगू 4, मलेरिया 9 पर पहुंचा**

फरीदाबाद। जिले में डेंगू व मलेरिया के मामले सर्दी की शुरूआत होते ही बढ़ने लगे है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के 4 और मलेरिया के 9 मामलों की पुष्टि की है। जिले में कोरोना के बीच डेंगू व मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। क्योंकि डेंगू व मलेरिया में बुखार होता है, ऐसे में कोरोना व डेंगू और मलेरिया के मरीजों की पहचान करना मुश्किल है। ऐसे में बुखार के आने वाले सभी मरीजों की डेंगू व मलेरिया की जांच की जा रही है।

# दो अधिकारी तैनात, फिर भी जन स्वास्थ्य से खिलवाड़

## कई जिलों के चार्ज के बहाने दीवाली पूर्व फूड सेफ्टी आफिसर उड़ा रहे मौज

**बड़ी मात्रा में बिक रही शहर में मिलावटी मिठाईयां**

कविता। फरीदाबाद



सिटी इश्यू

**जिला** खाद्य सुरक्षा प्राधिकारी में दो अधिकारी तैनात हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर के लोगों का स्वास्थ्य भगवान भरोसे है, क्योंकि दोनों अधिकारियों के पास फरीदाबाद के अलावा अन्य जिलों का भी चार्ज है। ऐसे में अधिकारी सैम्पल लेने के बजाय कई जिलों के चार्ज का बहाना बना कर खानापूर्ति कर रहे हैं। जिस कारण जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थो का व्यापार बढ़ गया है। प्राधिकरण ने मिठाईयों के मात्र दो ही सैम्पल जांच के लिए भरे हैं।

**यह हैं अधिकारी**

जिला खाद्य सुरक्षा प्राधिकार कार्यालय में डेजीग्नेटिड ऑफिसर की पोस्ट पर एनडी शर्मा और फूड सेफ्टी अधिकारी की पोस्ट पर संदीप चौधरी है। जिसमें एनडी शर्मा के पास फरीदाबाद, पलवल, मेवात, गुरूग्राम, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, नारनौल का चार्ज है, तो वहीं संदीप चौधरी के पास फरीदाबाद के साथ पलवल का चार्ज भी है।

**दो सैम्पल से की खानापूर्ति**

नवरात्रों की शुरूआत को देखते हुए पायनियर द्वारा शुक्रवार को दोनों अधिकारियों से बात की गई, तो पता चला कि एनडी शर्मा घर पर हैं। सैम्पल लेने के निर्देश संदीप चौधरी को दिए हैं। जिस पर संदीप चौधरी को फोन किया गया, तो उन्होंने कहा कि कार्यालय का नम्बर नहीं है, यह मेरा पर्सनल नम्बर है, आप कार्यालय में आकर बात करें। वहीं कार्यालय से पता चला कि वह पलवल में हैं, जबकि 13 अक्टूबर को खानापूर्ति और कागजी कार्यवाही को बढ़ावा देने के लिए मात्र दो सैम्पल लिए गए। वह भी जवाहर कालोनी और उसके निकट स्थित एक बाजार से कोकोनेट बर्फी और रसगुल्ले का सैम्पल जांच को भरा था।

### बढ़ रहे मिलावटखोर

जहां एक तरफ जिले में कोरोना महामारी से लोग जुझ रहे हैं। वहीं जिले में त्योहारी सीजन पर मिलावटी मिठाइयों का कारोबार बढ़ रहा है। मिठाई विक्रेता थोड़े से लालच के चक्कर में लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं। जिला खाद्य सुरक्षा प्राधिकारी अधिकारियों की लापरवाही से अब खुलेआम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ मिलावटखोर व्यापारी कर रहे हैं। जिसका खुलासा एक शिकायत पर सीएम फ्लाईंग के द्वारा किया गया था। जिसमें उन्होंने बल्लभगढ़ के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी करके 5263 किलो मिलावटी देशी घी पकड़ा था। जोकि 100 से 120 रुपये किलो में बिक रहा था। कुछ घी नामचीन कम्पनी के डिब्बों में बंद करके बेचा जा रहा था।

### अनिवार्य है रजिस्ट्रेशन

**जिला** खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण की तरफ से खाने पीने में इस्तेमाल होने वाली प्रत्येक वस्तु से जुड़े व्यवसायियों के लिए अपने संस्थान का रजिस्ट्रेशन करवा कर लाइसेंस बनवाना अनिवार्य किया गया। जबकि शहर में अभी भी हजारों खाद्य पदार्थ विक्रेता ऐसे हैं, जिन्होंने रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस नहीं बनवाया है। जबकि रजिस्ट्रेशन तथा लाइसेन्स सभी विक्रेताओं के लिए जरूरी होता है। जिस खाद्य विक्रेता के पास लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन नहीं होता उसको खाद्य पदार्थों की सप्लाई नहीं कर सकता। यह सभी छोटे तथा बड़े सभी खाद्य विक्रेताओं के लिए अनिवार्य होता है। जो खाद्य विक्रेता अपनी दुकान, होटल, रेहड़ी का रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस नहीं बनवाते, उसके खिलाफ जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण के द्वारा उचित कार्रवाई की जाती है। इस कार्रवाई में व्यापारी पर जुर्माना और सजा दोनों ही हो सकते हैं।

### बिक रहीं मिलावटी मिठाईयां

खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण की तरफ से लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए हर खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग की जाती है लेकिन इस बार जिले में तैनात अधिकारी विभिन्न जिलों के चार्ज होने के कारण यहां वहां ड्यूटी बताकर अपने कार्य से बच रहे है। वहीं दूसरी तरफ लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के लिए मिठाई विक्रेताओं ने अपना काम करना शुरू कर दिया है। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले मिलावट खोर खाद्य पदार्थ विक्रेता इस बार धडल्ले से मिठाईयां बनाकर बेचने में लगे हुए है।

### किसी का दखल नहीं

फूड सेफ्टी प्राधिकरण में जब से डेजीग्नेटिड ऑफिसर की पोस्ट आई है, तब से यहां जिला स्वास्थ्य विभाग की दखलादांजी नही हो रही है। ऐसे में जहां पहले स्वास्थ्य डिस्पेंसरियों व सिविल अस्पतालों के एसएमओं सैम्पल ले रहे थे, वह भी अब नहीं ले सकते। इसके लिए डेजीग्नेटिड अधिकारी के हस्ताक्षर वाली पेपर सिलिप लेनी होती है। जिस कारण से पिछले डेढ़ साल से सैम्पलिंग का कार्य न के बराबर चल रहा है।

### एफएसएसएआई का मार्क

रोहतक में डेजीग्नेटीड ऑफिसर के पद पर पदोन्नत होकर तैनात हुए पृथ्वी सिंह ने कहा कि खाद्य पदार्थों में एफएसएसएआई का मार्क जरूर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता के लिए एफएसएसएआई किसी भी भोजन में इस्तेमाल होने वाले रसायनिक, पोषक, भोजन के रंग, महक, आकार इत्यादी की जांच करता है। जांच में सही पाए जाने के बाद ही उसे विक्रेताओं द्वारा बाजार में बेचा जाता है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत एफएसएसएआई निश्चित रूप से खाने में मिलावट पर नियंत्रण करने का कार्य करता है और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है।



फोटो : राजेश पुंजानी

# हरियाणा के हर गांव में बनेगा यूथ क्लब

## समाज सेवा की भावना वाले युवा होंगे शामिल

**प्रत्येक गांव में 10-15 युवा सदस्य वाले एक-एक युवा क्लब की स्थापना जल्द से जल्द किये जाने के दिये गए निर्देश**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** खेल एवं युवा मामले के विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला खेल अधिकारियों को प्रत्येक गांव में 10-15 युवा सदस्य वाले एक-एक युवा क्लब की स्थापना जल्द से जल्द किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। इस संबंध में खेल एवं युवा मामले विभाग के प्रधान सचिव योगेंद्र चौधरी के द्वारा सभी जिला खेल अधिकारियों को पत्र जारी किए जा चुके है। इसी के साथ जिले के अधिकारी अपने सहयोगी अधिकारियों के सहयोग से इस कार्य में लग चुके है। इसी कड़ी में आज फरीदाबाद स्थित ग्रामपंचायत अटाली में नौ गांव (अटाली, करौली, अरुआ, जुन्हैड़ा, फज्जूपुर, मोठूका, मोहना, छायसा, चांदपुर) के युवाओं के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन फुटबॉल कोच कुलदीप सिंह के सहयोग से राजीव गांधी खेल परिसर अटाली में किया गया। जिसमें नव निर्मित युवा मंडलो की मीटिंग ली गई एवं प्रत्येक गांव से आये युवाओं को युवा क्लब से जुड़ी जानकारी दी गई।

जिला खेल अधिकारी रमेश वर्मा ने 11 पौधे लगये व कोरोना महामारी के बचाव के बारे में जानकारी देते हुए जज्बा फाउंडेशन के सहयोग से सैनिटाइजर देने का कार्य किया। युवाओं को सम्भोदित करते हुए वर्मा जी ने बताया की प्रदेश सरकार एवं प्रसाशन लगतार युवाओं को खेल में आगे बढ़ने को लेकर कार्य कर रहा है और युवाओं के सुझावों पर भी कार्य करने के लिए अग्रसर है ताकि हरियाणा खेलों के क्षेत्र में अपना परचम यू ही लहराता रहे।

इस अवसर पर जिला समन्वयक अधिकारी सुनीता ने युवाओं को जानकारी देते हुए बतया कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि जिला के प्रत्येक गांव मे एक संगठित युवा संगठन अति आवश्यक है जिसमें गांव के हर कोने से हर वर्ग से उन युवक/युवतियों का चयन किया जाए जिनमें समाज सेवा की भावना कूट-कूट कर भरी हो और अपने गांव अपने जिले और अपने राज्य व जरूरत पड़े तो राष्ट्रीय स्तर पर भी समाजसेवा प्रदान कर सके। इस अवसर पर राज्य स्तारिये सर्व श्रेष्ट युवा एवं जज्बा फाउंडेशन अध्यक्ष हिमांशु भट्ट ने जानकारी देते हुए बतया की कहा कि युवा क्लब युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देते हुए सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकारण तथा दहेज प्रथा, एचआईवी एड्स, ड्रग्स व अन्य सामाजिक बुराईयों बारे जागरूकता अभियान चलाकर समाज को जागृत करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं,

स्लेजहैमर समूह की एक और बड़ी पहल

फ्री एम्बुलेंस सेवा



इस सेवा का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय लोगों को दिया जा रहा है।

जरूरतमंद फ्री एम्बुलेंस के लिए फोन करें।

9899885190

9899882050

SledgeHammer COMMITMENT TOWARDS PERFECTION.... | ।। सर्वम् शिक्षम् ।। SLEDGEHAMMER FOUNDATION | SLEDGEHAMMER CRICKET ACADEMY Run . Play . Learn . Live | पायनियर

## संक्षिप्त खबरें

### खुद के हुनर को पहचानकर अपना लक्ष्य निर्धारित करें : सीपी



**फरीदाबाद।** सेक्टर-21 फरीदाबाद स्थित श्रीराम मॉडल स्कूल की अध्यक्ष डॉ. अमृता ज्योति व विभागाध्यक्ष अशोक शर्मा ने स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं की एक संगोष्ठी को संबोधित किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा कहा गया कि हमें दूसरों जैसा बनने की कोशिश नहीं करनी चाहिए इसकी बजाय हर व्यक्ति में कोई ना कोई खास खूबी होती है, उसको पहचान कर उसी के मुताबिक अपना करियर तय करना चाहिए। उसी से हम जीवन में कामयाब होते हैं तथा खुश रहते हैं। हमें उसी काम या नौकरी को करना चाहिए जिसको करने में हमें खुशी मिले और हमारी आजीविका भी चलती रहे। हमें किसी काम को छोटा या बड़ा नहीं समझना चाहिए, इसी में हमारे जीवन की सार्थकता है। इसके अतिरिक्त हमें अपनी समस्याओं का समाधान खुद खोजना चाहिए। कंप्यूटर के इस युग में इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त सूचना और ज्ञान में फर्क समझना चाहिए। हर सूचना ज्ञान नहीं होती। कुछ सूचनाओं के प्रसार से लोग अपना मतलब हल करने का स्वार्थ भी रखते हैं।

### एसपीओ पर लगा दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित पुलिस चौकी में तैनात एसपीओ पर एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया है। पुलिस ने एनआईटी महिला थाने में एसपीओ के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जिस पर पुलिस ने एसपीओ को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक एक एसपीओ एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया है। महिला ने आपने आरोप में कहा है कि करीब एक सप्ताह पहले ही महिला से एसपीओ की दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। शुक्रवार रात एसपीओ उसके घर पहुंचा। उसने नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ बलात्कार कर दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि महिला का 16 वर्ष का बेटा है। वह यहां पति और बेटे के साथ रहती है। पुलिस को यह भी पता चला है कि शुक्रवार रात बेटा और पति भी महिला के घर पर ही मौजूद थे। ऐसे में दुष्कर्म का आरोप संदिग्ध लग रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में गहनता से जांच की जरूरत है। फिलहाल एसपीओ को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

### बैंक बंद, कर्मी पॉजिटिव

**फरीदाबाद।** नीलम चौक स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा शनिवार को बंद रही। जिससे यहां आए लोगों को परेशानियां उठाकर वापस लौटना पड़ा। सूत्रों की माने तो बैंक में तैनात एक कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव हो गया। जिस पर बैंक को बंद कर दिया। जानकारी के मुताबिक बैंक सुबह 10 बजे खुल गया था लेकिन जैसे ही कर्मचारी की रिपोर्ट पाजिटिव आई, उसी समय सभी लोगों को बाहर निकाल कर बैंक को बंद कर दिया गया। जिससे बैंक में अपने काम से आए उपभोक्ताओं को परेशानी भी हुई। लेकिन उन्हें यह नहीं बताया गया कि अब यह सोमवार को बैंक खुलेगा या नहीं।

### मिराकल सोसायटी को भेंट किया टीवी

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल ने नवरात्रि के शुभारंभ मौके पर मिराकल चेरिटेबल सोसायटी को 40 इंची एलईडी टीवी भेंट किया। यह टीवी रोटेरियन प्रेम अमर व इनरविहल क्लब की संस्थापक अध्यक्षा अनीता अमर द्वारा उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय है कि मिराकल चेरिटेबल सोसायटी बेसहारा व अनाथ बच्चों की देखरेख का कार्य करती है, जहां काफी बच्चे आश्रय पाये हुए हैं। इन्हीं के मनोरंजन के लिए रोटरी क्लब ने एलईडी भेंट किया। इस मौके पर बच्चों में चॉकलेट वितरित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक गवर्नर रोटेरियन तजिन्दर भारद्वाज ने की। इस मौके पर रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल के प्रधान रोटेरियन जगदीश सहदेव ने बताया कि उनका क्लब समाज उत्थान के लिए समय-समय पर अनेक कार्य करता रहता है, इसी कड़ी में उपरोक्त संस्था को एलईडी टीवी भेंट किया ताकि यहां रह रहे बच्चों को बड़ी स्क्रिन पर टीवी देखने का आनंद प्राप्त हो सके। सहदेव ने प्रेम अमर व अनीता अमर का उक्त टीवी उपलब्ध कराने पर विशेष आभार व्यक्त किया।

### शहर को जल्द ही दूसरा प्लाज्मा बैंक मिलेगा : विकास

**फरीदाबाद।** कोरोना मरीजों की मदद करने के लिए उपायुक्त यशपाल की पहल पर ईएसआई मेडिकल कॉलेज फरीदाबाद में स्थापित प्लाज्मा बैंक के अलावा संत भगत सिंह चैरिटेबल ब्लड बैंक फरीदाबाद में भी प्लाज्मा बैंक शुरू किया जाना प्रस्तावित है इस सम्बंध में रेडक्रॉस भवन फरीदाबाद में बैठक का आयोजन रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें विभिन्न कार्य पर चर्चा हुई जिसे प्लाज्मा बैंक को सुचारू रूप से चलाया जा सके। लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। जिसके लिए मुख्य रूप से प्लाज्मा कोऑर्डिनेटर के रूप के रूप में बिजेंद्र सोरौत व विमल खंडेलवाल को जिम्मेदारी प्रदान की गई, इनका विशेष रूप से यह कार्य रहेगा कि समाज की सभी सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों को प्लाज्मा के प्रति जागरूक कर डोनेशन करवाने का कार्य रहेगा। प्लाज्मा कार्य में पारदर्शिता रहे इसके लिए एक कोर कमेटी का गठन करके व्हाट्सएपग्रुप भी बनाया गया है।

# सरकारी स्कूल: प्रोत्साहन राशि के अभाव में कम रही बच्चों की संख्या

**15 से 30 प्रतिशत स्कूली छात्रों को छात्रवृत्ति से रहना पड़ रहा वंचित**

कविता। फरीदाबाद



**मोदी** सरकार का बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से फीका पड़ रहा है, क्योंकि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या छात्रवृत्ति के अभाव में कम होने लगी है। इस बात का खुलासा आरटीआई एक्टीविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बहल ने किया है। उन्होंने इस संदर्भ में आरटीआई लगाई थी। जिससे मालूम हुआ कि स्कूली बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। जिले के करीब 15 से 30 प्रतिशत स्कूली छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित रहना पड़ रहा है। इसका खुलासा अजय बहल द्वारा 28 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी व मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लगाई गई आरटीआई से हुआ। आरटीआई में बड़ी बात यह सामने आई कि छात्रवृत्ति के अभाव में स्कूलों में लड़कियों की संख्या कम हो रही है। उन्होंने बताया कि आरटीआई में जिले के सभी छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति की जानकारी मांगी थी। अब जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय द्वारा आंशिक रूप से जानकारी उपलब्ध करवाई गई है जिसके अनुसार बहुत से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल सका है। इसका मूल कारण बैंक खाते का आधार से मेल न हो पाना बताया गया है। यह महत्वपूर्ण विषय है कि सरकार की नीति अनुसार बिना आधार संख्या के बच्चों को न तो किसी स्कूल में दाखिला दिया जाता है और न ही किसी भी नागरिक का बैंक खाता खोला जाता है, तो फिर आधार से खाता लिंक क्यों नहीं हुआ? जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अभी तक इस बारे में कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अपने कार्य में अनियमितता बरतने व अपीलकर्ता को समय पूर्वक सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध न करवाने के लिए पहले भी अनेकों बार राज्य सूचना आयोग द्वारा दंडित किया जा चुका है।

**छात्र हो रहे कम**

अजय बहल ने बताया कि सरकारी स्कूलों में गरीब तबके के छात्र पढ़ते है तो छात्रवृत्ति के माध्यम से पढ़ाई कर पाते है। लड़कियों के लिए छात्रवृत्ति में पैसा अधिक आता है। स्कूलों में लड़कियों की संख्या अधिक होती थी। लेकिन अब विद्यार्थियों के खातों में पैसे न आने के कारण अभिभावक स्कूल भेज नहीं रहे है। जिससे जिले के स्कूलों में छात्रों की संख्या कम हो रही है। वहीं युनिफार्म और अन्य खर्च के पैसे भी खातों में आधार लिंक न होने की वजह से नहीं डाले जा रहे हैं।

### लूट की कोशिश में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** चौकी दयालबाग की टीम ने लूट की कोशिश करने वाले दो आरपियों मनोज कुमार व इसतेयाक खान को दिनांक 15 अक्टूबर की रात को भरत विहार, दयालबाग से गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि 15 अक्टूबर की रात को चौकी दयालबाग की पीसीआर गस्त में थी जो गुप्त सूत्रों से पता चला की दो लोग रोड पर डंडा और रॉड से आती-जाती गाड़ियों को रुकवा कर लूटने की कोशिश कर रहे है। जिस सूचना पर पुलिस टीम भरत विहार शमशान घाट दयालबाग पर पहुंची वहां देखा कि दोनों आरोपी रोड पर जा रही गाड़ियों को रुकवाकर उन्हें लूटने की फिराक में थे कि उसने पहले ही उन्हें वहां से गिरफ्तार कर लिया गया।

# केक काटकर गणमान्य लोगों ने मनाया फरीदाबाद का 72वां स्थापना दिवस

**एनआईटी शहर, जोकि 30 हजार लोगों के लिए बसाया गया था और पांच हजार मकानों का किया गया था निर्माण**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एनआईटी** फरीदाबाद का 72वां स्थापना दिवस शनिवार को बन्नुवाल वेलफेयर एसोसिएशन व फ्रंटियर ह्युमिनिटी ग्रुप की ओर से 1-जे पार्क में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बडखल विधानसभा अध्यक्ष तेजवंत सिंह बिट्टू ने की। इस मौके पर तेजवंत सिंह बिट्टू ने कहा कि उनके पिता कल्याण सिंह व अन्य विभाजन की त्रासदी को झेलते हुए पाकिस्तान के फ्रंटियर स्थित बन्नू, कोहाट, मर्दान, पेशावर, दौड़, डेरावाल, डेरा इस्माइल खान, मुल्तान व डेरा गाजिखान आदि जिलों से उजडकर आए शरणार्थियों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू से दिल्ली के आसपास ही बसने का अनुरोध किया था, जबकि सरकार उन्हें राजस्थान के अलवर, भरतपुर जैसे जिलों में भेजने की इच्छुक थी। इसके विरोध में शरणार्थियों ने सत्याग्रह शुरू कर दिया। इसमें मुख्य रूप से सरकार कल्याण सिंह, कन्हैया लाल खट्टक, श्रीचंद खत्री, सुखराम सलार, अमीचंद दुआ, खामोश सरहदी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

उन्होंने बताया कि एनआईटी शहर जोकि 30 हजार लोगों के लिए बसाया गया था व पांच हजार मकानों का निर्माण किया गया था। इसके लिए सरकार ने पांच करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था, लेकिन हमारे मेहनतकश लोगों ने इसे आधे बजट में ही पूरा कर दिया। 17 अक्टूबर 1949 को सुबह 11 बजे तत्कालीन तालीमी संघ की संयुक्त सचिव आशा रानी के नेतृत्व में एनएच पांच स्थित आईटीआई के पास पहला फावड़ा चलाकर एनआईटी की नींव रखी। एनआईटी का नक्शा जर्मन आर्किटेक्ट निस्सन ने तैयार किया था व इसको आकार देने के लिए बनाए गए विकास बोर्ड देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद व योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एलसी जैन जैसे गणमान्य लोग शमिल थे। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए कहा कि एनआईटी की स्थापना में अहम किरदार निभाने वाले व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के विश्वसनीय खान अब्दुल गफ्फार खान के नाम से ही बीके अस्पताल का नाम रखा गया था जबकि वर्तमान सरकार ने इसका नाम बदलकर सिविल अस्पताल कर दिया। एनआईटी शहर में अब खान अब्दुल गफ्फार खान का न तो नाम बचा है और नहीं कोई निशानी है। ऐसे में मंच जल्द ही इसके विरोध में जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग करेंगे कि अस्पताल का नाम पुनः खान अब्दुल गफ्फार खान के नाम पर रखा जाए।

उन्होंने आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद किया व मंच की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में दिनेश भाटिया, राकेश भाटिया, सरदार उजागर सिंह रतड़ा, संजय भाटिया 1डी, सरदार सतपाल सिंह, संजय अरोड़ा, सुशील भाटिया, विनोद पंडित, भूपेंदर सिंह, कैलाश गुगलानी, अशोक, सुरेंद्रलाल चुघ, चुन्नीलाल चावला, लोकनाथ अदलक्खा, गुरबक्श मदान तथा संजीव ग्रोवर आदि गणमान्य जन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कोरोना: 159 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 22,507

**कोरोना पॉजिटिव 148 मरीजों ने कोरोना को मात दी**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार को कोरोना के 159 मामले सामने आए। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा जिले में 22,507 पर पहुंच गया। वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि कोरोना पॉजिटिव 148 मरीजों ने कोरोना को मात दे दी। जिससे जिले में रिकवरी रेट 95 प्रतिशत पर पहुंच गया।

**यहां से पॉजिटिव**

159 पॉजिटिव में सेक्टर-41, 25, 21, 64, 85, 86, 65, 75, 56, नेकपुर, अहीरवाड़ा, एनएच-एक, सेहतपुर, चार्मवुड, भूड कालोनी, अरावली टॉवर ओमेक्स हिल्स-एक, खेड़ीकलां, चावला कालोनी, नंगला इंक्लेव, शिव कालोनी, मवाई, बल्लभगढ़, इंदिरा इंक्लेव, राजीव कालोनी, मेवला महाराजपुर, प्रतापगढ़, कृष्णा कालोनी, पाली, तिलपत, ब्रावैली टॉवर हिल-दो, संजय इंक्लेव, से 1-1 मरीज है। सुरदास कालोनी, बसेलवा कालोनी, सेक्टर-82, एसजीएम नगर, जीवन नगर, शिवदुर्गा बिहार से 2-2 मरीज है। सेक्टर-8, 29, 78, एनएच-4 से 3-3 मरीज है। सेक्टर-7 से 4, ग्रीन फिल्ड कालोनी में 6, जवाहर कालोनी से 5 और अन्य एरियों से 70 मरीज शामिल है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल सैम्पल | 225707 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 202911 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 289 |
| अब तक पॉजिटिव | 22507 |
| अब तक कुल ठीक | 21388 |
| अब तक मौत | 238 |
| गंभीर भर्ती है | 28 |

### अपहरणकर्ताओं को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा अपराधियों की धरपकड़ करने के आदेशों व पुलिस उपायुक्त सेंट्रल के दिशा निर्देशों पर कार्य करते हुए थाना पल्ला की पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की सहायता से 11 वर्षीय बच्चे का अपहरण करने वाले 2 आरोपियों अमन व सिद्धार्थ उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त मुकेश मल्होत्रा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अमन एसी ठीक करने का कार्य करता था तथा आरोपी सोनू कुर्तों की ट्रेनिंग देने का कार्य करता था। दोनों आरोपी बचपन से दोस्त थे। लॉकडाउन में काम ठप होने की वजह से दोनों आरोपियों ने शॉर्टकट से पैसे कमाने के चक्कर में बच्चे को अगवाह करके फिरौती मांगने का प्लान बनाया।

# अग्रसेन जयंती पर वैश्य समाज ने की महाआरती



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वैश्य** समाज सेक्टर-28, 29, 30, 31 ने अग्रसेन महाराज की जयंती पर 101 थालियों से महाआरती व पूजन कर अग्रसेन का स्मरण किया। सेक्टर 28 के व्यस्तम चौराहे पर अग्रसेन के विशाल चित्र के समक्ष समाज के संयोजक डीके माहेश्वरी की अध्यक्षता में सैकड़ों वैश्य अग्रवाल जनों ने अग्रसेन जयंती मनाई।

इस अवसर पर समाज के सह संयोजक बीआर सिंगला ने अग्रसेन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अग्रसेन के सिद्धांत एवं आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। समानता, समाजवाद, अहिंसा एवं समाज सेवा की वैश्य समाज के लोगों में कूट-कूट कर भरी हुई भावना अग्रसेन के ही दिए हुए संस्कार हैं।

महाआरती के बाद सेक्टर-28 में ही खोले गए समाज के नए कार्यालय के शुभारंभ पर यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईडी महाजन, बीआर सिंगला, विष्णु गुप्ता, बलराज गुप्ता, टीपी माहेश्वरी, रविकान्त सिंघल, पीडी गर्ग, पवन गोयल, अरुण मित्तल, डीके गोयल, विनेश अग्रवाल, हरीश बंसल, डीके जैन, अमित जैन, कपिल गर्ग, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, पीएल गुप्ता, नरेश अग्रवाल, नानक चन्द अग्रवाल, प्रवीन सिंगला, ललित खण्डेलवाल आदि उपस्थित हुए।

# नीट में शहर के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**सरकारी स्कूल के तीन छात्रों ने भी मारी बाजी**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नीट** में जहां मनन और अंशित, वंशिका का शानदार प्रदर्शन रहा। वहीं सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र भी इस परीक्षा में पास हुए हैं। जिसमें राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 के 3 विद्यार्थियों ने मेडिकल में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा में पहली बार में ही सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेंद्र सौरोत व समस्त अध्यापकों ने कुमारी हिमाक्षी, कुशल, शिवानी को इस सफलता के लिए बधाई दी हैं।

**इन्होंने किया बेहतर प्रदर्शन**

नीट के परिणाम में सेक्टर-16 में रहने वाले मनन सिंघल ने अखिल भारतीय स्तर पर 292वां स्थान प्राप्त किया है। नीट की परीक्षा पहली बार में ही उत्तीर्ण करने पर परिवार में खुशी की लहर है। मनन अपने परिवार में पहले डाक्टर होंगे। उनके परिवार में अधिकतर लोग व्यापार एवं नौकरी करते हैं। उन्होंने 12वीं में 96.8 फीसद अंक प्राप्त किए। मनन ने बताया कि वह दिल्ली के मेडिकल कालेज में दाखिला लेना चाहते हैं और एमबीबीएस के बाद हृदय रोग में एमडी करेंगे। मनन के पिता अमित सिंघल का ओल्ड फरीदाबाद बाजार में साड़ियों का शोरूम है। वह अपने बेटे की उपलब्धि से बहुत खुश हैं। उन्होंने मनन की सफलता का श्रेय एमवीएन स्कूल सेक्टर-17 प्रधानाचार्या आगल्य वेंकटेश को दिया है। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्या ने नीट की पढ़ाई के लिए बहुत सहयोग किया है। शनिवार और रविवार को ही मनन कोचिंग के लिए जाते थे। अधिकतर तैयारी स्कूल के मार्गदर्शन से हुई है। भाई ने की काफी मदद डाक्टर बनने के बाद देश में रहकर ही स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्वस्थ समाज की स्थापना की दिशा में काम करूंगा।

यह कहना है नीट के परिणाम में अखिल भारतीय स्तर पर 367वां स्थान प्राप्त करने वाले अंशित बुद्धिराजा का। फिलहाल वह भोपाल से एमडी कर रहे हैं। अंशित दिल्ली से ही एमबीबीएस की पढ़ाई करना चाहते हैं। उनके पिता पवन बुद्धिराजा व्यापारी हैं और मां मंजू बुद्धिराजा गृहिणी हैं। अंशित ने अपनी सफलता का श्रेय अभिभावकों के अलावा प्रधानाचार्या आगल्य वेंकटेश को भी दिया है। उन्होंने स्कूल में नीट की तैयारी के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराया था और वह छात्रों को सदैव प्रोत्साहित करती थीं। वहीं ददसिया गांव में रहने वाली वंशिका त्यागी ने भी नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है और वह डाक्टर बनकर पिता दुष्यंत त्यागी और मां संगीता त्यागी के सपनों को पूरा करेंगी। वंशिका ने बताया कि वह दूसरी बार में नीट की परीक्षा पास कर पाई हैं और अब एक अच्छे कालेज में दाखिला लेकर डाक्टरी की पढ़ाई करेंगी। उनके पिता शिक्षण संस्थान में पत्रकारिता के छात्रों को फोटोग्राफी का प्रशिक्षण देते हैं, जबकि मां संगीता स्वास्थ्य विभाग में बतौर आशा कार्यकर्ता काम कर रही हैं।

# शहरभर के मंदिरों में पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के बीच पहले दिन सोशल डिस्टेंसिंग के साथ भक्तों ने मां की आराधना की। कहते है आराधना करने वाले भक्तों को कुछ न कुछ जरूर मिलता है। मां अपने भक्तों को नौ दिनों में वह सबकुछ दे देती है। जिसकी भक्तों को चाह होती है। प्रथम दिन मां अपने भक्तों की मन की इच्छा को पूरी करती है, तो द्वितीय दिन भक्तों को सही गलत में फर्क का महत्व को समझने की क्षमता प्रदान करती है। पहले नवरात्रे के दिन शहरभर के अधिकांश मंदिरों में ज्वाला जी से लाई गई पवित्र ज्योति से जोत जलाई गई। जिसमें तिकोना पार्क स्थित श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर, काली मंदिर, बांके बिहारी मंदिर और इत्यादी कई अन्य मंदिर शामिल है। लोगों ने घरों में और मंदिरों में कलश की स्थापना के साथ शैलपुत्री का पूजन किया।

### आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

एनएच-पांच स्थित सर्वेश्वर मंदिर के महंत मुनिराज जी ने बताया कि नवरात्रों के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी मां की पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मचारिणी माता रूद्राक्ष की माला व पुष्प धारण करके ब्रह्मचार्य का पालन करती है। वह अपने भक्तों को बुद्धि इत्यादि का आशीर्वाद देती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को ब्रह्मचारिणी की पूजा करने के लिए दूध से अभिषेक करने के अलावा मां को फलों का भोग लगाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और श्रेष्ठ संस्कारों की उत्पत्ति होती है। ब्रह्मचारिणी मां को अनार की बली चढ़ाएं। उन्होंने बताया कि जो ब्रह्मचारी विद्यार्थी ब्रह्मचारिणी मां का पूजन करते है, उनको श्रेष्ठ ज्ञान की प्राप्ति होती है। जिसमें उन्होंने कोरोना महामारी से मुक्ति की प्रार्थना मां से की।

### वैष्णोदेवी मंदिर में भव्य पूजा

सिद्धपीठ वैष्णोदेवी मंदिर में नवरात्रों के पहले माता शैलपुत्री की धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में प्रातकालीन पूजा अर्चना के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया तथा मां की ज्योत प्रज्वजलित की गई। इस अवसर पर शहर के प्रमुख उद्योगपति आरके बत्तरा, प्रदीप झांब, जेके सचदेवा, प्रताप भाटिया एवं पूर्व एसीपी दर्शनलाल मलिक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने कोविड-19 के अंतर्गत मंदिर में सभी प्रबंध किए गए हैं। सभी श्रद्धालुओं को मास्क के बिना मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा और इसके साथ साथ सेनीटाईजर की विशेष व्यवस्था मंदिर में की गई है। मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान सोशल डिस्टेंस का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर में फकीरचंद कथूरिया, प्रीतम भाटिया, नेतराम गांधी, राहुल, धीरज, एसके भाटिया, रमेश सहगल तथा अनिल भाटिया ने पूजा अर्चना में हिस्सा लिया।

### ज्वाला जी की जोत



**एनएच-पांच** स्थित श्रीबांके बिहारी मंदिर में महंत ललित गिरि गोस्वामी व उनके साथ बेटा पीयुष गोस्वामी, रितेश गोस्वामी, रवि हीरा हिमाचल से ज्योत रूपी मां ज्वाला देवी को लाए। शनिवार को उन्होंने मंदिर प्रांगण में मां को स्थापित किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी विनोद शास्त्री ने पूरे विधि विधान से मंत्रो उच्चारण, पूजा अर्चना द्वारा खेत्री स्थापना तथा रामायण का अखंड पाठ भी आरंभ करवाया गया। मुख्य यजमान महंत ललित गिरि गोस्वामी व उनकी धर्मपत्नी महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गोस्वामी द्वारा पूजा अर्चना स्थापना की गई। पूजा में सरपरस्त एनएल गोसाई, अशोक अरोडा, पंडित मनीष दुबे, हर्षित गोसाई, प्रवेश, सतीश, रमा, प्रीती, चारु गोसाई इत्यादी भक्त मौजूद थे। महंत ललित गिरि गोस्वामी जी ने बताया कि 9 दिनों तक महिला मंडल द्वारा हर रोज 4.30 बजे शाम को भजन कीर्तन किया जायेगा।

### आश्रम में घट स्थापना



शारदीय नवरात्र में माता का पूजन सभी गुणों को प्रदान करने वाला है। सभी लोगों को इन नवरात्र में माता के नाम का गुणानुवाद अवश्य ही करना चाहिए। यह बात सिद्धदाता आश्रम के जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने कही। वह आश्रम में घटस्थापना के बाद भक्तों को प्रवचन कह रहे थे। यहां नौ दिन रहकर भक्त मां के नाम का गुणानुवाद करेंगे। आचार्यश्री ने कहा कि साल में चार बार माता के नवरात्र आते हैं। इनमें से एक चैत्र और दूसरा शारदीय नवरात्र प्रमुख रूप से सभी द्वारा मनाए जाते हैं। इन नवरात्र में माता के नाम का गुणानुवाद करने वाले सभी सुखों से परिपूर्ण रहते हैं। उन्होंने कहा कि इन दिनों किए गए अनुष्ठान का विशेष महत्व है। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने कहा कि मां आदि शक्ति हैं, वह परमेश्वर की भी शक्ति हैं और जीव की भी शक्ति हैं। इसलिए मां की कृपाओं को पाने के लिए उनके मंत्रों का अनुष्ठान करना ही चाहिए। इससे पहले उन्होंने आश्रम के सत्संग भवन में नवरात्र अनुष्ठान के लिए घट स्थापना की। यहां पर नौ दिन तक भक्त रहकर मंत्रजाप करेंगे। हालांकि इन भक्तों को सोशल डिस्टेंसिंग, सेनिटाइजेशन के साथ कोविड निगेटिव प्रमाणपत्र के बाद ही यहां पर अनुमति दी गई है।

# बैंडबाजे और डीजे मालिकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

नरेश कुमार। सोहना

**कोरोना** काल में आठ माह के बाद शादियों में बैंड-बाजों, डीजे, ढोल और शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। 25 नवंबर से 10 दिसम्बर के बीच होने वाली शादियों में दुल्हे के आंगन से लेकर दुल्हन के घर सहनाइयां बजाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बैंड-बाजों, डीजे, घोड़ा-बग्गी, ढोल और शहनाइयां बजाने वालों ने मांग बढ़ने पर अपनी कीमतें दो से तीन गुणा बढ़ा दी हैं।

कोरोना काल में पिछले आठ माह से रोजी-रोटी को लेकर परेशान बैंड-बाजे, डीजे, घोड़ा-बग्गी संचालकों, ढोल और शहनाई वादकों के चेहरे मुरझा गए थे। अनलॉक-5 में प्रशासन से सामाजिक दूरी नियमों का पालन करते हुए शादियों में शहनाई बजाने की अनुमति दे दी गई है। 25 नवंबर से 10 दिसम्बर के बीच शादियों का मुहूर्त निकला है। वैसे ही बैंड-बाजों से लेकर डीजे, घोड़ा-बग्गी मालिकों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है।

### 25 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच है शादियों का शुभ मुहूर्त

### बैंड-बाजे, डीजे, घोड़ा-बग्गी संचालकों ने दो गुणा तक बढ़ाए दाम



### दो से तीन गुणा दाम में हो रही बुकिंग

**बैंड-बाजा** मालिकों, डीजे, घोड़ा-बग्गी और शहनाई पार्टियों की बुकिंग करने वाले मालिकों ने मांग बढ़ते देख अपने रेट दो से तीन गुणा तक बढ़ा दिए हैं। जिससे शादियां करने वालों को भारी पड़ रहा है। भारत भूषण का कहना है कि जो बैंड बाजा 20 से 25 हजार रुपये में होता था। वह आज 50 से 60 हजार रुपये मांग रहा है। वैसे ही डीजे की बुकिंग पांच हजार से 25 हजार रुपये तक पहुंच गई है। हलवाइयों ने भी अपनी बुकिंग 25 से 45 हजार रुपये कर दी है।

### 25 नवंबर को सबसे ज्यादा शादियां

**वर्ष** 2020 में होने वाली शादियों में 25 नवंबर को सबसे ज्यादा शादियां हैं। जिसके लिए बैंड-बाजों, डीजे, घोड़ा-बग्गी, शहनाई मालिक और हलवाइयों ने बुकिंग पूरी कर ली है। सोहना और आस पास के गांवों में 25 नवंबर को करीब 200 शादियां होंगी। जबकि इस दिन हर वर्ष अधिक से अधिक 50 शादियां होती रही हैं। ज्योतिषी चमनपुरी ने बताया कि 25 नवंबर को (देव उठनी ग्यास) जिस लड़का-लड़की की शादी का संजोग नहीं बनता है वह इस दिन तय कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि लॉकडाउन काल में जो शादियां रद्द हो गई थीं। उन्हें अभिभावक इस देवी उठनी ग्यास को कर रहे हैं।

### किसने कितने बढ़ाए दाम

| साज-बाज | लॉकडाउन से पहल | लॉकडाउन के बाद |
|---|---|---|
| बैंड-बाजा | 20-25 | 40-45 हजार |
| घोड़ा-बग्गी | 15-20 | 35-40 हजार |
| ढोल | 05-07 | 11-15 हजार |
| डीजे | 05-10 | 20-30 हजार |
| टेंट हाउस | 30-40 | 60-80 हजार |
| हलवाई | 20-25 | 50-55 हजार |
| शहनाई | 08-10 | 20-25 हजार |

# प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों के सीवर पानी के काटे कनेक्शन

### जोन-4 क्षेत्र की सेक्टर 31 मार्केट में दो दुकानों के काटे गए सीवर-पानी कनेक्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों के पानी के कनेक्शन काटते निगम कर्मी।

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को 2 प्रॉपर्टी मालिकों के सीवर-पानी कनेक्शन काटे गए।

शनिवार को जोनल टैक्सेशन ऑफिसर देवेंद्र कुमार के निर्देश पर टैक्स इंस्पेक्टर पंकज सलूजा व उनकी टीम सेक्टर-31 मार्केट पहुंची। यहां पर दुकान नम्बर- 151 व 174 पर क्रमशः 115691 रुपये व 188455 रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। टीम ने दोनों दुकानों के सीवर-पानी कनेक्शन काट दिए। नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह के अनुसार सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जो प्रॉपर्टी मालिक अपना संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स 31 अक्टूबर तक जमा करवाएंगे, उन्हें वर्ष 2010-11 से लेकर वर्ष 2016-17 तक के प्रॉपर्टी टैक्स पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्रॉपर्टी टैक्स में लगने वाले ब्याज में भी सरकार द्वारा एकमुश्त छूट दी गई है।

उन्होंने बताया कि जिन संपत्ति मालिकों ने विगत तीन वर्षों में अपना प्रॉपर्टी टैक्स 31 जुलाई तक जमा करवाया है, उन्हें नियमित 10 प्रतिशत छूट के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत छूट भी दी जाएगी। ऑटो डेबिट तरीके से भुगतान करने वालों को 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा। नगर निगम की सीमा में गांवों के लाल डोरा क्षेत्र में स्थित रिहायशी संपत्तियों पर उन सपंत्ति मालिकों को 50 प्रतिशत छूट देने का प्रावधान किया है। चेरीटेबल शिक्षण संस्थान, चेरीटेबल अस्पताल और विशेष बच्चों के लिए चल रहे स्कूल, जो सरकारी स्कूलों और अस्पतालों के समान शुल्क लेते हैं, उन्हें शत-प्रतिशत छूट दी गई है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर की सभी आरडब्ल्यूए के लिए भी इन्सेंटिव योजना की शुरुआत की है। जो आरडब्ल्यूए अपने यहां 80 प्रतिशत से अधिक का प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएगी, उन्हें 5 लाख रुपये की इन्सेंटिव राशि नगर निगम द्वारा दी जाएगी।

निगमायुक्त ने प्रॉपर्टी मालिकों से आह्वान किया कि वे निर्धारित तिथि 31 अक्टूबर से पूर्व अपने प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी करें। सरकार द्वारा दी जा रही ब्याज माफी एवं छूट का लाभ उठाएं और दंड प्रावधानों से भी बचें।

# शर्मिला टैगोर, सैफ अली खान ने खेल अकादमी बनाने को दी दो एकड़ जमीन

### स्थानीय लोगों की मांग पर लिया है यह निर्णय



शर्मिला टैगोर। सैफ अली खान।


**गुरुग्राम।** फिल्म अभिनेत्री एवं नवाब मंसूर अली खान पटौदी की बेगम शर्मिला टैगोर (आएशा बेगम) और पटौदी रियासत के वर्तमान नवाब एवं फिल्म अभिनेता सैफ अली खान की ओर से पटौदी में युवाओं के लिए खेल अकादमी बनाने को महल की जमीन में से दो एकड़ जमीन दान दी है।

क्षेत्र के डा. राजू खान के साथ कुछ स्थानीय लोगों ने शर्मिला टैगोर से पटौदी में एक खेल अकादमी, लड़कियों के लिए महिला कालेज खोलने की मांग की थी। क्योंकि क्षेत्र में बच्चों, युवाओं की प्रतिभा निखारने को खेल अकादमी नहीं है। ना तो यहां कोई बड़ा मैदान है और न ही स्टेडियम है। ऐसे में नवाब परिवार इसके लिए आगे आए और अपने क्षेत्र के युवाओं का भविष्य संवारे। इस पर कार्यवाही करते हुए शर्मिला टैगोर ने महल की दो एकड़ जमीन पर वेणु आई केयर अस्पताल और पुराना साबरमती स्कूल में खेल अकादमी शुरू करने को हरी झंडी दे दी।

वेणु आई केयर अस्पताल में चेरिटेबल संस्था की टीम के साथ पटौदी महल के प्रबंधन जेपी चौहान और उड़ान प्ले स्कूल के चेयरमैन डॉ. राजू खान, बचपन स्कूल की चेयरपर्सन फरीन खान, देवकी, दिनेश जोशी, श्रीकांत यादव के साथ मिलकर अब इस प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाया। राष्ट्रीय स्तर के कोच यहां पर प्रशिक्षण देंगे। साथ ही लैंग्वेज डेवेलपमेंट कंप्यूटर शिक्षा और अन्य कई एक्टिविटी सिखाई जाएंगी।

# ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान का पालन गंभीरता से कराएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नगर निगम में ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान को लेकर बैठक लेती नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त जसप्रीत कौर।

**नगर** निगम की अतिरिक्त आयुक्त जसप्रीत कौर ने शनिवार को अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि वे पर्यावरणीय प्रदूषण (नियंत्रण एवं रोकथाम) प्राधिकरण द्वारा लागू किए गए ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान की पालना गंभीरता से सुनिश्चित करवाएं। अगर कोई व्यक्ति प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां करता है, तो उसका चालान करने के अलावा एफआईआर भी दर्ज करवाएं। ये निर्देश उन्होंने शनिवार को निगम कार्यालय में ग्रैप की पालना सुनिश्चित करने को लेकर आयोजित बैठक में दिए।

जसप्रीत कौर ने कहा कि निर्माण गतिविधियों में पर्यावरणीय नियमों की उल्लंघना करने वालों, कचरे में आग जलाने वालों, बिना ढके निर्माण सामग्री रखने एवं ट्रांसपोर्ट करने वालों, सीएंडडी वेस्ट एवं कचरा डालने वालों सहित प्रदूषण बढ़ाने वाली अन्य गतिविधियां करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई करें। इसके साथ ही ईपीसीए द्वारा चिह्नित किए गए स्थानों की तुरंत सफाई करवाकर रिपोर्ट भेजें तथा क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखें। जिन अधिकारियों को इनफोर्समेंट की जिम्मेदारी दी गई है, वे अपने-अपने क्षेत्र में लगातार गश्त करें तथा विशेष रूप से निर्माण साईटों में पर्यावरणीय नियमों की पालना सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि सड़कों की सफाई मैकेनिकल की जा रही है। इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि सफाई से पहले पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि धूल ना उड़े। उन्होंने कहा कि वाटर स्प्रिंकलर के मध्यम से सड़कों तथा पेड़ों पर लगातार पानी का छिड़काव करवाएं।

# जनकपुरी में शिव धनुष तोड़ सीता के हुए राम

### कोरोना महामारी के चलते इस बार मुख्य मंच पर ही डाली वरमाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



धनुष तोड़ने के बाद माला पहनाते राम-सीता। लक्ष्मण-परशुराम संवाद का दृश्य।

**जैकमपुरा** स्थित श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से तीसरे दिन राम लीला में सीता स्वयंवर और भगवान परशुराम-लक्ष्मण संवाद तक की लीला दिखाई गई। कोरोना महामारी के चलते इस बार कोविड-19 नियम देखते हुए राम लीला की जा रही है। तीसरे दिन की लीला में दलीप भारद्वाज, विकास गुप्ता, गगन गुलाटी, खुशी राम, अमित सैनी की अहम भूमिका रही। तीसरे दिन लीला की शुरुआत ताड़का वध के बाद गुरु विश्वामित्र (अशोक सिरोड़िया) के साथ काफी समय तक राम-लक्ष्मण (करण बख्शी-समीर तंवर) ने ऋषियों के साथ वनों में समय बिताया। गुरु विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को गंगा मइया के दर्शन कराकर उन्हें इसके इतिहास से अवगत कराया। मिथिला में राजा जनक ने सीता का स्वयंवर का आयोजन किया। स्वयंवर में कोई भी राजा-राजकुमार धनुष उठाना तो दूर हिला भी नहीं सके। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर शिव धनुष का भंजन कर दिया। सीता जी व राम जी ने एक-दूसरे को माला पहनाई।

### बेहतरीन रहा लक्ष्मण-परशुराम संवाद

**रामलीला** में लक्ष्मण-परशुराम संवाद बेहतरीन रहा। राजा जनक के दरबार में भगवान परशुराम (मास्टर सुरेश सहरावत) पहुंचते हैं। टूटा हुआ धनुष देखकर वे क्रोधित हुए। परशुराम शांत नहीं हुए और वे गुस्से से आग-बबुला होते रहे। फिर लक्ष्मण-परशुराम के बीच दमदार तरीके से संवाद हुआ। फिर शांत होने के बाद भगवान परशुराम श्रीराम को प्रणाम कर चले जाते हैं।

### सोहना में रामलीला शुरू

**सोहना।** शुक्रवार से शहर की हनुमान बगीची में रामलीला शुरू की गई। जिसका आयोजन शहर की 200 वर्ष पुरानी शानदार रामलीला क्लब द्वारा किया जा रहा है। रामलीला मंचन के पहले दिन नारदमोह, विश्व माहिनी और स्वयंवर की लीलाओं का मंचन किया गया। दर्शकों को सैनेटाइजर दिया गया और सामाजिक दूरी का ध्यान रखा गया। पहले दिन दर्शकों की संख्या कम रही। शानदार रामलीला क्लब के सचिव नरेश गोयल ने बताया कि रामलीला मंच को एक दिन पहले सैनेटाइज किया गया। सभी कलाकारों को भी सैनेटाइजर दिया गया। ताकि वह अपने मंच प्रदर्शन के बाद अपने सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सैनेटाइजर का उपयोग करते रहें। शनिवार को रामजन्म भूमि और ताड़का वध का शानदार प्रदर्शन दर्शाया।



सोहना में रामलीला मंच पर प्रदर्शन करते कलाकार।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सेक्टर-37सी-डी सड़क को किया साफ



**गुरुग्राम।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शनिवार को सेक्टर-37सी/डी की सड़क को साफकिया गया। साथ ही क्षेत्र में पौधारोपण करके स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए नागरिकों से आह्वान किया गया। मौके पर पहुंचे निगम पार्षद ब्रह्मप्रकाश यादव ने बताया कि नगर निगम द्वारा 2 अक्टूबर से स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसका समापन 17 अक्टूबर को हुआ है। इसके तहत उनकी टीम ने शनिवार को सेक्टर-37सी/डी सड़क और फुटपाथ की पर्याप्त सफाई की गई है। धूल-मिट्टी को साफ करके क्षेत्र में पौधारोपण भी किया है। क्षेत्र की सफाई करते समय पर्यावरण प्रदूषण ना हो, इसका विशेष ध्यान रखते हुए सफाई से पूर्व पानी का छिड़काव किया। उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इसके तहत प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां न तो स्वयं करें और ना ही दूसरों को करने दें। अगर कोई व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधियां करता है, तो उसके बारे में संबंधित विभाग को सूचित करें। विभाग द्वारा उल्लंघनकर्ता पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा और अन्य कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मौके पर कुलदीप हिन्दुस्तानी, सुमित वोहरा, विकास चोपड़ा, दिनेश मराठा, कुलदीप चौहान, जसबीर सिंह, बालकिशन शर्मा, अंशुल कॉल, विकास गुप्ता सहित सेक्टर-37 सी व डी की विभिन्न सोसायटियों के लोग मौजूद रहे।

### डंफर ने सड़क किनारे दो बच्चों को कुचला

**पलवल।** मिट्टी से भरे डंफर ने सड़क किनारे खड़े दो बच्चों को कुचल दिया। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। हसनपुर थाना पुलिस ने मृतक बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी कुलदीप के अनुसार गांव कुशक निवासी राजेश ने शिकायत दर्ज कराई है कि 16 अक्टूबर की शाम चार बजे पड़ोसी के साथ बाइक पर आकाश भट्टे से ईंट लेने के लिए जा रहे थे। गांव में स्थित भट्टे की तरफ मुड़ने वाले रास्ते पर सड़क किनारे उसकी बुआ के लड़के आशिक और जतिन खड़े हुए थे। जिन्हें देख बाइक रोककर बातचीत करने लगा। उसी दौरान मिट्टी से भरा डंफर आया और आशिक, जतिन और बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मौके पर आशिक और जतिन की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शनिवार को शिकायत के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद के शव परिजनों के हवाले कर दिए।

### धोखाधड़ी कर महिला से गहने ठगे

**पलवल।** कैंप थाना अंतर्गत दो व्यक्ति महिला को गुमराह कर धोखाधड़ी से आभूषणों को उतरवाकर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी हरीचंद के अनुसार न्यू कालोनी निवासी खजान सिंह ने शिकायत दी है कि भांजे की पत्नी ललिता अपनी बेटी के साथ अपने गांव सहराला से 14 अक्टूबर घर पर आ रही थी। ललिता रसूलपुर चौक पर उतरकर पैदल घर आने लगी। रास्ते में दो व्यक्ति बाइक पर मिले और बातों में लगाकर गुमराह कर कानों से सोने की कुंडल, हाथ से एक सोने की अंगूठी व एक चांदी की अंगूठी को उतरावकर रफूचक्कर हो गए। कुछ देर बाद ललिता ने ध्यान दिया और आपबीती घर आकर बताई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक ने की फेस्टिवल बोनांजा की घोषणा

**गुरुग्राम।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक गुड़गांव क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक पृथ्वी सिंह संधू ने अपने प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार नवरात्रि पर्व पर शुरू हो रही उत्सव श्रृंखला के लिए एक विशेष ऑफर फेस्टिवल बोनान्जा की घोषणा की है। इसके तहत गृह ऋण, कार ऋण एवम सम्पति ऋण पर प्रोसेसिंग फीस व दस्तावेज शुल्क की पूर्ण छूट प्रदान की जा रही है। यह छूट आगामी 31 दिसम्बर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि गृह ऋण, कार ऋण व एमएसएमई योजना में बैंक की ब्याज दरें न्यूनतम है। बैंक महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए महिलायों को गृह ऋण पर ब्याज दर में 0.05 प्रतिशत की विशेष छूट दे रहा है। उन्होंने आह्वान किया है कि फेस्टिवल बोनान्जा के तहत इन छुटों का न्यूनतम ब्याज दरों का लाभ उठाने के लिए इच्छुक प्रार्थी शाखाओं में संपर्क कर सकते हैं। पृथ्वी सिंह संधू ने बताया कि हमारा बैंक वितीय साक्षरता एवं डिजिटाईजेशन पर पूरा फोकस किये हैं।

### तावडू में दो माह में 108 वाहन जब्त, 17 के चालान

**तावडू।** शहरी थाना प्रभारी सिंघम रोल में नजर आ रहे हैं। सड़कों पर निकल पड़ते हैं और जो बगैर नंबर व कागजातों की बाइक दिखी उसका कर देते हैं तुरंत चालान। 18 अगस्त को उन्होंने यहां का चार्ज संभाला है। तब से 108 वाहनों (बाइक व ऑटो) को जब्त कर चुके हैं व 17 वाहनों का चालान किया है। वहीं इस दौरान शहर में एक भी चेन स्नेचिंग की वारदात नहीं हुई है। वहीं असामाजिक तत्वों में थाना प्रभारी का खौंफभी दिख रहा है। पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी शहर के पटोदी चौक पर मुस्तैदी से खड़े हो गए व जो बगैर नंबर की बाइक आती दिखी तुरंत उसे रोक उसका उसे इम्पाउंड किया। वहीं जिन बाइक चालकों के पूरे दस्तावेज नहीं मिले उनकी बाइक को भी थाने ले गए। उसके बाद विजय चौक, लखपत चौक, बावला मोड़ से लेकर नूंह गोलचक्कर पर थाना प्रभारी ने यही अभियान चलाया। शनिवार को थाना प्रभारी ने 9 बाइकों को जब्त किया व 1 बाइक का चालान किया।

# प्रो कबड्डी टूर्नामेंट के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया उम्दा खेल

### ठाकुर छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि में जेवर में हो रहा है टूर्नामेंट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के जेवर में चल रहे प्रो कबड्डी टूर्नामेंट में मौजूद अतिथि।


**जेवर** विधानसभा के पहले विधायक ठाकुर छत्तरपाल सिंह की याद में प्रो कबड्डी टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। बेहद ही उम्दा खेलते हुए खिलाड़ियों ने देश के चर्चित खेल कबड्डी के प्रति लोकप्रियता जुटाई।

टूर्नामेंट में अतिथियों के रूप में ठाकुर बलबीर सिंह, अजब सिंह, दयाराम शर्मा, ठाकुर महेश सिंह, ठाकुर संजय सिंह, ठाकुर विपिन सिंह, आसवीर चौधरी, गजेंद्र प्रधान, ठाकुर करनेश सिंह, ठाकुर किशोर सिंह, दिल्ली से रोहताश पहलवान, डा. ओमप्रकाश पाराशर, ठाकुर रामबीर सिंह करौली समेत प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे, जिसमें अपर जिलाधिकारी समेत कई लोग शामिल हैं। टूर्नामेंट के आयोजक मनजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि उनके दादा एवं जेवर विधानसभा के पहले विधायक ठाकुर छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि पर हर साल यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है। इस साल का टूर्नामेंट दूसरे दिन सुचारू रूप से चला। इस टूर्नामेंट में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी आई टीमों ने भाग लिया।

कोरोना महामारी को देखते हुए यहां दर्शकों को मास्क व सैनिटाइजर वितरित किए गए। कोविड19 के सभी नियमों का पालन किया गया। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल कल खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 20 से अधिक टीमों को प्रवेश नहीं दिया गया। टूर्नामेंट में गजब के मुकाबले देखने को मिले। ग्रेटर नोएडा की टीम ने फरीदाबाद से आई टीम को पटखनी दी। ललित शर्मा उर्फ भोला पंडित व मोहित ठाकुर ने बेहतरीन कमेंट्री की। मनजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि खेल चाहे कोई भी हो, सभी खिलाड़ी उसमें सम्मानजनक तरीके से भाग लें। खेलों में हार-जीत की तरफ ध्यान ना देकर आपसी सद्भाव से खेलें। यही अच्छे खिलाड़ियों भी पहचान है। उन्होंने कहा कि हर साल यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है। इसलिए खिलाड़ी खुद को बेहतर तरीके से तैयार करें। आने वाले वर्ष में भी वे इस टूर्नामेंट में आमंत्रित रहेंगे।

# सरपंच करण पहलवान ने गांव की भलाई के लिए तपस्या की शुरू

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**ग्राम** पंचायत असावटी के सरपंच करण पहलवान अपनी धर्मपत्नी सुनीता देवी के साथ नवरात्रों नौ दिन प्रजापति समाज के मंदिर पर खड़े खड़े ही व्रत रखते हुए मां से गांव की भलाई की कामना करेंगे। यह व्रत वह पिछले कई वर्षों से करते आ रहे हैं। व्रत शुरू करने से पहले उन्होंने गांव के मौजिज लोगों के साथ गांव की परिक्रमा की व सभी का आशीर्वाद प्राप्त किया।


उन्होंने कहा कि उनके गांव समाज पर कोई परेशानी न आए और देवी मां गांव पर आशीर्वाद बनाए रखें, सभी की मनोकामना पूरी करें। उन्होंने बताया कि गांव में सुख शांति के साथ भाईचारा कायम रहे तथा विकास की गति यूं ही निरंतर चलती रहे यही उनकी कामना रहती है। इसके लिए वे खुद व्रत तो करते ही हैं, सामान्य दिनों में स्वयं ही सफाई अभियान में शामिल होकर झाडू आदि लगाने से भी नहीं हिचकते। उनका मानना है कि गांव के लोगों ने उन्हें जिताया है तो उनकी सेवा करना व सदैव उनकी भलाई के लिए काम करना ही उनका कर्तव्य है। उनके विशेष प्रयासों से श्मशान को मनोरम पार्क में तब्दील कर दिया है। पार्क और मंदिर के चलते अब वहां सुबह शाम ग्रामीण सैर करने जाते हैं। उन्होंने बताया कि गांव असावटी में गांव से बाहर पंचायत की करीब डेढ़ एकड़ भूमि में श्मशान घाट बना हुआ था, जिसमें कंटीली झाड़ियां उगी हुई थी। न कोई चारदीवारी न कोई सुविधा। अंतिम संस्कार के समय ही लोग वहां जाते थे, उसके बाद तो लोगों को वहां जाने में भी डर लगता था। शाम होने के बाद तो लोग उसके पास से गुजरने में भी डरते थे। सरपंच करण पहलवान ने श्मशान के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया और पहले श्मशान घाट से कंटीली झाड़ियों को कटवाकर चारदीवारी करवाई। उसके बाद उसे शवों के अंतिम संस्कार के लिए टीन शेड और आने वाले लोगों के लिए आश्रम बनवाया। फिर बाकी भूमि पर पार्क बनवाया, जिसमें फव्वारे लगवाए गए। अंदर के रास्ते को पक्का करवाकर उसके ऊपर भी प्लास्टिक शेड डलवाया। बीच में एक शिव मंदिर का निर्माण कराया।

# 35 हजार की आबादी वाले शहर में बढ़ रहा वायु प्रदूषण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**मिलेमिनय** सिटी गुरुग्राम से 13 किलोमीटर दूर बसे 35 हजार की आबादी वाले सोहना शहर में ग्रैप के नियम की धज्जियां उड़ रही हैं। ग्रेटर गुरुग्राम के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले शहर में कूड़े के ढेरों में 24 घंटे आग धधक रही है। जिससे वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है।

मौसम परिवर्तन से सुबह-शाम होने वाली ठिठरन से जहां सर्द ऋतु ने अपनी आहाट दे दी है। वहीं सर्दी में होने वाला वायु प्रदूषण रोकने के लिए भी ग्रैप के नियमों को अनदेखा किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों को वायु प्रदूषण रोकने के लिए जिम्मेदारियां सौंप दी हैं, लेकिन 35 हजार की आबादी वाले सोहना शहर में अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। शहर के पुराने अलवर मार्ग पर बने नगर परिषद के अस्थाई कूड़ा निस्तारण केन्द्र पर 24 घंटे आग धधकती रहती है। कूड़ा निस्तारण केन्द्र से उठता धुआं वायु मंडल को खराब कर रहा है। शहर के लोगों को जानलेवा बीमारियों परोस रहा है। इस संबंध में वन विभाग के क्षेत्रीय रेंज



अधिकारी विक्रम सिंह से जानकारी प्राप्त करनी चाही तो उन्होंने मोबाइल फोन रिसीव नहीं किया। नगर परिषद के अभियन्ता विशाल ठाकरान ने बैठक में व्यस्त होने के कारण सोमवार को जानकारी देने की बात कहते हुए फोन को काट दिया। दोनों ही विभागों के अधिकारी लोगों के स्वास्थ्य के खिलवाड़ कर रहे हैं।

### पत्राचार से लड़ाई

**शहर** के वार्ड-13 में पुराना अलवर मार्ग के साथ लगती वन विभाग की सेक्शन 4-6 की जमीन पर नगर परिषद ने अस्थाई कूड़ा निस्तारण केन्द्र स्थापित कर रखा है। जिसको लेकर वन विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों में पिछले करीब दो वर्ष से पत्र लिखकर एक-दूसरे के बीच में युद्ध चला हुआ है। दोनों विभाग के बीच चल रही पत्राचार की लड़ाई से शहरवासियों को कोई लाभ नहीं हो रहा है।

### सांस लेना हो रहा मुश्किल

**अस्थाई** कूड़ा निस्तारण से लगते शहर के वार्ड-13 की निवासी सीमा डागर ने बताया कि कूड़े में 24 घंटे लगी आग से वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। वार्ड निवासियों को सुबह-शाम तो सांसें लेना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासी भजनलाल का कहना है कि वार्ड में टीवी, दमा और नाक में नजला जैसी बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। वार्ड में 60 फीसदी आबादी मजदूर और कमेरे वर्ग की है। ये लोग अपने स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान नहीं दे पाते हैं।

### समय-समय पर चेताया जा रहा है

**वार्ड** पार्षद अनिल कुमार ने बताया कि जब-जब परिषद सदन की बैठक होती है। वह उस बैठक में अपने वार्ड में बने अस्थाई कूड़ेदान को यहां से उठाए जाने की मांग लिखित व मौखिक रूप से दी जाती रही है, लेकिन उनकी मांग को प्रशासनिक अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

# विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

### कैथल अम्बाला रोड पर तीन एकड़ भूमि में पनप रही अवैध कॉलोनी

पीएल वर्मा/कैथल।

**जिले** में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिला नगर योजनाकार कार्यालय व ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईश्वर सिंह के पूरे अमले द्वारा शहर में कैथल नगरीय क्षेत्र की राजस्व सम्पदा गांव पट्टी चौधरी में जीवन राइस मिल के नजदीक एक अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी, जिसे शुरुआती दौर में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई।

अवैध कॉलोनी पर जेसीबी चलाने का कार्य सुबह 11 बजे से किया गया। उपायुक्त सुजान सिंह ने बताया कि अर्बन एरिया कैथल के अधीन गांव पट्टी चौधरी में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में तोड़-फोड़ की कार्रवाई पूर्वनियोजित कार्यक्रम के तहत अमल लाई गई। विभाग द्वारा कैथल अम्बाला रोड पर 3 एकड़ भूमि में पनप रही अवैध कॉलोनी में निर्मित सभी कच्ची सड़कों को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया। विभाग की कार्रवाई पर भनक लगते ही लोग इकट्ठा हो गए परंतु मौके पर एसएचओ थाना शहर के नेतृत्व में मौजूदा पुलिस बल की मदद से विभागीय कार्रवाई की गई। उपायुक्त सुजान सिंह ने विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके कॉलोनी विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे, परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा न तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कॉलोनी का निर्माण रोका और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति ली। पीला पंजा चलाने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है।


अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करती जेसीबी मशीन।

जिला नगर योजनाकार अनिल कुमार नरवाल ने बताया कि आम लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है कि वह सस्ते प्लाट के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएं और न ही अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदें। मकान खरीदने से पहले जिला योजनाकार कार्यालय से पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। सभी प्रॉपर्टी डीलर का भी आह्वान किया है कि वे सरकार द्वारा चलाई गई हाउसिंग स्कीम, दीनदयाल हाउसिंग स्कीम, अफॉर्डेबल हाउसिंग स्कीम, जिसमें 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है। कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त करें, ताकि शहर वासियों को सस्ता मकान उपलब्ध हो सके। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनी में प्लाट आदि खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी कार्यालय द्वारा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसमें 50 हजार रुपए तक का जुर्माना व तीन साल की सजा प्रावधान है। विभाग द्वारा जुलाई माह में अवैध कलोनाईजेशन के विरुद्ध तोड़फोड़ कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम ने थानेसर मंडी में किसानों व व्यापारियों से समस्याएं



**कुरुक्षेत्र।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अखिल पिलानी ने कहा कि धान के सीजन में किसानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की दिक्कत और परेशानी नहीं आने दी जा रही है और निरंतर मंडियों का दौरा कर प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसके साथ सम्बन्धित अधिकारियों को धान उठान कार्य में ओर तेज गति से काम करने के निर्देश दिए गए है। एसडीएम अखिल पिलानी शनिवार को थानेसर अनाज मंडी का निरीक्षण के दौरान किसानों व व्यापारियों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले एसडीएम अखिल पिलानी व खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कुरुक्षेत्र के अधिकारियों के साथ अनाज मंडी का निरीक्षण किया और समस्याओं को सुना। इस दौरान मंडी में चल रहे खरीद कार्य, उठान कार्य और ट्रांसपोटेशन के कार्यों को लेकर भी अधिकारियों से फीडबैक रिपोर्ट हासिल की। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि धान उठान कार्य को ओर तेज गति से करने की जरुरत है, इसलिए अधिकारी ट्रांसपोर्टर के साथ तालमेल कर धान के उठान कार्य को शीघ्र पूरा करवाएं।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य पर मामले के विरोध में 10 को होगी महापंचायत

**भिवानी।** सेवानिवृत्त प्राचार्य, किसान मजदूर शोषण मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ उपप्रधान, सर्वजातीय खाप-84 के सह प्रवक्ता पृथ्वी सिंह श्योराण पर लोहारू सहकारी बैंक के मैनेजर द्वारा दर्ज कराए गए मामले के विरोधस्वरूप 19 अक्टूबर को लोहारू के लाल बहादुर शास्त्री पार्क में विभिन्न किसान संगठनों, सामाजिक संगठनों और कर्मचारी संगठनों की महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। सर्वजातीय खाप 84 के प्रवक्ता राम सिंह फरटिया ने बताया कि किसान व मजदूर वर्ग इन मुकदमों से डरने वाला नहीं है, उनकी आवाज किसी भी सूरत में दबने नहीं दी जाएगी। विभिन्न किसान व कर्मचारी संगठनों द्वारा 19 अक्टूबर को विशाल महापंचायत आयोजित कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। ध्यान रहे कि गत 12 अक्टूबर को किसानों की मांगों व समस्याओ को लेकर किसान मजदूर शोषण मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी सहकारी बैंक मैनेजर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। किसानों व मजदूरों ने शांतिपूर्वक तरीके से अपना ज्ञापन मैनेजर को दिया था परंतु बाद में बैंक मैनेजर ने मोर्चा के वरिष्ठ उपप्रधान व सेवानिवृत्त प्राचार्य पृथ्वी सिंह श्योराण पर मामला दर्ज करा दिया।

### महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती

**सोनीपत।** शनिवार को अग्रवाल समाज द्वारा पुरानी मंडी परिसर में महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर हवन यज्ञ किया। अग्रसेन भवन चौक पर महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अग्रसेन भवन में पताका फहराई व हवन किया। इस मौके पर पूर्व केबिनेट मंत्री कविता जैन, राजीव जैन, टीकाराम मित्तल, हरिप्रकाश मंगला, संजय सिंगला, अनिल गुप्ता सीटू, अनिल गुप्ता, पवन अग्रवाल, अशोक गर्ग, दीपक गुप्ता, ओडी गर्ग, वीके मित्तल, राकेश, बबीता जिंदल, रामकुमार बल्लू, राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। अग्रवाल समाज के संजय सिंगला ने बताया कि रविवार को सुबह 11 बजे हिन्दू स्कूल में जयंती का कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें अग्रवाल समाज की विधवाओं को पेंशन दी जाएगी, दसवीं और बाहरवी कक्षा के 90 प्रतिशत से अधिक के बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### इनेलो डूबता हुआ जहाज : पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज



**रादौर।** हल्का रादौर के पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा द्वारा भाजपा छोड़कर इनलो पार्टी में शामिल होने पर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जीवन भर श्याम सिंह राणा एक दल से दूसरे दल में शामिल होकर विधानसभा व लोकसभा चुनाव हारते रहे। 2014 में भाजपा ने उन्हें रादौर से टिकट देकर चुनाव जिताया था। वह जिस दल में पहले थे, अब फिर उसी दल में चले गये है। इनेलो पार्टी एक डूबता हुआ जहाज है, जिस पर पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा सवार हुए हैं। उनके इनेलो में शामिल होने से पार्टी कोई फायदा नहीं मिलेगा। वह अवसरवादी नेता है। जो अपनी स्वार्थ की पूर्ति के लिए एक दल से दूसरे दल में शामिल होते रहें हैं। क्षेत्र में उनका व इनेलो पार्टी का कोई जनाधार नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक श्यामसिंह राणा भाजपा के कभी वफदार नहीं थे। वह अवसरवादी है। जो अपने फायदे के लिए हमेशा पार्टियां बदलते रहे हैं, लेकिन किसी भी पार्टी के वह वफादार नहीं रहें है। उनके इनेलो में शामिल होने पर कोई भी भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ नहीं गया है। उनका अब कोई जनाधार नहीं है। भाजपा पार्टी के कारण ही उन्हें क्षेत्र में लोगों से मान सम्मान मिला। पार्टी ने उन्हें टिकट देकर विधायक बनाया था। बिना पार्टी के अब उनका जनाधार शून्य है।

### हर सिर हेलमेट मुहिम के तहत हेलमेट वितरित किए




**इंद्री।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व करनाल के सांसद संजय भाटिया द्वारा करनाल से शुरू की गई हर सिर हेलमेट मुहिम के तहत उपमंडल इंद्री में एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया व इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप के बेटे राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से सूची चयनित 18 वर्षीय युवाओं को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए। चांद भाटिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में अधिकतर लोग दोपहिया वाहनों का प्रयोग करते हैं और सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन चालक ही सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। यदि हम दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करते हैं तो सड़क दुर्घटनाओं में काफी हद तक हमारी जान बच सकती है, क्योंकि दुर्घटना के कारण सिर में चोट लगने से मौत हो जाती है। इसलिए हमें अपने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हमारे सिर पर हेलमेट होगा तो इससे हमारी जान बच सकती है। इस कार्यक्रम में इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप के बेटे राजेश कुमार ने कहा है कि हमें अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए क्योंकि यदि वाहन चलाते समय हेलमेट ना डालकर लापरवाही बरतने से हमारी जान चली जाए तो हमारे पीछे हमारे बच्चे व माता-पिता सहित पूरा परिवार प्रभावित होता है और जो दुर्घटना से क्षति होती है उससे काफी हद तक परिवार बर्बाद हो जाते हैं। भाजपा नेता धर्मपाल शांडिल्य, नवीन कुमार निजी सहायक (विधायक इंद्री), मंडलाध्यक्ष अमित खेडा, मोहन संघोहि, अमनदीप सिंह विर्क, रामप्रसाद ढांढा, नरेश शर्मा, राजिन्द्र मिढ़ा, पंकज मूसेपुर, कर्मबीर कल्याण, मीडिया प्रभारी शिव बत्रा, कृष्ण सरपंच सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अपनी मां की स्मृति में एलएनजेपी में दी ऑटोमेटिक सैनिटाइजर मशीन

**कुरुक्षेत्र।** लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में स्त्री रोग विभाग में समाजसेवी जंग बहादुर सिंगला द्वारा अपनी माता स्वर्गीय दुलारी देवी की स्मृति में स्वचालित सैनिटाइजर मशीन भेंट की गई।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र ममगाई ने समाजसेवी का आभार जताते हुए कहा कि हर समर्थ व्यक्ति को समाज के जरूरतमंद तबके की सेवा करनी चाहिए। सरकारी अस्पताल में रोजाना हजारों लोगों का आवा-गमन होता है, इसलिए अस्पताल में आने वाले हर व्यक्ति को अपने सैनिटाइज करने चाहिए और कार्य में सहयोग करके जंग बहादुर सिंगला ने सराहनीय कदम उठाया है। मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र ममगाईं, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य सौरभ चौधरी समाज सेवक एवं उद्योगपति विपिन अग्रवाल, सिस्टर अरुणा, स्टाफ नर्स पूजा शर्मा, सुमन, सुरक्षाकर्मी संतोष, सफाई-मित्र रीना और रेखा मौजूद रहे।


एलएनजेपी में सेनिटाईजर मशीन भेंट करते जंग बहादुर सिंगला।

# नवरात्रों पर बेटियों की सुरक्षा और स्वावलंबन का लें संकल्प: चरणदास



पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**छोटी** काशी के नाम से प्रसिद्ध भिवानी शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में आज प्रथम नवरात्रे पर श्रद्धालुओं ने शैल पुत्री माता की पूजा-अर्चना कर मनोकामना की। हनुमान जोहड़ी मंदिर स्थित देवी प्रतिमा के समक्ष पूजन दरबार सजाया और पहले नवरात्रे पर माता शैल पुत्री की पूजा की। व्रतधारियों ने अखंड ज्योत जलाकर मां का आशीर्वाद लिया।

प्रथम नवरात्रे से मन्दिरों में इस बार कोविड 19 के चलते श्रद्धालओं की भीड़ नहीं उमड़ेगी, मंदिरों के द्वारा सरकार व जिला प्रशासन की गाइडलाइंस का भी ध्यान रखा जा रहा है। धाम के महंत चरण दास महाराज ने कहा कि कोविड-19 के चलते सरकार व जिला प्रशासन की गाइडलाइन है उसके मुताबिक मंदिरों में ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवरात्रों का महत्व तभी जब हम हर घरों में बेटियो का सम्मान करेंगे। हमें बेटियों को सुरक्षा का माहौल देना चाहिए। यही देवी पूजा का सबसे बड़ा महत्व है।

### मां शैलपुत्री की विशेष पूजा अर्चना की

**भिवानी।** सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में भोर के समय नवरात्रों के प्रथम दिन मां शैलपुत्री देवी की पूजा अर्चना की गई। महाराज ने बताया कि जो श्रद्धालु मां शैलपुत्री की पूजा विधि-विधान से करता है उसके घर में सुख-शांति व धन-ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

महाराज ने बताया कि नवरात्रौं पर 58 साल बाद यह दुर्लभ योग बना है जो शुभ फल देता है। नवरात्र पर राजयोग, दिव्य पुष्कर योग, अमृत योग, स्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, आनंद, सौभाग्य और धृति योग भी बन रहे हैं। इसमें निवेश और बिक्री बेहद शुभ है।

# सांझी के रूप में नौ देवियों की पूजा...

### नवरात्रों में मां दुर्गा का सांझी रूप में आगमन

रणबीर सिंह। सोनीपत

**सांझी** माता को नवदुर्गा का ही रूप माना जाता है। इसलिए सांझी माता की नवरात्रों में अपने घरों में विशेष पूजा की जाती है। दशहरे के दिन सायंकाल में बहते हुए जल में सांझी माता को विर्सजित किया जाता है। आधुनिक युग में आज भी संस्कृति का समावेश देखने को मिला। मॉडर्न युग में शहरी व ग्रामीण लोग अपनी परंपराओं को नहीं भूले।

आधुनिक युग की भागदौड़ भरी जिंदगी में आज भी कुछ ऐसे परिवार भी हैं, जो अपनी पुरानी परंपराओं को नहीं भूले हैं। चाहे उन्होंने अपने घरों को कितना ही मॉडल रूप क्यों न दे दिया हो। ऐसा ही नजारा सोनीपत शहर के राम नगर में स्नेहा के घर व गांव शहजादपुर विनोद-बबली के घर देखने को मिला, जहां पर उनके परिवार ने मकान की दीवार पर सांझी माता को बनाकर अपनी पुरानी परंपरा को निभाया। उनका मानना है कि नवरात्रों में माता सांझी के रूप में ही देवी के नौ रूपों की पूजा होती है, जो मनवांछित फल देती है। महिलाओं का मानना है कि सांझी माता की पूजा अर्चना करने से मन वांछित फल मिलता है व घर में सुख समृद्धि का वास होता है। नवरात्रों की अष्टमी को गणेश महोत्सव की तरह दोपहर बाद श्रद्धा से पूजा अर्चना कर सांझी माता को स्वच्छ तालाब या नदी में प्रवाहित किया जाता है। बुजुर्ग महिलाओं के मार्गदर्शन में नवविवाहिताएं व कन्याएं इन रीति-रिवाजों को पूरा करती हैं। कुआरी कन्याओं द्वारा माता पूजन की इस विधि के जरिए उनकी रक्षा के साथ अच्छा वर मिलने की कामना भी होती है। ग्रामीण महिलाओं द्वारा घर के आंगन में सांझी बनाकर पूजा-अर्चना करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जो आज भी कायम है। पहले इस सांझी पूजन के लिए गांव की काफी महिलाएं एकत्रित होकर देर शाम से अर्धरात्रि तक गीत गाकर पूजा करती थीं, जिससे आपस में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा मिलता था। प्राचीन परंपरा के अनुसार सांझी माता का भोग लगे प्रसाद का सेवन करने से कई प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है। सांझी माता के नाम पर ही वैष्णोदेवी में स्थित एक पड़ाव का नाम सांझी छत पड़ा है।


नवरात्रों में दीवार पर सजाई गई सांझी माता।

# भारत में तेजी से बढ़ रहा डिजिटलीकरण

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत / गाजियाबाद

**फ्लिपकार्ट** इस त्योहारी सीज़न में ग्राहकों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने और विक्रेताओं, एमएसएमई और कारीगरों को प्रगति और वृद्धि के रास्ते पर आगे ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता की ओर ध्यान दे रही है। ऐसे में बिग बिलियन डेज़ के पहले दिन से मिले कुछ शुरुआती रुझान यहां दिए गए हैं जो बताते हैं कि भारत किस तरह तेज़ी से डिजिटलीकरण की ओर कदम बढ़ा रहा है।

### भारत हुआ ऑनलाइन

मेट्रो और टियर 2 शहरों के ग्राहकों के अलावा विभिन्न कैटगरी में 50 फीसदी नए ग्राहक टियर 3 और इससे छोटे शहरों के रहे। होम कैटगरी के नए ग्राहकों में 53 फीसदी, बड़े एप्लायंस और बीजीएम (ब्यूटी और सामान्य चीज़ें) कैटगरी के नए ग्राहकों की संख्या में करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली और ये सभी टियर 3 शहरों के हैं त्योहारी सीजन में एमएसएमई ने की वापसी, टियर 2 और इससे छोटे शहरों के विकेताओं को ई-कॉमर्स पर वृद्धि देखने को मिली

### मेट्रो शहरों के अलावा अन्य शहरों में रहने वाले ग्राहकों को भी मिला फायदा

2550 से ज्यादा पिनकोड के स्थानीय एमएसएमई को पूरे देश से मांग में वृद्धि देखने को मिली। इस बिग बिलियन डेज में 167 नए शहरों के विक्रेता ई-कॉमर्स से जुड़े। लगभग 60 फीसदी विक्रेता टियर 2 और तलचर, वेलूर, सोहागपुर, सिंदी जैसे इससे भी छोटे शहरों में रहते हैं। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टियर 2 शहरों में जयपुर, सूरत और पानीपत के विक्रेता शामिल रहे। किफायत ने खपत बढ़ाने में की मदद। डिजिटल इंडिया की ओर लोगों का बढ़ता झुकाव देखने को मिला।

# परमात्मा को भूलने से दुख-कलेश मनुष्य को जकड़ लेते हैं : बाबा सतनाम सिंह

### जत्थेदार भाई हरदयाल सिंह ने सरबत के भले के लिए गुरु चरणों में अरदास की

सरबजोत सिंह दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**गुरुद्वारा** नीलधारी संप्रदाय पिपली साहिब के प्रमुख संत बाबा सतनाम सिंह जी (राजा जोगी) ने कहा कि कार्तिक महीने के सुहावने मौसम में भी जो परमात्मा से नहीं मिल पाता, यह उसके कर्मों का ही परिणाम है। इसका दोष किसी ओर को नहीं दिया जा सकता। परमात्मा को याद न करने से दुनिया के सभी दुख-कलेश मनुष्य को जकड़ लेते हैं।

वे संक्रांति के अवसर पर गुरुद्वारा नीलधारी संप्रदाय पिपली साहिब में आयोजित विशाल धार्मिक समागम में संगत से रूबरू हो रहे थे। बाबा बुड्ढा जी और शहीद भाई तारु सिंह जी के जन्मदिवस, किले वाले महाराज जी के ज्योति ज्योत दिवस और संत बाबा सतनाम सिंह की विवाह वर्षगांठ को समर्पित इस समागम में पंथ के सिरमौर रागी सिंघो ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी जत्था भाई अर्जुन सिंह परवाना, रागी जत्था भाई सूबा सिंह पिहोवा, रागी जत्था भाई जगजीत सिंह और रागी जत्था भाई तरनप्रीत सिंह लाल ने गुरबाणी शब्द द्वारा संगत को निहाल किया।

गुरबाणी कथावाचक ज्ञानी हरजीत सिंह हरमन और भाई लखविंदर सिंह पारस ने गुरबाणी शब्द की व्याख्या कर संगत को गुरु इतिहास से जोड़ा। जत्थेदार भाई हरदयाल सिंह ने सरबत के भले के लिए गुरु चरणों में अरदास की। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी भाई बलजीत सिंह ने कार्तिक मास की कथा सुनाई। आई हुई संगत के लिए गुरु के लंगर की व्यापक व्यवस्था की गई। इस मौके पर बीबी गुरनाम कौर, भाई साहिब भाई निर्मल सिंह खालसा, बीबा अर्पणा कौर, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भाई जसवंत सिंह, महासचिव भाई शमशेर सिंह, दविन्दर सिंह, अवतार सिंह, रणजोध सिंह, रब्ब सिंह, बचित्तर सिंह, जसबीर सिंह, प्रधान सिंह सहित संगत मौजूद रही।


संगत को संबोधित करते संत बाबा सतनाम सिंह और अरदास करते बाबा हरदयाल सिंह।

### कांग्रेस व भाजपा आपस में मिलकर किसानों को कर रहे गुमराह

**रादौर।** पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा ने शनिवार को इनेलो पार्टी में शामिल हो गये। पूर्व विधायक ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ इनेलो पार्टी का दामन थामा। इससे पहले पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा ने चंडीगढ़ रवाना होने से पहले रादौर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा व कांग्रेस दोनों एक ही थैली क चट्टे बट्टे हैं।

दोनो दलों ने अपनी सरकारों में कृषि संबंधी बिलों का समर्थन किया था। सत्ता से बाहर रहते हुए दोनो दल इसका विरोध करते है और सत्ता में आने पर इसका समर्थन करते है। कांग्रेस व भाजपा दोनो दल आपस में मिलकर किसानों को गुमराह कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने में लगे हुए है, लेकिन चौधरी देवी की इनेलो पार्टी हमेशा से किसानों, मजदूरों, दुकानदारों व व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ती आ रही हैं। जिसमें उन्होंने अपना विश्वास व्यक्त किया है।

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**कभी नवरात्र की खुश्बू, कभी रमज़ान की खुश्बू**
**सदा महके यूँ ही इंसान की, ईमान की खुश्बू**
**जगत-जननी ओ माँ-अम्बे यही है आज बस विनती**
**समूचे विश्व में महके ये हिंदुस्तान की खुश्बू**

### मनोज हत्याकाण्ड के दोषियों की गिरफ्तारी को प्रदर्शन 23 को

**भिवानी।** जन संघर्ष समिति, जनवादी महिला समिति, क्रांति मोर्चा एवं ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स एकेडमी की तरफ से शहर में खिलाड़ी मनोज यादव हत्याकाण्ड के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नुक्कड़ सभाएं शुरू की दी हैं। इसी सिलसिले में दादरी गेट के पास ढाणा रोड पर एक बड़ी सभा हुई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं गली वासियों ने हिस्सा लिया।

सभा की अध्यक्षता वार्ड नं. 13 वासी शिवकुमार बोस ने की। सभा को सम्बोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि एक महीना बीत जाने के बाद भी कथित अपराधी हमलावर पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। सभी ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि हत्याकाण्ड में कोई भी अपराधी हो उसे तुरन्त पहचान कर गिरफ्तार किया जाए। माता-पिता गुजर चुके हैं और उनकी पांच बहनें न्याय की गुहार लगा रही हैं।

# मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया ने तुमाकुर, कर्नाटक में 28वें मेट्रो होलसेल स्टोर का उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**मेट्रो** कैश एंड कैरी, जो भारत का सबसे बड़ा संगठित होलसेलर एवं फूड स्पेशलिस्ट है, ने आज तुमाकुर में अपने पहले मेट्रो होलसेल स्टोर का उद्घाटन किया।

यह नई स्टोर, जो भारत में मेट्रो की 28वीं होलसेल स्टोर है, का उद्घाटन जीएस बासवराज, सांसद, तुमाकुर कंस्टिट्यूएंसी, कर्नाटक और श्री जीबी ज्योति गणेश, विधायक, तुमाकुर, तुमाकुर कंस्टिट्यूएंसी, कर्नाटक और मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के निदेशक-ऑफर मैनेजमेंट और सप्लाई चेन एवं ओन ब्रांड्स, मनीष सबनीस द्वारा किया। कर्नाटक राज्य सरकार के अधिकारी, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और प्रमुख सप्लायर पार्टनर्स भी मौजूद थे। यह नई स्टोर, कर्नाटक राज्य की सातवीं मेट्रो स्टोर है। 24000 वर्गफीट में फैली, यह स्टोर तुमाकुर के व्यावसायिक केंद्र - मंडीपेठ मेन रोड पर महत्वपूर्ण रूप से स्थित है और यह शहर के 25,000 से अधिक पंजीकृत ग्राहकों की आवश्यकताएं पूरी करेंगी, जैसे- किराना और ट्रेडर्स होटल्स, रेस्टॉरेंट्स एवं कैटरर्स सर्विसेज, कंपनीज एवं ऑफिसेज और स्वरोजगारी प्रोफेशनल्स। तुमाकुर जिले के अलावा, आसपास के बाजारों-सीरा, गुबी, तिप्तुर, कुनिगल, नितुर, मदुगिरि, दबासपेठ, चिक्कनायकन हल्ली व अन्य के कारोबारी ग्राहक भी इसका लाभ ले सकेंगे।

### 'वोकल फॉर लोकल' के अनुरूप, मेट्रो द्वारा बिक्री किये जाने वाले 99 प्रतिशत उत्पाद मेड इन इंडियातुमाकुर स्टोर में स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनेक स्वदेशी क्षेत्रीय ब्रांड्स उपलब्ध होंगे

भारत के प्रति मेट्रो की वचनबद्धता को दोहराते हुए, मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के निदेशक - ऑफर मैनेजमेंट और सप्लाई चेन एवं ओन ब्रांड्स, मनीष सबनीस ने कहा, तुमाकुर स्टोर, हमारे पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है, चूंकि इससे कर्नाटक में हमारा आधार मजबूत होगा। कोविड-19 महामारी के बीच और कमजोर आर्थिक भावना के बावजूद, इस स्टोर का उद्घाटन किया गया है। मेट्रो, भारत में अपने स्टोर फॉर्मेट और टिकाऊ विस्तार के अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित हैं।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ सूचना ◆

It is notified for the information that my Duplicate Qualifying Examination Certificate of Compartment Examinations of Year 1976 & Roll No. 42391 issued by CBSE has been actually lost. Name of candidate - Mohinder Pal Singh Address: E-44, Nehru Ground, NIT Faridabad-121001, Haryana.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# सही दिशा में उठाया गया कदम

**यह अच्छी बात है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो व रिवर्स दरों को अपरिवर्तित रखा है अन्यथा वर्तमान परिदृश्य में किसी भी प्रकार की कटौती निष्फल व्यय साबित होती।**

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं।





पिछले द्विमाह मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के पुनरीक्षण में 6 अगस्त को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा घोषणा की गई थी, कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नीति रेपो दर को चार प्रतिशत पर बनाए रखा है। इसने रिजर्व रेपो दर अथवा ब्याज दर जिसके तहत बैंक अपना अतिरिक्त धन आर्रबीआई में रखते हैं उसे 3.35 प्रतिशत पर रखा है। उसने तब तक मौद्रिक नीति के समायोजनकारी रुख को जारी रखा है जब तक वृद्धि का पुनरुत्थान एवं कोविड-19 के प्रभाव को क्षीण करना आवश्यक है, साथ में सुनिश्चित भी किया है कि मुद्रास्फीति लक्ष्य के दायरे में ही रहे।

अगले द्विमाही पुनरीक्षण में (जो कि 1 अक्टूबर को होना निर्धारित था, जिसे 9 अक्टूबर तक टाल दिया गया था, जिसका कारण था एमपीसी में तीन अतिरिक्त सदस्यों का नियुक्ति में विलंब होना), यह उम्मीद थी कि इस बार कोई बदलाव नहीं होगा। चीजें उम्मीद के मुताबिक हुई हैं जबकि आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दरों पर यथास्थिति को बनाए रखा है। इसके चार प्रमुख कारण है कि क्यों नीतिगत दरों को नीचे की ओर जाने के लिए आगे कार्रवाई करना आवश्यक था, जैया कि उद्योग के कुछ तबकों द्वारा मांग की गई थी। जब से, दिसंबर 2018 में पदासीन गवर्नर ने पद संभाला है, आरबीआई ने 2.5 प्रतिशत की रेपो दर में संचयी कटौती तकसीम की है। इसमें से, 2019 के दौरान, 1.35 प्रतिशत की कुल कटौती पांच किस्तों में की गई थी, अंतिम कटौती उस नीतिगत पुनरीक्षण के अंतर्गत की गई थी जो 4 अक्टूबर 2019 को घोषित किया गया था। इसने दर को वर्ष के प्रारम्भ में 6.5 प्रतिशत से बंद होने तक 5.15 प्रतिशत पर ला दिया। शीर्ष बैंक ने तरलता को बढ़ावा देकर खुला बाजार परिचालन (ओएमओ) जैसे नीतिगत औजारों का प्रयोग करके अर्थव्यवस्था को बल देने का प्रयास किया।

उपरोक्त नीतिगत कदम वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि में गिरावट की पृष्ठभूमि में किए गए थे जिसकी शुरुआत वित्त वर्ष 2018-19 की तीसरी तिमाही में हुई थी और 2019-20 के संपूर्ण वित्त वर्ष के दौरान जारी रही, जिसके पीछे इरादा न केवल गिरावट को रोकना बल्कि उनका पुनरुत्थान करना भी था। फिर भी, वृद्धि के 2019-20 की अंतिम तिमाही के दौरान तीन प्रतिशत से थोड़ा अधिक डूब जाने के साथ घोषणा जारी रही और वह 4.2 प्रतिशत पर जाकर रुकी। लेकिन यह दास को नीति दर में कटौती जारी रखने से नहीं रोक सकी। 27 मार्च को, उन्होंने नीति दर 0.75 प्रतिशत घटा दी। इसके बाद 22 मई को 0.4 प्रतिशत की कटौती की गई, इस तरह महामारी के पश्चात 1.15 प्रतिशत की कुल कटौती की गई। दस ने 27 मार्च तथा 17 अप्रैल को नकद आरक्षित अनुपात-सीआरआर, लक्षित दीर्घकालीन रेपो परिचालन की नीलामी, सीमांत स्थायी सुविधा- एमएसएफ के अधीन सामायोजन में बढ़ोतरी जैसे उपायों की घोषणा की, जिसका उद्देश्य कुल तरलता को 5,00,000 करोड़ के स्तर पर प्रविष्ट करना था। इन उपायों के बावजूद, वर्तमान वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान आर्थिक वृद्धि ऋण 24 प्रतिशत तक गिर गई थी।

30 सितम्बर को समाप्त होने वाली दूसरी तिमाही के दौरान, यद्यपि स्थिति उतनी बुरी नहीं थी, वृद्धि फिर भी 2019 की तिमाही की तुलना में कम थी (संपूर्ण वर्तमान वर्ष के दौरान, दास ने 9.5 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान प्रस्तुत किया था, वह भी पिछली तिमाही के दौरान सकारात्मक वृद्धि पर लगाया गया था)। ये रुझान स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि न तो नीतिगत दर में कटौती, न ही प्रणाली में तरलता झोंकना कारगर हो रहा है। दूसरे, दस के मुताबिक, कोविड-पूर्व चरण के दौरान नीतिगत दर 1.35 प्रतिशत घटाने से, बैंकों के द्वारा केवल 0.6 प्रतिशत कर्ज देने की दरों में कटौती के द्वारा हस्तांतरित किया गया था। यदि संचारण तब 50 प्रतिशत भी नहीं था, तो फिर नीतिगत दरों में कटौती पर जोर देते रहने की क्या जरूरत है। क्या हमें यह समझना है कि बैंक अंतर को जेब में रख रहे हैं? सच यह है, हम एक मजबूत सह संबंध देखने का प्रयास कर रहे हें जो या तो विद्यमान ही नहीं है अथवा यदि कोई होगा भी तो बहुत निर्बल है। बैंक वह ब्याज दर तय करता है जिसे वह उधार लेने वाले से वसूलता है जो कि जमा पर उसके द्वारा चुकाई जाने वाली ब्याज दर पर आधारित होता है, साथ में उसकी मध्यस्थता की लागत को जोड़ा जाता है। यह गैर निष्पादन परिसपंत्तियों अथवा ऋणों में कारक बनना होता है जिन्हें वसूला जा सकता है।

जबकि नीतिगत दर को ऋण देने की दर निर्धारित करने के लिए बाहरी बेंचमार्क के तौर पर पेश किया जाता है, वह नीतिगत दर में बदलाव का सटीक अनुसरण नहीं करता। एक निश्चित सहसंबंध केवल तभी संभव होगा यदि केवल आरबीआई उसके वित्तपोषण का एकमात्र स्रोत हो, लेकिन यह सैद्धांतिक बात है। तीसरे, आरबीआई द्वारा आगे की ओर कर्ज देने के लिए स्रोत व बैंकों को खोले जाने के बावजूद जैसा कि वित्त वर्ष 2019-20 में तथा चालू वर्ष के दौरान बड़े पैमाने पर किया गया था, बैंकों ने कर्ज देना बंद नहीं किया है। 2019-20 के दौरान, बैंक क्रेडिट 6.1 प्रतिशत से बढ़ा था, जो कि 2018-19 के दौरान दर्ज की गई 13.4 प्रतिशत की वृद्धि के आधे से भी कम है। रुझान चालू वर्ष में बढ़ गया है। कुल मिलाकर बैंकिंग प्रणाली से गैर खाद्य क्रेडिट टेकआफ अप्रैल-जुलाई 2020 के दौरान 1,40,000 करोड़ से घटकर 90 लाख करोड़ हो गया है। 17 अप्रैल को रिवर्स रेपो दर में वर्तमान 3.75 प्रतिशत से कटौती की घोषणा करते समय, दास ने तर्क दिया था कि यह बैंकों को स्वयं के पास अतिशय धन रखने के बजाए बिजनेसों को कर्ज देने के लिए प्रेरित करेगा और तब वे भारी भरकम 6,90,000 करोड़ आरबीआई के साथ रखे हुए थे। तब से यह दर 3.35 प्रतिशत और कम कर दी गई है यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंक शीर्ष बैंक के पास धन न रखें, इसके बजाए कर्ज दें। फिर भी, अतिरिक्त धन जो उनके पास रखा है वह 80,000 करोड़ पार कर गया है। कोरोनावायरस द्वारा पैदा किए गए व्यवधान एवं परिणामत: क्रेडिट में संकुचन के अलावा, अनुशस्ति एवं निस्तारण के लिए मांग भी बैंकों द्वारा जोखिम टालने एवं कर्ज के प्रति संकीण दृष्टिकोण अपनाने के कारण प्रभावित हुई है।

चौथे, तीन महीने तक लाकडाउन एवं उसके पश्चात भी जारी रहने, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर रुक रुक कर लाकडाउन लागू किए जाने, के कारण पूर्व की तुलना में मांग में जबर्दस्त गिरावट आई है। लाखों की संख्या में बिजनेसों के बंद हो जाने के अतिरिक्त अथवा वेतन व मजदूरी में कटौती होने के कारण, वे लोग कोविड के प्रभाव से बच गए और जिनके पास अतिरिक्त धन था, वे भी सामाजिक दूरी की बाध्यता के कारण खर्च नहीं कर पाए और रेस्टोरेंटों, सिनेमा हालों, मल्टीप्लेक्सों, पर्यटन गंतव्यों जैसे सेवा क्षेत्रों में लंबे समय तक बंदी की स्थिति बनी रही।

महामारी के द्वारा पैदा की गई अक्षमता की गंभीरता को आंकलन इस तथ्य से किया जा सकता है कि वर्तमान समय में, जनता के पास नकदी ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच गई है जो कि 26,00,000 करोड़ अथवा जीडीपी की 15 प्रतिशत है, अगर वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 10 प्रतिशत संकुचन मान लिया जाए, तो यह नवंबर 2026 में नोटबंदी केसमय 17,00,000 करोड़ से ऊपर थी।

एक प्रमुख कारक जिसका मांग पर व्यापक असर पड़ा उसका घोटालों से लेना देना है। इनमें शामिल है बैंकों व गैर बैंकिंग फाइनेंस कम्पनियों से पैसे का गबन किया जाना, अथवा बिल्डरों द्वारा सीधे जनता से पैसा लिया जाना आदि। सैकड़ों व हजारों करोड़ के ये घोटाले चुनिंदा लोगों की निजी संपत्ति में जुड़ जाते हैं, जो कि या तो विदेशों में जमा की जाती है या भारत के भीतर बेनामी संपत्ति के तौर पर। यदि यह धन उन लाखों लोगों के पास रहता जिनका ये असलियत में है, तो इससे क्रयशक्ति में काफी बढ़ोतरी होती, बैंकों व वित्तीय संस्थाओं का एनपीए कम होता और कर्ज देने की उनकी क्षमता और बढ़ जाती।


एमपीसी की अगस्त में हुई बैठक में छायी निराशा के विपरीत, इस बार आरबीआई ने आत्मविश्वास पैदा किया है क्योंकि गवर्नर भारतीय अर्थव्यवस्था को निर्णयात्मक चरण में प्रवेश करते देख रहे हैं, और विविध क्षेत्रों में संकुचन घटकर सहजता आ रही है। क्यू-1 का गहन संकुचन हमारे पीछे छूट चुका है और भारत में चमकीली रेखा नजर आने लगी है। वो खुदरा मुद्रास्फीति को तीसरी तिमाही के बाद से कम होता देख रहे हैं, जो कि श्रेष्ठ कृषि संबंधी दूरदृष्टि तथा तेल की कीमतें सीमा में रहने से प्रेरित है। गवर्नर ने बाजार के सहभागियों को तरलता तक पहुंच एवं सरल वित्तीयन शर्तों को लेकर आश्वस्त करने के लिए उपाय करने का वादा भी किया है- अगले सप्ताह 20,000 करोड़ की ओएमओ नीलामी और मार्च 2021 तक 1,00,000 करोड़ की उपलब्धता, इस दिशा में उठाए गए कुछ कदम हैं।

ये सब समान श्रेणी में उपायों की संख्या में जुड़ जाते हैं। जिस तरह वे उपाय विफल साबित हुए, वैसे ही संभव नहीं है कि ये बढ़ोतरियां कुछ बेहतर कर पाएंगी। यह अच्छी बात है कि आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दरों यथा रेपो दर व रिवर्स रेपो दर को अपरिवर्तित रखा है, अथवा वर्तमान परिदृश्य में, जब अर्थव्यवस्था संरचनात्मक बाधाओं से परिपूर्ण है, आगे कोई और कटौती निष्फल साबित हुई होती। अर्थव्यवस्था में विद्यमान संरचनातमम बाधाओं को संबोधित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इनमें बिजनेस भावना को ऊंचा उठाने तथा निवेश को बढ़ावा देने, एनपीए से युद्धस्तर पर निबटने, बैंकों को सक्रिय ढंग से परियोजनाओं के लिए कर्ज देने हेतु प्रेरित करने तथा घोटालों के साथ सख्ती से निबटने व उन्हें रोकने जैसे नीतिगत सुधार शामिल होते हैं। इनके बगैर, अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने पर जोर देने से कोई लाभ नहीं होता।

# मजबूत करें स्थानीय निकाय

यूएलबी को जल सप्लाई, कचरा प्रबंधन, जल निकासी, सीवेज, शहरी परिवहन व ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। ऐसा न होने का एक कारण उनकी अक्षमता है।

**एम. रामचंद्रन**
(लेखक, शहरी विकास
मंत्रालय के पूर्व सचिव हैं)





स्थानीय निकायों को ज्यादा सक्रिंय भूमिका देने के लिए नगरपालिका व नगर निगम कर्मचारियों के वर्तमान ढांचे में व्यापक परिवर्तन करने होंगे। केन्द्र व राज्य सरकारों के बाद शहरी स्थानीय निकाय-यूएलबी या पंचायत जनता के सबसे निकट होती है। 1992 में संविधान के 74वें संशोधन ने नगरपालिकाओं की महत्वपूर्ण स्थिति स्वीकार की थी। हालांकि, चेन्नै नगर निगम 1688 से तथा कोलकाता और मुंबई के नगर निगम 1726 से कार्यरत हैं।

स्थानीय सरकार राज्य सूची का विषय है और 1992 के संशोधन द्वारा नगरपालिकाओं को संवैधानिक दर्जा मिलने के बावजूद नगर निकाय संस्थानों की शक्तियों, कामकाज तथा जिम्मेदारियों पर संबंधित राज्य विधायिकाओं का अधिकार बनाए रखा गया है। इस प्रकार यूएलबी की वैधता सुनिश्चित रखते हुए यह संशोधन नगरपालिका व्यवस्था में कोई ढांचागत परिवर्तन नहीं करता है। राज्यों ने स्थानीय सरकारों को मजबूत कर प्रशासन बेहतर बनाने तथा उसे जनता के निकट ले जाने के प्रयास थोड़ा अलग तरीके से किए हैं। संविधान की बारहवीं अनुसूची में यूएलबी के निर्धारित 18 कामों को विभिन्न राज्य सरकारों ने अलग-अलग तरीके से संबोधित किया है। कुछ ने ये सारे काम उनको दिए हैं, जबकि कुछ ने यह काम केवल आंशिक रूप से किया है। ऐसा कदम उठाने के बावजूद यूएलबी को पैसे, कामकाज व कार्यकारियों को पूरी शक्ति देने के मामले में काफी भ्रम की स्थिति है। केन्द्र सरकार ने शहरी क्षेत्रों की केन्द्रीय योजनाओं को सुधार एजेंडे में शामिल कर सारे काम शहरी संस्थानों को दिए हैं और उनको प्रभावी बनाने का प्रयास किया है।

यूएलबी को जल सप्लाई, कचरा प्रबंधन, जल निकासी, सीवेज, शहरी परिवहन व ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। ऐसा न होने का एक कारण उनकी अक्षमता है। संविधान संशोधन यूएलबी का राजस्व आधार परिभाषित नहीं करता है तथा राज्य वित्त आयोग-एसएफसी की व्यवस्था प्रभावी परिवर्तन करने में अक्षम रही है। इसके उलट ब्राजील की नगरपालिकाओं को व्यापक स्वायत्तता प्राप्त है और वे टैक्स लगाने में सक्षम हैं। इसके लिए संविधान में संघ, राज्यों व नगर निकायों को पैसा हस्तांतरित करने की स्पष्ट व्यवस्था है। ऐसे में संविधान में केन्द्र व राज्य सूचियों के साथ स्थानीय निकाय सूची भी शामिल हो सकती है। ज्यादा सक्रिय व जवाबदेह भूमिका निभाने के लिए नगरपालिका कर्मियों के वर्तमान ढांचे में भी व्यापक परिवर्तन जरूरी होंगे। भविष्य में नगरपालिकाओं को निर्धारित कामों के लिए तैयार करने हेतु नगर प्रशासन को हर क्षेत्र में सक्षम पेशेवरों की जरूरत है।

कर्नाटक के नगर निगमों में मोटेतौर से नगर कमिश्नर नीचे चीफ एकाउंट्स आफिसर, चीफ इंजीनियर, रेवेन्यू आफिसर, चीफ डेवलपमेंट आफिसर व चीफ हेल्थ आफिसर जैसे पांच पद हैं। ठोस कचरा प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था जरूरी है। सार्वजनिक-निजी साझेदारी, पर्यावरण प्रबंधन, शहरी आवागमन व संसाधन सृजन के लिए भी पेशेवरों की जरूरत है। कर्मचारियों के मानकों की समीक्षा की जरूरत है। ढांचागत संरचना से सेवा प्रदाता व्यवस्थाओं में परिवर्तन स्वीकार किया जाना चाहिए। क्या हमारे स्थानीय निकाय पानी सप्लाई जैसी व्यवस्थाओं को निरंतर बनाए रखने, उस पर आने वालाखर्च वसूल करने, नागरिकों की शिकायतें दूर करने व अन्य समस्याओं के समाधान की स्थिति में हैं। क्या वे नागरिकों को चौबीसों घंटे व सातों दिन मानकों के अनुसार सेवा दे सकते हैं।

तेरहवें वित्त आयोग ने कहा था कि राज्य सरकारों को सभी आवश्यक सेवायें धीरे-धीरे स्थानीय निकायों को सौंपनी चाहिए तथा चौदहवें वित्त आयोग ने मूलभूत सेवाओं के मानक निर्धारित किए थे। जनता की सेवा के मामले में अनेक वैश्विक उदाहरण हैं। लंदन में 2019 में एक सार्वजनिक बयान के माध्यम से एक निजी जल सप्लाई कंपनी ने स्वीकार किया था कि वह पानी लीकेज रोकने का लक्ष्य प्राप्त करने में विफल रही है और इसके लिए जुर्माना अदा करेगी। इस जुर्माने की राशि उपभोक्ताओं के बिलों से घटाई जाएगी। स्थानीय निकाय सरकारों को जनता के निकट ले जाने के लिए हमें उनको प्रभावी व कारगर बनाना होगा। संविधान संशोधन ने स्थानीय निकाय परिषदों के स्तर पर वार्ड समितियां बनाने का प्राविधान किया है। प्रत्येक राज्य विधायिका को इसका प्राविधान कर उनको कारगर बनाना होगा। केन्द्र ने राज्यों को एक माडल नगर राज बिल का प्रारूप दिया है जिसमें उनके काम, अधिकारों तथा कर्तव्यों का वर्णन है। वार्ड समितियां वार्डों का बजट बनाने, निगरानी तथा विभिन्न विकास कार्यों के बीच समन्वय का काम कर सकती हैं। इससे प्रमुख सेवाओं तक सभी नागरिकों की पहुंच सुनिश्चित होगी तथा इस व्यवस्था में क्षेत्रीय लोगों को सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया जा सकता है। अब राज्यों का काम है कि वे इनके गठन तथा इनको प्रभावी बनाने के लिए समुचित विधायन करें। हाल ही में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा कर्नाटक के स्थानीय निकायों के आडिट से स्पष्ट हुआ है कि बैंगलुरू को छोड़ कर किसी नगर निगम में वार्ड समितियों का गठन नहीं हुआ था। प्रत्येक पोलिंग स्टेशन या पोलिंग स्टेशनों के समूह पर क्षेत्र सभाओं का गठन भी राज्य विधायनों से किया जा सकता है। प्रत्येक राज्य सरकार से उम्मीद की गई थी कि राष्टीय शहरी मिशन के सुधार एजेंडे के अंतर्गत वह सामुदायिक सहभागिता कानून बनाएगा। लेकिन आंध्र प्रदेश जैसे कुछ ही राज्यों ने इस दिशा में कदम उठाए।

वार्ड समितियां व क्षेत्रसभायें नागरिकों के बारे में डेटा व सूचनायें एकत्र करने तथा सेवाओं पर लगातार निगरानी रखने का काम कर सकती हैं। यह स्थानीय स्वशासन को प्रभावी बनाने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वर्तमान कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के संदर्भ में एक ऐसी स्थिति की कल्पना करें जब क्षेत्र सभायें स्थानीय निकाय प्रशासन को जरूरतमंद लोगों के बारे में जानकारी उपलब्ध करा सकतीं। इनमें अकेले, दिव्यांग, लगातार चिकित्सकों की निगरानी की जरूरत वाले लोग, प्रवासी तथा कामगार शामिल होते जिनको सहायता की आवश्यकता होती। इसके आधार पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई की सुनियोजित व्यवस्था बनाई जा सकती थी। इससे स्थानीय निकाय के स्तर पर उपयुक्त सूचनाओं के आधार पर निर्णय लेने में सहायता मिलती। इसका एक सक्रिय उदाहरण हाल ही में गुरुग्राम में देखने को मिला था। यहां शहर प्रशासन ने शहर के विभिन्न भागों में बेकार पड़ी सिटी बसों का प्रयोग राशन तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए किया था। स्थानीय प्रशासन के दृष्टिकोण से स्थानीय सरकारों को 'वोकल' बनाया जा सकता है। इससे लोगों को प्रशासनिक प्रक्रिया में सहभागिता का अनुभव होगा। राज्यों को स्थानीय स्तर पर संस्थाओं के लिए विधायन का काम करना चाहिए। समय आ गया है कि राज्य सरकारें स्थानीय निकाय संस्थानों की प्रभावी भूमिका स्वीकार करें। इसके लिए संसाधन प्रबंधन, कर्मियों को पेशेवर बनाने, स्थानीय जवाबदेही को बढ़ावा देने तथा हर स्तर पर क्षमता सुधारने के लिए कुछ परिवर्तन करने होंगे। स्वच्छ भारत मिशन ने सिद्ध किया है कि स्थानीय नेतृत्व का सहयोग कितना महत्वपूर्ण हो सकता है। औपचारिक व्यवस्थायें बनाने से अटल शहरी पुनर्जीवन मिशन जैसी योजनाओं के लक्ष्यों का बेहतर क्रियान्वयन संभव हो सकता है। इससे सभी घरों को पानी सप्लाई व सीवेज निस्तारण की मूलभूत सुविधायें मिल सकेंगी।

# कर्मचारियों के वेतन को नहीं कोई संकट : मनोहर लाल

## सभी विभागों में 15 तक मिल रहा है वेतन

## फिर से शुरू की बिजली पर सब्सिडी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में वित्तीय संकट को लेकर चल रहे अटकलों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साफ किया है कि प्रदेश के सामने इस समय कोई वित्तीय संकट नहीं है। सभी विभागों में कर्मचारियों को हर माह की 15 तारीख से पहले-पहले वेतन अदायगी की जा रही है।

शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने बतौर वित्त मंत्री कहा कि कोरोना के कारण हुए लॉकडाउन से हरियाणा को हजारों करोड़ की राजस्व हानि हुई है। कोरोना के कारण मार्च-अप्रैल माह के दौरान हालात काफी गंभीर बन गए थे। इसके बावजूद सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के वित्तीय हालत सुधारने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आम जनता पर कम से कम बोझ डालते हुए कोरोना काल से बाहर निकलने का प्रयास किया है। मनोहर लाल ने बताया कि मार्च-अप्रैल माह के दौरान सरकारी कर्मचारियों को देरी से वेतन दिया गया। जिसके एक रोस्टर भी लागू किया गया और 24 तारीख तक वेतन अदायगी की गई।

अब हालात सुधरते जा रहे हैं। जिसके चलते वर्तमान में 15 तारीख तक सभी वर्गों के कर्मचारियों व अधिकारियों को मासिक वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना के बावजूद जीएसटी, आबकारी व कराधान, राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में काफी सुधार हुआ है और वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। सीएम ने बताया कि कोरोना के कारण उपभोक्ताओं को बिजली के माध्यम से मिलने वाली सब्सिडी को बंद कर दिया गया था लेकिन अब इसे दोबारा चालू कर दिया गया है। बहुत जल्द खातों में आउटस्टैंडिंग निल हो जाएगी।

### पड़ोसी राज्यों से बाजरा नहीं खरीदेगी सरकार



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साफ कर दिया है पड़ोसी राज्यों से आने वाले बाजरा की खरीद हरियाणा में नहीं की जाएगी। हरियाणा सरकार प्रदेश के किसानों की फसल को पहल के आधार पर खरीदेगी। शनिवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने प्रदेश की सभी मंडियों से खरीफ फसल खरीद की रिपोर्ट मंगवाई है। कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आई है। वह रोजाना धान, बाजरा व मक्का खरीद तथा उठान की रिपोर्ट अधिकारियों से ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि हरियाणा की सभी मंडियों में किसानों की फसल एमएसपी पर ही खरीदी जा रही है। उन्होंने बताया कि किसानों को फसलों की अदायगी की प्रक्रिया 72 घंटे के भीतर-भीतर शुरू हो रही है।

**मामला पानीपत में महिला को टॉयलेट में बंधक बनाने का**

# हरियाणा महिला आयोग ने लिया नोटिस मांगी रिपोर्ट

## अब तक हुई जांच से असंतुष्ट है महिला आयोग

## पीड़िता के बच्चे भी संदेह के दायरे में

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के पानीपत में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी को टॉयलेट में बंधक बनाने और उसे अमानवीय यातनाएं दिए जाने के मामले में कड़ा नोटिस लेते हुए महिला आयोग ने एक सब कमेटी का गठन करके सभी अधिकारियों से दस दिन के भीतर रिपोर्ट मांग ली है। हरियाणा महिला आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष प्रीती भारद्वाज दलाल के अनुसार पानीपत के गांव रसपुर में एक महिला को उसके पति द्वारा टायलेट में बंधक बनाने की खबरें सामने आई थी। महिला को बीस दिन में एक बार रोटी दी जाती थी और वह नल से पानी पीकर ही प्यास बुझाती थी।उन्होंने बताया कि वह खुद गांव जाकर पीड़त महिला और उसके बच्चों से मुलाकात कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित थाना प्रभारी, जिला महिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी के साथ इस बारे में बातचीत हुई है।

महिला की पैतृक गांव में उपस्थित मौजूद लोग और मायके वालों से भी जानकारी ली गई। महिला आयोग का मानना है कि इस मामले में अभी तक ढिलाई और ढुलमुल रवैया अपनाया गया है। महिला के तीन किशोर बच्चे हैं, ओर महिला को इस स्थिति में पहुंचाने में इन बच्चों की भूमिका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

उपरोक्त मामले में हरियाणा राज्य महिला आयोग ने एक सब-कमेटी का गठन किया है। जिसमे आयोग की सदस्या नम्रता गौड़, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जिला पानीपत, श्रीमती पदमा, अध्यक्ष, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी पानीपत, महिला पुलिस थाना, पानीपत, रजनी गुप्ता,जिला महिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी पानीपत, शामिल हैं। यह कमेटी अपनी सिफारिशों के साथ विस्तृत रिपोर्ट आयोग को देगी। जिसके आधार पर आयोग द्वारा अगली कार्रवाई की जाएगी।

### कलायत और कौल से भी हटाए ठेके पर लगाए कर्मचारी

**कैथल।** स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन जिला कैथल की जिला संयोजक मंगत की अध्यक्षता में भगत सिंह भवन में हुई बैठक का संचालन एसकेएस के जिला प्रधान जरनैल सिंह ने किया। बैठक का मुख्य मुद्दा सीएचसी कलायत व पीएचसी कौल में गैर कानूनी तरीके से हटाए गए कर्मचारियों के बारे में रहा। यूनियन में पिछले दिनों कैथल में सीएमओ कैथल को सस्पेंड करने का मामला हो या गलत तरीके से मास्टर सतबीर गोयत की बदली का मामला, दोनों कि निंदा की गई। हालांकि कैथल के विधायक को अखबार या मीडिया के माध्यम से जवाब देना पड़ा। जबकि दोनों मामलों से जुड़े वीडियो, ओडियो भी सामने आए।

ऐसे ही अब पूंडरी के विधायक के कारनामे भी सामने आए हैं। विधायक के इशारे पर पीएचसी कौल में ठेका प्रथा के तहत कुछ कर्मचारियों को बिना किसी नोटिस जारी किए बिना हटा दिया है। कमाल तो तब हो गया जब कर्मचारी रात को अपनी ड्यूटी खत्म होने के बाद घर गए और सुबह जब ड्यूटी पर आए तो पता चला कि आपको हटा दिया है और उसकी जगह जो लिस्ट विधायक पूंडरी द्वारा जारी की हुई है।

# श्याम सिंह राणा ने इनेलो का दामन थामा

## ओम प्रकाश चौटाला की मौजूदगी में ग्रहण की इनेलो की सदस्यता

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**कृषि** कानून लागू होने पर भारतीय जनता पार्टी को अलविदा बोलने वाले हरियाणा के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव श्याम सिंह राणा ने शनिवार को इंडियन नेशनल लोकदल का दामन थाम लिया। चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला तथा इनेलो विधायक अभय चौटाला की मौजूदगी में इनेलो की सदस्यता ग्रहण की।

हरियाणा की पूर्व मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान संसदीय सचिव रहे श्याम सिंह राणा ने हालही में कृषि कानूनों का विरोध करते हुए भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा ने पिछले चुनाव में रादौर विधानसभा क्षेत्र से राणा का टिकट काट दिया था। जिसके बाद से वह भाजपा की राजनीति में हाशिए पर चल रहे थे।

इनेलो में शामिल होने पर श्याम सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में इस कानून को लागू करते समय भाजपा ने विरोध किया था और आज भाजपा ने जब यह कानून लागू किया है तो कांग्रेस विरोध कर रही है। किसानों के मुद्दे पर दोनो दल बेनकाब हो चुके हैं। पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल ने अपने जीवन में किसानों के हित में कई बड़े आंदोलन किए और प्रधानमंत्री की कुर्सी तक को त्याग दिया। इसीलिए उन्होंने इनेलो में शामिल होने का फैसला किया है।

राणा व उनके साथियों का स्वागत करते हुए इनेलो सुप्रीमों ओम प्रकाश चौटाला व अभय चौटाला ने कहा कि राणा व उनके साथियों को इनेलो में पूरा मान-सम्मान मिलेगा। उनके यहां आने से पार्टी न केवल यमुनानगर इलाके बल्कि समूचे हरियाणा में मजबूत होकर उभरेगी।

### बरौदा में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग शुरू

**इनेलो** नेता अभय चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बरौदा उपचुनाव के ऐलान के साथ ही भाजपा द्वारा न केवल चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है बल्कि मुख्यमंत्री द्वारा खुद सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री चुनाव की घोषणा के बाद सरकारी गाड़ियों में सवार होकर बरौदा गए और वहां कांफ्रेंस की। इनेलो द्वारा चुनाव आयोग को इस बारे में शिकायत भेजी जा रही है।

# किसान की मौत के मामले में भाकियू की महापंचायत 29 को

**कुरुक्षेत्र।** नारायणगढ़ में भाजपा की ट्रैक्टर रैली के दौरान किसान की मौत मामले में भाकियू कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए गए धारा 302 के मुकदमे के विरोध में यूनियन 29 अक्तूबर को अंबाला की मोहडा अनाज मंडी में महापंचायत करेगा।

कंबोज धर्मशाला में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाकियू प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह ने कहा कि किसानों पर दर्ज मुकदमें वापस लिए जाने की मांग को लेकर महापंचायत में पहुंचने वाला हर किसान सिर पर कफन बांधकर पहुंचेगा। महापंचायत में सरकार को बता देंगे कि जनता की पॉवर क्या होती है। गुरनाम सिंह ने कहा कि नारायणगढ़ रैली में जिस किसान की मौत हुई है, उसे किसी ने भी टच तक नहीं किया, लेकिन फिर भी पुलिस ने भाकियू कार्यकर्ताओं पर धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया। उन्होंने कहा कि मुकदमा तो उल्टा रैली के आयोजकों पर दर्ज होना चाहिए था जो एक बुजुर्ग व बीमार किसान को रैली में लेकर आए। जिस किसान को पहले भी तीन बार हार्ट अटैक हो चुका है ऐसे में उसे रैली में नहीं लेकर आना चाहिए था। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि जो अपने कार्यकर्ता की मृत्यु पर भी निजी फायदा उठाना चाहे इससे बुरी सोच और क्या हो सकती है। उन पर पांच जिलों रोहतक, करनाल, पिपली, शाहाबाद व नारायणगढ़ में मामले दर्ज किए गए। पर्चे दर्जकर भाजपा सरकार उन्हें डराना चाहती है, लेकिन भारतीय किसान यूनियन डरने वाली नहीं है। प्रदेशाध्यक्ष ने किसानों से कहा कि इन मुकदमों से डरना नहीं है और 25 अक्टूबर को दशहरा वाले दिन रावण की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला ब्लॉक स्तर पर जलाना है।

# नवरात्र की धूम, मंदिरों में कोविड-19 नियमों का पालन



नवरात्र को देखते हुए सजाया गया मंदिर।

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**पहले** नवरात्रे की शनिवार को घर-घर में धूम दिखाई दी। लोगों ने कोरोना के बावजूद जोश के साथ सामान की खरीददारी की तथा घरों में घट की स्थापना कर वृत रखे। लोगों ने मंदिरों में जाकर मां अंबे की मूर्ति के समक्ष मत्था टेका और मनौती मांगी। मंदिरों में सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखते हुए लोगों को पूजा के लिए भेजा गया।

शनिवार की पहली पूजा के साथ ही नवरात्रों की शुरुआत हो गई। नवरात्रों को देखते हुए बाजारों में अच्छी खासी रौनक रही, लेकिन खरीदारी कमजोर रही। मंदिरों को भी सजाया था। आज सुबह से ही मंदिरों में लोगों की भीड़ जमा थी, लेकिन पुजारियों द्वारा कोरोना को देखते हुए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा 2याल रखा गया था। मंदिरों के बाहर सैनेटाईजर की भी व्यवस्था की गई थी।

भक्तों को मंदिरों में घंटा बजाने की इजाजत नहीं दी गई थी। इसके अलावा महिलाओं ने घरों में घट स्थापना की तथा मां शैलपुत्री की आराधना की। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिए मंदिरों के बाहर पुलिस की भी व्यवस्था की गई। नवरात्रों के चलते फलों के दाम में बड़ा उछाल देखा गया। 40 रुपये प्रति दर्जन मिलने वाले केले का भाव आज 50 से 60 रुपये तक पहुंचा। इसके अलावा माता को सजाने का सामान व प्रसाद के दाम भी आसमान छूते दिखाई दिए।

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में करनाल रहा प्रथम

**करनाल।** राज्य स्तरीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप में परचम लहराकर लौटे एसके मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों का करनाल में स्वागत किया। अकादमी के खिलाड़ियों ने टीम ट्राफी पर कब्जा कर करनाल का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन की ओर से खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद के वाइस चेयरमैन एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नरेंद्र गौरसी ने शिरकत की। कार्यक्रम के आयोजक एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश कुमार राणा ने नरेंद्र गौरसी का स्वागत किया। अतिथि ने सभी बच्चों को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट, फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया।

# विधायक रामकरण के चेयरमैन बनने से शुगर मिलों व गन्ना उत्पादकों को मिलेगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



चेयरमैन बनने पर विधायक रामकरण को बधाई देते जजपा युवा के जिलाध्यक्ष जसविंदर सिंह खैहरा।

**जननायक** जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष जसविंद्र सिंह खैहरा ने शाहाबाद के विधायक रामकरण को शुगर फैड हरियाणा का चेयरमैन बनाने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार भी जताया। खैहरा ने कहा कि रामकरण जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं और जमीनी हकीकत को समझते हैं।

ऐसे में हरियाणा के शुगर मिलों को रामकरण काला के नेतृत्व का फायदा मिलेगा। रामकरण के चेयरमैन बनने से शुगर मिल जहां फायदे में चलेंगें, वहीं गन्ना उत्पादकों को भी लाभ होगा। जसविंद्र सिंह खैहरा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा-जजपा सरकार में आमजन को हर सुविधा मिल रही है। किसानों की फसलों को उचित दाम मिल रहे हैं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की सोच आमजन से मेल खाती है ऐसे में लाजमी ही सरकार का आमजन को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला व दिग्विजय चौटाला हमेशा से ही जमीन से जुड़े रहे हैं, इसलिए वे हमेशा ही आम लोगों के मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं। उनकी इसी सोच के कारण ही जमीन से जुड़े लोगों को सरकार में स्थान देने का कार्य किया गया है। कुरुक्षेत्र जिले से शाहाबाद के जजपा विधायक रामकरण को शुगर फैड का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। खैहरा ने कहा कि रामकरण की पहुंच शाहाबाद के जन-जन तक है। वे हर वक्त लोगों की समस्याओं का निदान करने का कार्य करते हैं।

# 15 साल बाद फिर से लगेंगे डीटीओ के नाके

## नए डीटीओ को 250 दलालों की दुकानें बंद कराने का लक्ष्य

## अब पीपीपी मॉडल पर चलेगी शहरों में पार्किंग

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने करीब 15 साल बाद प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट अथारिटी (आरटीए) के पद समाप्त करते हुए दोबारा डीटीओ की तैनाती को मंजूरी प्रदान कर दी है। चौटाला सरकार में परिवहन विभाग इसी प्रणाली पर काम करता था।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में स्वीकार किया कि अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करके बिचौलिये न केवल सरकार को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि इससे पब्लिक को भी नुकसान होता है। अब डीटीओ पूरी तरह से स्वतंत्र होंगे। सभी 22 जिलों में डीटीओ के दफ्तर भी अलग होंगे और उन्हें कोई अतिरिक्त काम नहीं दिया जाएगा।

सीएम ने बताया कि जिला परिवहन अधिकारी आईएएस-एचपीएस के अलावा आईपीएस-एचपीएस, फोरेस्ट या अन्य किसी विभाग के अधिकारी भी नियुक्त किए जा सकेंगे। किसी भी क्लास-वन अधिकारी को यह जिम्मा सौंपा जा सकता है।

सीएम ने कहा कि सरकार के पास ऐसे ढाई सौ लोगों की सूची है जो इस समय जिलों में परिवहन विभाग के कामों को लेकर बिचौलिया बनकर दलाली कर रहे हैं। यह सूची नए नियुक्त होने वाले सभी डीटीओ को दे दी जाएगी, ताकि वह अपने कार्यालय में इनका प्रवेश बैन करें।

जरूरत पड़ी तो बिचौलियों की सूची सभी जिला परिवहन अधिकारियों के दफ्तरों के बाहर चस्पा की जाएगी ताकि इनके बारे में आम लोगों को भी पता लग सके।

### डीटीओ करेंगे गलत पार्किंग के चालान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि शहरों में वाहनों की पार्किंग को लेकर आ रही समस्या का समाधान करने का जिम्मा भी डिस्ट्रिक्ट ट्रांसपोर्ट ऑफिसरों के जिम्मे होगा। शहरी स्थानीय निकायों तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण अभी तक पार्किंग का काम देख रहा था, लेकिन अब जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय इसे संभालेंगे। दोनों ही विभागों से पार्किंग की जगह भी ट्रांसफर होगी। सरकार पीपीपी मॉडल पर पार्किंग स्थल बनाएगी ताकि लोगों को गाड़ियों की पार्किंग में किसी तरह की दिक्कत न आए। शहरों में पार्किंग पेड होगी।

उन्होंने बताया कि गलत पार्किंग के चालान काटने का काम अभी तक पुलिस के पास था लेकिन अब यह काम भी डीटीओ करेंगे। इसी तरह से शहरों में ट्रांसपोर्ट नगरों की देखरेख और नये नगरों की स्थापना भी आगे से डीटीओ ही करेंगे। ट्रांसपोर्टरों के लिए सभी केंद्र एक ही जगह पर होंगे। प्रदेश में कमर्शियल वाहनों की संख्या सवा एक लाख के लगभग है। इन्हें संभालने का काम भी अब डीटीओ को सौंपा है।

सीएम ने कहा कि डीटीओ दफ्तरों में नया स्टॉफ भर्ती होगा। वर्तमान में कुल 627 अधिकारियों व कर्मचारियों का स्टॉफ जिलों में है। नई भर्ती होने तक दूसरे विभागों से प्रतिनियुक्ति पर स्टॉफ लगाया जाएगा ताकि ट्रांसपोर्ट विभाग का काम बाधित न हो।




# संक्षिप्त समाचार

### नाटक गो कोरोना गो में लोगों को दिया बचाव का संदेश



**कुरुक्षेत्र।** कोरोना महामारी के चलते ऑनलाईन वर्चुअल कार्यक्रम की श्रृंखला में नुक्कड़ नाटक गो कोरोना गो की आनलाइन प्रस्तुति कराई गई। कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी थियेटर तान्या जीएस चौहान के दिशानिर्देश अनुसार कुरुक्षेत्र के न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकारों ने विकास शर्मा का लिखा व निर्देशित नाटक मंचित किया। जिसमें कोरोना महामारी के दौरान समाज पर हुए प्रभाव को बखूबी दिखाया। गौरतलब है कि विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव धीरा खण्डेलवाल तथा निदेशक यशेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग प्रदेश को एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित कर विभाग द्वारा न केवल प्रतिष्ठित कलाकारों को सम्मान दिया गया है, अपितु उभरते कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया है। आनलाइन कार्यक्रम आयोजित किए जाने की कड़ी में नाटक गो कोरोना गो का मंचन किया। साजन कालड़ा, गौरव दीपक जांगड़ा, राजीव कुमार, चंचल शर्मा, विकास शर्मा, नितिन, गोविंदा, संजय तथा चमन आदि कलाकारों के अभिनय से सजे नाटक में मीडिया, पुलिस और चिकित्सकों के समर्पण को बखूबी दिखाया गया। कोरोना से बचाव के लिए भी लोगों को प्रेरित किया। नाटक में एक ओर जहां कलाकारों का अभिनय लाजवाब रहा, वहीं दूसरी ओर नाटक के गीत मनभावन रहे।

### बीएससी होम साइंस में जीवीएम की छात्राएं बनी यूनिवर्सिटी टॉपर



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा घोषित बीएससी होम साइंस के पहले व तीसरे और चौथे सैमेस्टर में टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। कालेज छात्रा अंजलि व मधु तथा डिंपल ने क्रमश: पहले व तीसरे तथा चौथे सैमेस्टर में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। इस चमत्कृत प्रदर्शन के लिए संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जीवीएम की बीएससी होम साइंस की प्राध्यापिका मोनिका ने परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने बीएससी होम साइंस के पहले, तीसरे व चौथे सैमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। कालेज की 25 छात्राओं ने तीनों सैमेस्टरों के अंतर्गत विश्वविद्यालय की टॉप-50 सूची में नाम दर्ज कराया है। इस मौके पर बीएससी होम साइंस की प्राध्यापिका मोनिका तथा एकता और लक्की ने टॉप-50 सूची में नाम दर्ज करवाने वाली सभी छात्राओं को बधाई दी है।

### 31 तक गन्ना किसान कर सकते हैं आवेदन : मनीष वत्स

**असन्ध।** गन्ना तकनीकी उद्देश्य परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में गन्ने की नोटिफाइड सिफारिश की गई किस्मों को प्रोमोशन ऑफ वाईड रॉ विद इंटरक्रोपिंग, सिंगल बड प्लांटेशन, ट्रैश मल्चिंग व रिंग पिट मैथड ऑफ प्लांटेशन विधियों से गन्ने की बिजाई करते हुए प्रदर्शन प्लाट लगाने के लिए असंध क्षेत्र के किसानों को अनुदान राशि दी जानी है। यह जानकारी सहायक गन्ना विकास अधिकारी मनीष कुमार वत्स ने दी। उन्होंने बताया कि इस स्कीम का लाभ लेने के लिए गन्ने की बिजाई के प्रदर्शन प्लाट लगाने के इच्छुक किसान कृषि और किसान कल्याण विभाग की वेब साइट लिंक पर अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक कर सकते हैं। योजना की विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश उपरोक्त साईट पर उपलब्ध है। मौके पर कृषि विकास अधिकारी डॉ. श्याम सिंह व कृषि निरीक्षक दिनेश कुमार मौजूद थे।

### थाली में उतना ही भोजन लें जितना खा सकें : अंकित गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लायर्स फौरम के हरियाणा स्टेट के जनरल सेक्रेटरी एवं हरियाणा प्रदेश अग्रवाल वैश्य सम्मेलन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अंकित गुप्ता ने विश्व खाद्य दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें भोजन का आदर करें। अपनी थाली में उतना ही भोजन लेना चाहिए, जितना हम खा सकें और भोजन को व्यर्थ होने से बचाना चाहिए। ऐसा करके हम सभी खाद्य दिवस मनाने की योजना को सार्थक बना सकते हैं। अंकित गुप्ता ने बताया कि दिनचर्या में हम सब्जी के छिलके व बचा हुआ भोजन आदि बाकी कचरे से अलग रखकर पशुओं को दे सकते हैं, जिससे वह व्यर्थ नहीं जाएगा। अंकित गुप्ता ने बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, लेकिन यहां भी भूख के कारण लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक आंकड़े के मुताबिक देश में 5 साल से कम उम्र के लाखों बच्चे हर साल कुपोषण का शिकार होकर मर जाते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए हम सभी भारतवासियों की एक नैतिक जिम्मेवारी बन जाती है कि हम अपने अन्न को व्यर्थ न जाने दें। गुप्ता ने कहा कि यदि हम प्रतिदिन की दिनचर्या में अपने भोजन को बचाएंगे और खराब नहीं होने देंगे और जरूरत का ही लेंगे, तो हम सूखे राशन के तौर पर गरीब व जरूरतमंद की मदद भी कर सकते हैं। इसलिए उन्होंने सभी से भोजन को व्यर्थ ना करने की अपील की, ताकि कोई भुखमरी का शिकार कोई ना हो।

### त्योहारों के दौरान विशेष सावधानी बरतें आमजन : उपायुक्त

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि स्वयं की सजगता ही कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव का सशक्त माध्यम है। किसी भी रूप से कोरोना संक्रमण का फैलाव न हो पाए, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। आमजन का भी यह दायित्व बनता है कि वे सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन प्रभावी ढंग से करें। उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि आमजन ने काफी हद तक स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना से बचाव में अपना योगदान दिया है। कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव के लिए जन आंदोलन के रूप में अभी भी सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी है और कोरोना संक्रमण की चेन तोड़कर कर देश को कोरोना मुक्त करने में अपना योगदान देना है। आगामी दो माह में अनेक पर्व आ रहे हैं, ऐसे में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे त्योहार के अवसर पर निर्धारित नियमों का पालन करें।

### पुलिस उपस्थिति दिवस मनकर लोगों को कराया सुरक्षा का अहसास



**रेवाड़ी।** पुलिस ने शनिवार को पुलिस उपस्थिति दिवस मनाकर लोगों को उनके सुरक्षित होने का अहसास कराने का प्रयास किया। पुलिस कर्मचारियों ने बाजारों में पेट्रोलिंग की और सुबह 9 से दोपहर बाद 3 बजे तक घूमकर लोगों से अनावश्यक घर से बाहर नहीं घूमने का आग्रह किया। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेश तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक जोरवाल के निर्देश पर पुलिस कर्मचारियों ने बाजारों में पैदल घूमकर पेट्रोलिंग की। पुलिस ने अभियान को पुलिस उपस्थिति दिवस के रूप बताते हुए कहा कि इस प्रकार से बाजारों में घूमने का उद्देश्य आमजन को यह अहसास कराना है कि पुलिस उनके साथ हैं और वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। ऐसा करने से कमजोर वर्ग के बीच सुरक्षा की भावना पैदा होगी तथा कानून व्यवस्था भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस उपस्थिति दिवस के तहत पुलिस के हर समय आमजन के साथ खड़ा होने का संदेश दिया गया है।

# ट्रंप प्रशासन की नाकाम नीतियों के कारण ही अर्थव्यवस्था संकट : हैरिस

## ट्रंप को पता था कि यह वायरस फ्लू की तुलना में पांच गुना ज्यादा घातक है



**ललित के झा।** मेकन (अमेरिका)

**डेमोक्रेटिक** पार्टी की ओर से उप-राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा है कि अमेरिका ट्रंप प्रशासन की नाकाम नीतियों के कारण जलवायु परिवर्तन के साथ ही लोक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और भूखमरी सहित कई मोर्चों पर गंभीर संकटों का सामना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अब इनमें नस्ली मुद्दा भी शामिल हो गया है। हैरिस ने शुक्रवार को विस्कॉन्सिन में चंदा जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से संबोधित करते कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के कोरोना से प्रभावित होने के पहले से ही इस वायरस की गंभीरता के बारे में पता था। इसके बावजूद उन्होंने खास कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा, यही चीज मुझे आक्रोशित कर रही है कि डोनाल्ड ट्रंप को 28 जनवरी को इसकी जानकारी थी। उन्हें पता था कि यह वायरस फ्लू की तुलना में पांच गुना ज्यादा घातक है। हैरिस ने कहा कि ट्रंप को पता था कि यह हवा में भी फैल सकता है और बच्चों को भी संक्रमित कर सकता है। लेकिन वह और उपराष्ट्रपति जानकारी दबाए बैठे रहे और लोगों को इससे अवगत नहीं कराया। हैरिस (55) ने कोविड-19 से निपटने के तरीके को लेकर प्रशासन की आलोचना की और कहा कि यह अक्षमता की पराकाष्ठा है।

### सोमवार से जनता के बीच जाकर प्रचार करूं-गी : हैरिस

**मेकन (अमेरिका)।** भारतीय मूल की सीनेटर और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा है कि वह सोमवार से अपना प्रचार अभियान फिर शुरू करेंगी।

हैरिस के लिए काम करने वाले दो लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे जिसके बाद इस हफ्ते की शुरुआत में उन्होंने पूरी सतर्कता बरतते हुए अभियान को स्थगित कर दिया था। हालांकि हैरिस संक्रमित नहीं हैं।

### चुनाव प्रचार में जुटे ट्रंप, कोरोना को नहीं दे रहे पहले जैसी तवज्जो

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जैसे-जैसे चुनाव करीब आ रहे हैं वैसे-वैसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी चुनावी रंग में रंगते जा रहे हैं। अब वह कोरोना वायरस को पहले जैसी तवज्जो नहीं दे रहे। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पहले जहां ट्रंप कोरोना से संबंधित अपने कार्यबल के साथ हर दिन व्हाइट हाउस के पोडियम पर नजर आते थे, अब ऐसा होता नहीं दिख रहा। इसके बजाय वह चुनाव में ज्यादा मशगूल दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा पहले उपराष्ट्रपति माइक पेंस और कार्यबल के अधिकारी अपनी बैठकों के तुरंत बाद ट्रंप के कार्यालय जाकर उन्हें जानकारी देते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा।

### टाउन हॉल में ट्रंप के मुकाबले बाइडेन को मिले ज्यादा दर्शक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए चल रहे जोरदार प्रचार के बीच डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन और रिपब्लिक पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का टाउन हॉल आयोजित किया और और ट्रंप के मुकाबले ज्यादा लोगों ने बाइडेन का कार्यक्रम देखा। नीलसन कंपनी ने कहा कि बाइडेन के टाउन हॉल को एबीसी में रात आठ से नौ बजे के बीच एक करोड़ 41 लाख लोगों ने देखा वहीं ट्रंप के कार्यक्रम को एनबीसी, सीएनबीसी और एमएसएनबीसी पर कुल मिला कर एक करोड़ 35 लाख लोगों ने देखा। माना जा रहा था कि ट्रंप का कार्यक्रम अधिक लोग देखेंगे क्योंकि इसे तीन नेटवर्क में प्रसारित किया जा रहा था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एमएसएनबीसी के प्रस्तोता राचेल काडोव ने कहा, ऐसा वास्तव में हुआ। बाइडेन का कार्यक्रम 90 मिनट चला।

# बाइडेन एक भ्रष्ट राजनीतिज्ञ हैं : ट्रंप

## राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें जीत दिलाने का आग्रह किया



**मेकन (अमेरिका)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रतिद्वंद्वी एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह एक भ्रष्ट राजनीतिज्ञ हैं।

ट्रंप ने फ्लोरिडा और जॉर्जिया में अपने समर्थकों से तीन नवम्बर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें जीत दिलाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वाम नियंत्रित मीडिया और बड़ी प्रौद्योगिकी कपंनियां इस चुनाव अभियान में बाइडेन के साथ खड़ी है। ट्रंप ने फ्लोरिडा के ओकाला और जॉर्जिया के मेकन में दिए गए अपने भाषणों में अपने समर्थकों से कहा, जो बाइडेन एक आपदा है। चलो इसका सामना करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि वह वह ऐसे अक्षम व्यक्ति से हारने के बारे में नहीं सोच सकते है। उन्होंने कहा कि द न्यूयार्क पोस्ट द्वारा हाल ही में प्रकाशित दस्तावेजों और ई-मेल से यह साबित हुआ है कि बाइडेन एक भ्रष्ट राजनीतिज्ञ है। माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट द्वारा व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कायले मैकनी के ट्विटर अकाउंट को कुछ समय के लिए बंद किए जाने का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यहां प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है। उन्होंने कहा, देखो हम क्या करते हैं। लेकिन सबसे बड़ी बात हम तीन नवंबर को कर सकते हैं। यही सबसे बड़ी बात है जो हम कर सकते हैं। क्योंकि मैं सिर्फ जो बाइडेन के खिलाफ नहीं चल रहा हूं, हम वामपंथी मीडिया के खिलाफ चल रहे हैं और हम बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ चल रहे हैं। और वे सब कह चुके हैं और मैंने इन बड़ी कंपनियों की ताकत के बारे में सुना है और जैसा कि आप जानते हैं, चार साल पहले वे हमारे खिलाफ थे।

ट्रंप ने कहा, लेकिन मैं जीत गया। मैंने कहा, वे शक्तिशाली कैसे हो सकते हैं? मैं जीता, मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया और मैं जीत गया। लेकिन अब वे पूरी तरह से सनकी हो गए हैं। उन्होंने अब ऐसे काम किए हैं जो वे भी नहीं करेंगे। और वे पकड़े गए। उन्होंने अपने समर्थकों से उन्हें जीत दिलाकर इन लोगों को सबक सिखाने की अपील की।

# टाटा मोटर्स ने यात्री वाहनों के ऋण के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ गठजोड़ किया



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने शनिवार को कहा कि उसने अपने यात्री वाहनों के वित्तपोषण के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ गठजोड़ किया है। कंपनी ने इस गठजोड़ के तहत वाहनों के वित्तपोषण के लिए दो योजनाएं पेश की हैं।

टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा कि त्योहारी सत्र में बिक्री को बढ़ाने तथा उत्पादों की पहुंच आसान बनाने के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर दो नई योजनाएं ग्रैजुएल स्टेप अप स्कीम और टीएमएल फ्लेक्सी ड्राइव स्कीम पेश की गई हैं। कंपनी ने कहा कि ये दोनों योजनाएं नवंबर 2020 के अंत तक उपलब्ध होंगी। इनका लाभ भारत स्टेज-6 के अनुकूल सभी कारों, स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और इलेक्ट्रिकिल वाहनों पर लिया जा सकेगा। कंपनी ने बताया कि ग्रैजुएल स्टेप अप स्कीम के तहत उपभोक्ता प्रति लाख पर मासिक 799 रुपये की न्यूनतम किस्त का लाभ ले सकते हैं। मासिक किस्त वाहन के मॉडल व संस्करण पर निर्भर होगी। मासिक किस्तें खरीदार की सहुलियत के हिसाब से दो साल तक धीरे-धीरे बढ़ती जाएंगी। टीएमएल फ्लेक्सी ड्राइव स्कीम के तहत उपभोक्ता प्रत्येक साल किन्हीं तीन ऐसे महीनों का चयन कर सकते हैं, जिन महीनों में वह न्यूनतम किस्त का भुगतान करना चाहते हों।

कंपनी ने कहा कि ए योजनाएं उपभोक्ताओं को वाहन की किस्तें भरने में आसानी प्रदान करने के लिए पेश की गई हैं। टाटा मोटर्स के विपणन प्रमुख (यात्री वाहन व्यवसाय) विवेक श्रीवत्स ने कहा, यह व्यक्तिगत वाहनों को लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध बनाने की हमारी मुहिम का हिस्सा है, ताकि उपभोक्ता इस साल त्योहारी सत्र में अपने वाहन का लाभ ले सकें। टाटा मोटर्स ने बयान में यह भी कहा कि वह इन दोनों योजनाओं के तहत अपने सभी यात्री वाहनों पर एक्स-शोरूम कीमत के 100 प्रतिशत का ऋण उपलब्ध कराने की सुविधा दे रही है।

### रिपब्लिकन सीनेटर ने चुनावी रैली में हैरिस के नाम का गलत उच्चारण किया

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर डेविड परड्यू ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी के समर्थन में जॉर्जिया में हुई एक चुनावी रैली में डेमोक्रेटिक पार्टी की उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस का लगातार गलत नाम ले कर उनका मजाक उड़ाया।

शुक्रवार को मेकन में एक रैली में परड्यू ने हैरिस के लिए कहा काह-मह-ला? कमला- मला-मला? पता नहीं क्या है। उनके यह कहते ही दर्शक हंसने लगे। परड्यू के प्रवक्ता ने कहा कि उनका ऐसा कोई अभिप्राय नहीं था। प्रमुख सियासी दल के टिकट पर उम्मीदवारी पाने वाली पहली अश्वेत महिला बर्नी हैरिस के नाम का उनके राजनीतिक विरोधी बार-बार गलत उच्चारण करते हैं। ट्रंप और उप राष्ट्रपति माइक पेंस भी हैरिस का नाम गलत तरीके से ले चुके हैं।

# चीन में मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ कनाडाई सरकार मजबूती से खड़ी रहेगी : ट्रूडो



## अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा ने चीन पर शहर की स्वतंत्रता में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार चीन में मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ मजबूती से खड़ी रहेगी।

कनाडा में चीन के राजदूत ने हांगकांग छोड़कर आ रहे लोगों को शरण नहीं देने के संबंध में ओटावा को चेतावनी दी थी। राजदूत कोंग पियू ने कहा था कि अगर कनाडा हांगकांग में रहने वाले 3,00,000 कनाडाई नागरिकों के बारे में और वहां कारोबार कर रहीं कंपनियों के बारे में सोचता है तो उसे चीन के हिंसा से लड़ने के प्रयासों में सहयोग करना होगा। ट्रूडो ने कहा, हम मानवाधिकारों के समर्थन में मजबूती से खड़े रहेंगे। चाहे वह उइगर समुदाय की परेशानियों के बारे में बात हो या फिर हांगकांग की चिंताजनक स्थिति के बारे में या फिर चीन की बलपूर्वक कूटनीति के बारे में बात करना हो।

ट्रूडो ने कहा कि कनाडा दुनिया भर में अपने उन सहयोगियों और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, यूरोपीय देशों के साथ खड़ा है, जो मानवाधिकार उल्लंघनों के प्रति चिंतित हैं। वहीं कनाडा में विपक्षी कंजर्वेटिव नेता इरिन ओ टूले ने कहा कि चीनी राजदूत को माफी मांगनी चाहिए या फिर उन्हें कनाडा से बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीनी राजदूत का बयान स्पष्ट रूप से हांगकांग में रह रहे 3,00,000 कनाडाई लोगों को धमकी की तरह है। पिछले साल हांगकांग और चीन की सरकारों के खिलाफ शहर में प्रदर्शन तेज हो गए थे। सरकारों के खिलाफ लोगों की भावनाओं और गुस्से को दबाने के लिए चीन ने हांगकांग में एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू कर दिया जो 30 जून से प्रभावी है।

इस कानून में अलगाववादी, विध्वंसक और आतंकवादी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के साथ ही शहर के आतंरिक मामले में विदेशी ताकतों के साथ सांठगांठ पर भी रोक लगाई गई है। अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा ने चीन पर शहर की स्वतंत्रता में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है।

# लाखों लोगों को अकाल से बचाने में मदद करें धनी लोग : डब्ल्यूएफपी प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र।** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के प्रमुख डेविड बीसली ने एक बार फिर अरबपति लोगों से आग्रह किया है कि वे लाखों जीवन बचाने के लिए कुछ अरब (डॉलर) दान दें।

उन्होंने शुक्रवार को कहा कि कोरोना महामारी के बाद भुखमरी की ओर बढ़ रहे लोगों की संख्या 13.5 करोड़ से बढ़कर 27 करोड़ हो गई है। बीसली ने कहा, मानवता को अभी मदद की दरकार है... यह एक बार का अनुरोध है। दुनिया एक चौराहे पर खडी है और हमें अरबपतियों से इस संबंध में कदम बढ़ाने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी के कार्यकारी निदेशक ने एक डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अप्रैल से जुलाई के बीच लगभग 2,200 अरबपतियों की वैश्विक संपत्ति में 20 खरब डॉलर की वृद्धि हुई।

वह स्विस बैंक यूबीएस और लेखा कंपनी पीडब्ल्यूसी द्वारा पिछले सप्ताह प्रकाशित एक अध्ययन का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ी आपदाओं में से एक से लाखों लोगों की जान और मानवता को बचाने के लिए कुछ अरब डॉलर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धनी देशों ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए अपने नागरिकों की खातिर 170 खरब डॉलर का आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज दिया है और यह राशि 2021 के लिए उपलब्ध नहीं होने वाली है। बीसली ने कहा कि इस साल कई सरकारें संयुक्त राष्ट्र और इसकी एजेंसियों को अधिक पैसा दे सकती थीं लेकिन अब वे ऐसी स्थिति में नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि मध्यम और निम्न-आय वाले देशों के लिए ऋणों को जनवरी 2021 तक रोक दिया गया या स्थगित कर दिया गया। इसके अलावा आठ खरब डॉलर की ऋण सेवाएं आने वाली हैं। इसके अलावा विकासशील देशों में विदेशों से लोगों द्वारा अपने परिवारों को भेजी जाने वाली राशि भी कम हो गई है। लॉकडाउन भी स्थिति को बिगाड़ने में सहायक रहा। बीसली ने कहा कि यह एक भयावह स्थिति है। इसलिए 2021 के लिए अरबपतियों द्वारा एकमुश्त राशि दिया जाना बहुत जरूरी है।

### टाटा कम्युनिकेशंस को दूसरी तिमाही में 385 करोड़ का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** टाटा कम्युनिकेशंस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2020-21 की जुलाई-सितंबर तिमाही में करीब सात गुना उछलकर 384.81 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में उसे 54.31 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। टाटा कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी एकीकृत आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 4.5 प्रतिशत बढ़कर 4,477.18 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 4,282.3 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान कंपनी एक भूखंड को उसमें बने भवन के साथ 67.41 करोड़ रुपये में बेचने के सौदे को पूरा कर पाई।

## सुकवि-संवाद



**सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'**
कवि, लेखक एंव वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627



### दोहा-नवमी
### माँ

किस्मत कदमों में गिरे, सँवरे बिगड़ी बात
माँ के चरण पखार कर, दिन की कर शुरुआत

पंडित-मुल्ला छोड़िए, क्या देंगे अनजान
माँ के कदमों के तले, जन्नत का वरदान

क्यूँ मन्दिर में देव को, जा के करूँ प्रणाम
माँ के आँचल में मिले, मुझको चारों धाम

दुनिया जंगल रेत का, जलते मेरे पाँव
छाया तेरी गोद की, सुखसागर का गाँव

धन से हर संबंध को, तू रहता है तोल
माँ की ममता का बता, क्या दे देगा मोल

मन्दिर जाना तज दिया, माँ की महिमा जान
इनकी शीतल गोद में, स्वयं पलें भगवान

मतलब के रिश्ते सभी, मतलब का व्यवहार
बस माँ के दिल में बहे, पावन निश्छल प्यार


गीत,गजल, दोहे सुने, सुनीं रसीली तान
माँ की लोरी से नहीं, मीठा कोई गान

जन्म दिया,पालन किया, सपन किए कुर्बान
माँ से बढ़कर अब भला, क्या देंगे भगवान
-अश्क

# पंजाबी-आइरिश व्यक्ति ने धरती की परिधि के बराबर चलने का दावा किया

**अदिति खन्ना।** लंदन

## 1,500 दिन में पृथ्वी की परिधि के बराबर 40,075 किलोमीटर की यात्रा पूरी की है



**पंजाब** में जन्मे और पिछले 40 वर्षों से ज्यादा समय से आयरलैंड में रह रहे 70 वर्षीय एक व्यक्ति ने दावा किया है कि वह 1,500 दिन में पृथ्वी की परिधि के बराबर 40,075 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चुके हैं और उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आवेदन भी दिया है। उनके मुताबिक अर्थ वॉक यात्रा उन्होंने अपने गृह शहर लिमरिक से बाहर जाए बिना ही पूरी की है।

विनोद बजाज ने अगस्त 2016 में वजन कम करने और शरीर को सुडौल बनाने के इरादे के साथ यह यात्रा शुरू की थी। जैसे-जैसे उनका वजन कम होता गया, वैसे-वैसे चलने का उनका उत्साह बढ़ता गया। इसके लिए उन्होंने कई रास्तों को अपनाया, और जब-जब मौसम संबंधी दिक्कतें आती तो वह मॉल में इस यात्रा की पूर्ति कर लेते थे। बजाज ने कहा, शुरुआती तीन महीने तक हर सप्ताह सात दिन चलने से रोजाना 700 कैलोरी कम होने से मेरा वजन आठ किलोग्राम घट गया। अगले छह महीने में मेरा वजन और 12 किलोग्राम कम हुआ। मेरा वजन चलने की वजह से ही कम हुआ और मैंने खान-पान में कोई बदलाव नहीं किया था।

सेवानिवृत्त इंजीनियर और बिजनेस कंसल्टेंट बजाज चेन्नई में पले-बढ़े। वह 1975 में प्रबंधन की पढ़ाई के लिए ग्लासगो आ गए और 43 वर्ष पहले आयरलैंड चले गए। फिलहाल वह अपने परिवार के साथ लिमरिक के उपनगर में रहते हैं। उन्होंने कहा, पहले साल के अंत तक मैंने 7,600 किलोमीटर की यात्रा तय कर ली। और यह जानकर मुझे आश्चर्य हुआ कि मैं भारत से आयरलैंड तक कि दूरी तय कर चुका हूं। मैं लगातार चलता रहा और दो साल के अंत तक मैंने 15,200 किलोमीटर की यात्रा की और पता चला कि वास्तव में मैं चंद्रमा की परिधि (10,921 किलोमीटर) से ज्यादा चल चुका हूं। इसके बाद मैंने मंगल ग्रह की परिधि (21,344 किलोमीटर) के बराबर चलने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा, मार्स वॉक (मंगल ग्रह की परिधि) और अर्थ वॉक (पृथ्वी की परिधि) में 19,000 किलोमीटर का अंतर है और मैं जानता था कि यह आसान नहीं होगा। मैं इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए चलता रहा। उन्होंने 21 सितंबर को अर्थ वॉक पूरी कर ली। उनका आवेदन अभी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रक्रिया में है और यह मूल्यांकन चल रहा है कि क्या 1,496 दिनों और 54,633,135 कदम मिलकर धरती की परिधि के बराबर की उनकी यात्रा पूरी होती है या नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### परिधान निर्यात में तीव्र सुधार : निर्यात परिषद

**नई दिल्ली।** परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने शनिवार को कहा कि सितंबर में परिधान निर्यात में दस प्रतिशत की वृद्धि आई है। इससे पता चलता है कि इस क्षेत्र में जिस तेजी से गिरावट आई थी, अब उसी तेजी से सुधार दिख सकता है। परिधान निर्यातकों के इस निकाय के चेयरमैन ए. शक्तिवेल ने कहा कि परिधान निर्यात में चालू वित्त वर्ष में सितंबर में पहली बार बढ़ोतरी दिखी। अप्रैल में 90 प्रतिशत की तीव्र गिरावट के बाद पिछले माह निर्यात में दस प्रतिशत की वृद्धि दिखी। उन्होंने कहा, यह हमारे इस अनुमान को पुष्ट करता है कि परिधान क्षेत्र अंग्रेजी के वी अक्षर के आकार की तेजी (तीव्र गिरावट के तत्काल बाद तीव्र सुधार) के दौर में आ चुका है। उन्होंने कि सरकार की मदद से इस क्षेत्र को कोरोना वायरस महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने में मदद मिली है। सितंबर में परिधानों का निर्यात सितंबर में 10.2 प्रतिशत बढ़ कर 1.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक साल पहले इसी माह निर्यात 1.079 अरब डॉलर था। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी का इस क्षेत्र के निर्यात पर प्रभाव बड़ा गंभीर रहा है। हालांकि हमें उम्मीद है कि यह दस प्रतिशत की वृद्धि दूसरी छमाही के आगे के महीनों में और सुधरेगी।

### पश्चिम बंगाल ने 99.9 प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल ने 99.9 प्रतिशत ग्रामीण घरेलू विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल कर लिया है। दार्जिलिंग जिले में पूर्ण विद्युतीकरण कर हासिल किया गया है। राज्य के बिजली विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि सिंगलाला राष्ट्रीय उद्यान के दो दूरस्थ गांवों गोरखाय और सामंडेन में बिजली पहुंचा दी गई है। अब सौ प्रतिशत का लक्ष्य पाने के लिए सिर्फ 20 हजार कनेक्शन देने की जरूरत है। अधिकारी ने बताया कि राज्य में अब हमारे पास दो करोड़ से अधिक बिजली कनेक्शन हैं और 100 प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण हासिल करने के लिए लगभग 20 हजार कनेक्शन देने हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि हर रोज नए घर जुड़ते रहते हैं, ऐसे में सौ प्रतिशत के आंकड़ें में ऊपर-नीचे होते रहने की गुंजाइश होगी। पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के ग्रामीण विद्युतीकरण (आरई) विभाग ने राज्य के कुल 37,960 गांवों में से सभी में बिजली पहुंचा दी है।

### आईएसआई ने इमरान खान की कठपुतली सरकार बनवाई

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने देश की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई पर उन्हें अपदस्थ करने और इमरान खान को सत्ता में ला कर अपनी कठपुतली सरकार बनवाने का आरोप लगाया। शरीफ लाहौर से लगभग 80 किमी दूर गुजरांवाला में 11 विपक्षी दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शुक्रवार देर रात लंदन से वीडियो लिंक के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। विपक्षी दलों ने 20 सितंबर को पीडीएम के गठन और तीन चरण में सरकार विरोधी अभियान चलाने की घोषणा की थी। इसके तहत इमरान खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान तहरीके इंसाफ सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश भर में जन सभाएं, प्रदर्शन और रैलियां की जाएंगी। जनवरी 2021 में इस्लामाबाद के लिए लंबा मार्च निकाला जाएगा। सैन्य नेतृत्व पर निशाना साधते हुए, शरीफ ने कहा, (सेना प्रमुख) जनरल कमर जावेद बाजवा ने मेरी सरकार को खत्म कर दिया। उन्होंने 2018 के चुनावों में धांधली की और नाकाबिल इमरान खान को देश पर थोप दिया। जनरल बाजवा प्रत्यक्ष अपराधी हैं और उन्हें इसके लिए जवाब देना होगा। उन्होंने उनकी सरकार गिराने के पीछे इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का हाथ होने का भी आरोप लगाया और कहा कि पूरा प्रकरण आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद की मदद से हुआ।

### व्हाइट हाउस ने पुतिन का जवाब खारिज किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और रूस ने सामरिक परमाणु बलों पर अपने अंतिम कानूनी पेंच को दूर करने संबंधी एक दूसरे के प्रस्ताव शुक्रवार को खारिज कर दिया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने न्यू स्टार्ट संधि को बिना किसी शर्त के आगे बढ़ाने की मांग की है। इस संधि की समयसीमा जल्दी ही समाप्त होने वाली है। वहीं व्हाइट हाउस ने इसे बेकार बताया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्रायन ने कहा कि रूस अपने रुख पर दोबारा विचार करे। ट्रंप ने दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के अभियान के अंतिम दिनों में अपनी विदेश नीति रिकॉर्ड के बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया, और यद्यपि वह कहते हैं कि वह परमाणु हथियार नियंत्रण के पक्षधर हैं लेकिन उन्होंने न्यू स्टार्ट संधि को त्रुटिपूर्ण बताया और कहा कि यह अमेरिका के पक्ष में नहीं है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और रूस के तत्कालीन राष्ट्रपति दमित्रि मेदवेदेव ने 2010 में न्यू स्टार्ट संधि पर हस्ताक्षर किए थे और यह फरवरी में 2021 समाप्त होने वाली है। पुतिन ने शुक्रवार को न्यू स्टार्ट को बिना किसी शर्त के कम से कम एक साल बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा, इतने वर्षों में न्यू स्टार्ट ने काम किया और हथियार की दौड़ को सीमित करके की अहम भूमिका को निभाया है। वहीं ब्रायन ने कहा, परमाणु हथियार पर रोक लगाए बिना न्यू स्टार्ट को बढ़ाने का राष्ट्रपति पुतिन का जवाब किसी काम का नहीं है।

### अर्थव्यवस्था के उबरने के दिख रहे संकेत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए कड़े लॉकडाउन के कारण अर्थव्यवस्था छह महीने तक दिक्कतों में फंसी रही। अब जल्दी जल्दी प्राप्त होने वाले कुछ आंकड़े संकेतक दे रहे हैं कि अर्थव्यवस्था की हालत सुधार पर है हालांकि अभी यह सुधार कमजोर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक के सबसे कठिन लॉकडाउन के कारण छह महीने की दिक्कतों के बाद अंततः अर्थव्यवस्था के लिए कुछ अच्छी खबरें हैं। उच्च आवृत्ति वाले कुछ संकेतक अर्थव्यवस्था में सुधार का संकेत दे रहे हैं। ऐसा अनुमान है कि यदि सरकार ने अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए तत्काल कोई कदम नहीं उठाया तो सितंबर तिमाही में 13.5 प्रतिशत और चालू वित्त वर्ष में करीब 9.5 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। इस बीच विनिर्माण के खरीद प्रबंध सूचकांक (पीएमआई) में तेज सुधार देखने को मिला है। यह सूचकांक अगस्त में 52 था, जो सितंबर में 56.8 पर पहुंच गया। यह आठ साल की सबसे बड़ी तेजी है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह पिछले साल सितंबर की तुलना में 3.8 प्रतिशत बढ़कर 95,480 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह अगस्त 2020 की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक रहा। यात्री वाहनों की बिक्री में भी 31 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। रेलवे माल ढुलाई में भी 15 प्रतिशत तेजी आई है। छह महीने के अंतराल के बाद वस्तुओं के निर्यात में भी 5.3 प्रतिशत की वृद्धि आई है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, हालांकि, ऐसे संकेत हैं कि यह सुधार नरम है। दूसरी तिमाही के दौरान पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में नई परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय में 81 फीसदी की गिरावट आई है। इससे निवेश में लगातार गिरावट आने का पता चलता है।

### सरकार ने अनाधिकृत गतिविधियों के प्रति जनता को चेताया

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ने शनिवार को जनता को सचेत किया कहा कि एमएसएमई निर्यात संवर्धन परिषद नाम का संगठन किसी भी प्रकार से उसके साथ जुड़ा नहीं है। मंत्रालय ने लोगों से कहा कि वे परिषद की अनाधिकृत और दूषित उद्येश्य वाली गतिविधियों के झांसे में नहीं आएं। एमएसएमई मंत्रालय ने संगठन के की ओर से खुद को मंत्रालय का हिस्सा बताते हुए की झांसे वाले कामों में लगे होने का ज्ञान लेते हुए इस संबंध में एक स्पष्टीकरण जारी किया और जनता को इस बारे में सतर्क किया है। मंत्रालय ने कहा, यह देखा गया है कि एमएसएमई निर्यात संवर्धन परिषद के द्वारा निदेशक के पद पर नियुक्ति पत्र जारी करने के संबंध में कुछ संदेश मीडिया और सोशल मीडिया में प्रसारित किए जा रहे हैं। यह भी पाया गया है कि यह संगठन एमएसएमई मंत्रालय के नाम का उपयोग कर रहा है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, अतः स्पष्ट किया जाता है कि एमएसएमई निर्यात संवर्धन परिषद भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के साथ किसी भी तरह से संबद्ध नहीं है। इसके अलावा, एमएसएमई मंत्रालय ने इस परिषद से संबंधित किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए अधिकृत नहीं किया है। बयान में कहा गया कि इस तरह के संदेशों या ऐसे तत्वों के शिकार न होने की सलाह दी जाती है। हालांकि, अपनी वेबसाइट पर एमएसएमई निर्यात संवर्धन परिषद ने स्पष्ट किया है कि वह एक निजी कंपनी है, जो परमार्थ उद्देश्य के लिए बनाई गई है।

# कोविड-19: श्रमिकों की कमी और समय पूर्व कटाई की वजह से जलाई पराली

### पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, पराली जलाने की 4,585 घटनाएं दर्ज की गई



**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा ने पिछले साल की तुलना में इस मौसम में पराली जलाने की अधिक घटनाएं दर्ज की हैं। धान की फसल की समय पूर्व कटाई और कोराना वायरस महामारी के कारण खेत मजदूरों की अनुपलब्धता के चलते ऐसा हुआ है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक राज्य में इस मौसम में अब तक खेतों में (पराली जलाने के लिए) आग लगाए जाने की 4,585 घटनाएं दर्ज की गई हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान ऐसी 1,631 घटनाएं दर्ज की गई थी।

हरियाणा में भी इस तरह की घटनाओं में वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल 16 अक्टूबर तक ऐसी करीब l,200 घटनाएं हुई थीं, जबकि इस साल यह संख्या 2,016 रही। हालांकि, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव करूणेश गर्ग ने कहा कि इस साल धान की फसल की समय पूर्व कटाई के चलते पराली जलाए जाने की घटनाओं की संख्या अधिक हैं।

उन्होंने कहा, पिछले साल 15 अक्टूबर तक करीब 17 लाख मीट्रिक टन धान (के फसल की) की कटाई हुई थी। इस साल, यह आंकड़ा करीब 40 लाख मीट्रिक टन है। इससे यह जाहिर होता है कि किसानों ने इस साल समय से पहले अपने फसल की कटाई कर ली है। गर्ग ने कहा कि पिछले साल मॉनसून का मौसम सितंबर के अंत तक जारी रहा था, जिसके चलते धान की कटाई में देर हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली की खराब वायु गुणवत्ता के लिए पंजाब को जिम्मेदार ठहराना गलत है।

उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते की शुरूआत में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पंजाब को पराली जलाए जाने पर नियंत्रण करने को कहा था। राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंचने के बाद उन्होंने यह कहा था। गर्ग ने कहा, दिल्ली के प्रदूषण के लिए पंजाब में पराली जलाया जाना एक कारण हो सकता है लेकिन यह एक प्रतिशत से भी कम जिम्मेदार है। हरियाणा सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि राज्य के खेतों में आग लगाए जाने की घटनाओं की संख्या पिछले साल की तुलना में निश्चित रूप से बढ़ी है। इसके लिए कोविड-19 के कारण खेत मजदूरों की अनुपलब्धता वजह हो सकती है। हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव एस नारायण ने कहा, (खेतों में पराली जलाने के लिए) आग लगाने की ज्यादातर घटनाएं सिरसा, फतेहाबाद और कैथल में हुई हैं। प्रशासन उन इलाकों में पराली जलाने पर पूरी तरह से रोक नहीं लगा पाया है। कोशिशें जारी हैं।

वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (सफर) ने दिल्ली में शनिवार को पीएम 2.5 (हवा में मौजूद 2.5 माइक्रोमीटर से कम व्यास के कण) की मात्रा करीब 19 रहने का अनुमान लगाया है। शुक्रवार को यह 18 और बृहस्पतिवार को छह थी।

## मैसुरु का विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व कोरोना वायरस संक्रमण के बीच शुरू

**मैसुरु।** मैसुरु का विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व कोरोना वायरस संक्रमण के बीच शनिवार से शुरु हो गया। मुख्यमंत्री बीएस एदुरप्पा और बेंगलुरु के जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवास्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च के निदेशक डॉ सीएन मंजूनाथ ने चामुंडी पर्वत पर बनी देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति पर पुष्प चढ़ाए और इसी के साथ नाडा हब्बा (राजकीय त्योहार) की शुरुआत हुई।

डॉ मंजूनाथ संक्रमण की जांच के लिए नोडल अधिकारी भी हैं और चिक्तिसकों तथा कोरोना योद्धाओं को सम्मान देते हुए उन्हें इस वर्ष पूजा का शुभारंभ करने के लिए चुना गया था। प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम 10 दिन चलता है, जिसमें कर्नाटक की सांस्कृतिक विरासत को लोक कला के जरिए शानदार तरीके से पेश किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति ने समतामूलक समाज के निर्माण का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस पर शनिवार को उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने अधिक समतामूलक समाज के निर्माण का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार इस वर्ष इस दिवस की थीम सभी के लिए पर्यावरण एवं सामाजिक न्याय की चुनौती पर ध्यान केंद्रित करना है। उप राष्ट्रपति कार्यालय ने नायडू के हवाले से ट्वीट किया, अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस, समाज के दुर्बल वर्गों के प्रति हमारे विशेष दायित्व की याद दिलाता है। महामारी ने इन वर्गों को अधिक प्रभावित किया है। दुर्बल वर्गों की सहायता के लिए सरकार तथा सामाजिक संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ, अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी अपेक्षित है।

### विशाल चुनौतियां वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार की शाम को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए विशाल चुनौतियां वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि विशाल चुनौतियां वार्षिक सम्मेलन पिछले 15 साल से स्वास्थ्य एवं विकास की राह में आने वाली बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय नवाचार सहयोग को बढ़ावा देता रहा है। बयान में कहा गया है कि इस साल यह सम्मेनल 19 से 21 अक्टूबर के बीच डिजिटल माध्यम से आयोजित किया जाएगा, जिसमें नीति निर्माता और विज्ञान से जुड़े अग्रणी लोग हिस्सा लेंगे। बयान के अनुसार, सम्मेलन में कोविड-19 समेत स्वास्थ्य संबंधी वैश्विक समस्याओं को हल करने के लिए वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन में 42 देशों के करीब 1,600 लोग हिस्सा लेंगे।

### महिला सुरक्षा को नोएडा में मिशन शक्ति अभियान शुरू

**नोएडा।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के प्रति जागरूकता लाने के लिए शनिवार को डीएम कैंप कार्यालय पर नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं जनपद नोडल अधिकारी रितु माहेश्वरी ने मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत की। अभियान का प्रथम चरण 25 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर माहेश्वरी ने कहा कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को रोकने के लिए पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि महिला शक्ति अभियान के तहत पुलिस, शिक्षा विभाग, औद्योगिक विभाग सहित सभी विभागों को एक संयुक्त कार्य योजना बनाने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न थानों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं तथा थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करने की भी योजना है, ताकि महिला संबंधित अपराधों में वे संवेदनशीलता से काम करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि स्कूलों, नगर पालिकाओं तथा शहरों में रैली व एलईडी प्रचार वैन के माध्यम से लोगों को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तस्वीर डालने पर रिपोर्ट दर्ज

**नोएडा।** थाना सेक्टर-20 में रहने वाली एक छात्रा ने एक युवक के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित रूप से उसकी अश्लील तथा आपत्तिजनक फोटो व वीडियो डालने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह के मुताबिक शारदा यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही छात्रा ने बताया कि सेक्टर-27 में रहने वाले युवक से उसकी कुछ समय पहले दोस्ती हुई थी। लेकिन कुछ समय बाद उनके संबंधों में खटास आ गई। शिकायत में लड़की ने आरोप लगाया कि इसी बीच आरोपी ने उसके कथित आपत्तिजनक व अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिए। सिंह ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बलिया के रेवती कांड में आरोपियों पर इनाम घोषित किया

**बलिया ( उप्र )।** जिले के रेवती थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर ग्राम में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के आवंटन के दौरान एक व्यक्ति की कथित हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। उनके विरुद्ध रासुका व गैंगस्टर कानून के अंतर्गत कार्वाई की घोषणा की है। इस मामले में मुख्य आरोपी सहित छह मुलजिम अभी फरार हैं जबकि दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक सुभाष चंद्र दुबे ने रेवती कांड के फरार आरोपियों के विरुद्ध 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है, साथ ही आरोपियों के विरुद्ध रासुका व गैंगस्टर कानून के अंतर्गत कार्रवाई की घोषणा भी की है। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र नाथ ने फरार आरोपियों के विरुद्ध 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों देवेंद्र प्रताप सिंह व नरेंद्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है तथा पांच अन्य लोगों को हिरासत में लिया है। घटना का मुख्य आरोपी धीरेंद्र प्रताप सिंह डब्ल्यू अभी फरार है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 12 टीम गठित की हैं।

### जयराजन पोट्टी सबरीमाला के प्रमुख पुजारी नियुक्त

**सबरीमाला।** वीके जयराजन को केरल के प्रसिद्ध भगवान अय्यप्पा मंदिर का मुख्य पुजारी मेलासांथी नियुक्त किया गया है। वह यहां पूजा के मौसम में 16 नवंबर से प्रभार ग्रहण करेंगे और एक साल तक इस पद पर रहेंगे। राजी कुमार एमएन नम्बूदिरी को पड़ोसी मलिकाप्पुरम देवी मंदिर में मुख्य पुजारी नियुक्त किया गया। त्रावणकोर देवास्वओम बोर्ड (टीडीबी) की ओर से आयोजित साक्षात्कार के आधार पर पुजारियों का चयन किया। इन पुजारियों का साक्षात्कार एक पैनल ने किया था। पहाड़ी पर स्थित इस मंदिर के प्रबंधन का कार्य टीडीबी करता है। टीडीबी के सूत्रों के अनुसार 16 नवंबर से ए पुजारी 41 दिन चलनेवाले मंडल मौसम की पूर्व संध्या पर प्रभार करेंगे।

### दो बच्चों की जान लेने के बाद मां ने की खुदकुशी

**जालौन ( उप्र )।** जिले के एट कस्बे में एक महिला ने मानसिक तौर पर अस्वस्थ अपने दो बच्चों की कथित रूप से हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। पुलिस घटना की वजह आर्थिक संकट और बच्चों का बीमार होना बता रही है। जालौन जिले के पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के जनसंपर्क अधिकारी ने शनिवार को बताया, शुक्रवार शाम करीब सात बजे एट कस्बे के गढ़ी मुहल्ले में शबाना (39) नामक महिला का शव बंद कमरे में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। उसकी बेटी रोशनी (20) का शव फर्श पर व बेटे आशिक (15) का शव चारपाई पर पड़ा था। उन्होंने बताया कि रोशनी व आशिक मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। कोंच के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) राहुल पांडेय ने बताया, महिला का पति मुस्ताक पेशे से ट्रक चालक है, घटना के समय वह काम पर घर से बाहर था। शाम को मुस्ताक ने बाजार से खरीदकर कुछ फल अपने मुहल्ले के रहने वाले युवक शरीफ से घर भिजवाए, तब घटना का खुलासा हुआ और पुलिस को सूचना दी गई।

### बीएमसी का भाजपा सांसद के आफिस सील का आदेश वापस

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) ने सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता अपराजिता सारंगी का कार्यालय सील करने का आदेश शनिवार को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। बीएमसी के अधिकारियों ने 10 सितंबर को सारंगी के कार्यालय को यह कहते हुए सील कर दिया था कि उन्होंने कार्यालय में अपना जन्मदिन मनाया था और कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन किया था। बीएमसी ने यह कदम सोशल मीडिया में वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर उठाया था। कार्यालय को 15 दिन के लिए सील किया जाना था लेकिन नए आदेश में कहा गया, पूजा पर्व पर सभी दुकानों, कारोबारी प्रतिष्ठानों और संस्थानों को खोले जाने के बीएमसी के निर्णय के अनुरूप पलासपल्ली के प्लाट पर चल रहे सांसद के कार्यालय को सील करने संबंधी आदेश तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है। इससे पहले सारंगी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को पत्र लिख कर बीएमसी की कार्रवाई का विरोध किया था।

### एनजीटी ने यूपी को ईंट भट्ठों पर निगरानी रखने को कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश प्रशासन को निर्देश दिया है कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अवैध ईंट भट्ठों पर नजर रखे। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति एके गोयल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने कहा कि दिल्ली और एनसीआर के आसपास की हवा में सर्दियों और गर्मियों में पीएम10 के प्रसार में करीब पांच से सात प्रतिशत की हिस्सेदारी ईंट भट्ठा उद्योग की है। पीठ में न्यायमूर्ति एसपी वांगडी भी शामिल थे। पीठ ने कहा, उत्तर प्रदेश के संबंधित अधिकारी अवैध ईंट भट्ठों पर नजर रख सकते हैं ताकि एनसीआर में वायु की गुणवत्ता को अच्छी श्रेणी में रखा जा सके ।

---

भारत में कोविड-19 जीनोम अध्ययन के अनुसार

# वायरस के स्वरूप में नहीं हुआ कोई बदलाव: पीएमओ

### एनईजीवीएसी ने टीकों के भंडारण वितरण और लगाने के लिए तैयार किया एक विस्तृत ब्लूप्रिंट



**नई दिल्ली।** कोविड-19 का प्रभावी टीका विकसित करने के लिए दुनियाभर में जारी प्रयासों के बीच सरकार ने शनिवार को कहा कि भारत में वायरस के जीनोम संबंधी दो अध्ययनों में पाया गया है कि यह आनुवांशिक रूप से स्थिर है। इसके स्वरूप में कोई बड़ा बदलाव (म्यूटेशन) नहीं आया है।

कुछ विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि कोरोना वायरस के स्वरूप में बड़ा बदलाव होने से इसका प्रभावी टीका बनाने में बाधा पैदा हो सकती है। हालांकि, कुछ हालिया वैश्विक अध्ययनों में सामने आया है कि वायरस के स्वरूप में आने वाले हालिया बदलावों से कोविड-19 के लिए इस समय विकसित किए जा रहे टीकों पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए। कोविड-19 वैश्विक महामारी की स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि भारत में तीन टीके विकास के उन्नत चरणों में हैं, जिनमें से दो टीके दूसरे चरण और एक टीका तीसरे चरण में है। पीएमओ ने कहा, आईसीएमआर और जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) द्वारा सार्स-कोव-2 (कोविड-19 वायरस) के जीनोम पर किए गए दो अखिल भारतीय अध्ययनों में पाया गया है कि वायरस आनुवांशिक रूप से स्थिर है और इसके स्वरूप में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने पिछले महीने कहा था कि भारत में कारोना वायरस के स्ट्रेन में कोई बड़ा या महत्वपूर्ण बदलाव नहीं पाया गया है। उन्होंने कहा था कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) पिछले कुछ महीनों के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर जुटाए गए स्ट्रेनों (वायरस का स्वरूप) का बड़े पैमाने पर अध्ययन करने में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा था कि वायरस के स्वरूप में बदलाव के संबंध में अक्टूबर के शुरू में जानकारी उपलब्ध होगी। पीएमओ ने एक बयान में कहा कि नेशनल एक्सपर्ट ग्रुप ऑन वैक्सीन एडमिनिस्ट्रेशन फॉर कोविड-19 (एनईजीवीएसी) ने राज्य सरकारों और सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ मिलकर टीकों के भंडारण, वितरण और उसे लगाने के लिए एक विस्तृत ब्लूप्रिंट (खाका) तैयार किया है।

### निजी अस्पतालों में बिस्तर आरक्षण का फैसला ,संक्रमण केसों में कमी लाने को लिया : जैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कहा कि यहां कई निजी अस्पतालों में कोविड-19 के मरीजों के लिए बिस्तर आरक्षित करने का कदम संक्रमण के मामलों में कमी लाने के लिए उठाया गया था। सरकार पर आरोप लगाने वाले लोग जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर एक याचिका में दिल्ली सरकार के 13 सितंबर के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें 33 निजी अस्पतालों को निर्देश दिया गया था कि वे अपने कम से कम 80 प्रतिशत आईसीयू बिस्तर कोविड-19 के मरीजों के लिए आरक्षित रखें। शहर की आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि 33 बड़े निजी अस्पतालों को 80 प्रतिशत आईसीयू बिस्तर कोविड-19 के मरीजों के लिए आरक्षित रखने का निर्देश देने वाला नीतिगत फैसला एक अस्थाई उपाय के तौर पर लिया गया था। इसका मकसद राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों में कमी लाना था। न्यायमूर्ति नवीन चावला के समक्ष दाखिल किए गए अपने हलफनामे में आप सरकार ने इस बात से इनकार किया कि उसका यह फैसला दिल्ली के नागरिकों के मूल अधिकारों का किसी तरह से हनन करता है और उसने एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स की याचिका को पूरी तरह से गलत एवं बेबुनियाद करार दिया।

## बिहार चुनाव: पलायन रोकने उद्योगों के बढ़ावे का संकल्प

### बिहार विस नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, कांग्रेस के नेता रणदीप शक्ति सिंह और वाम दलों ने किया वादा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी महागठबंधन ने शनिवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया। इसमें युवाओं को रोजगार देने, पलायन रोकने, शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने, उद्योगों को बढ़ावा देने सहित विभिन्न वादे किए गए हैं।

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला, शक्ति सिंह गोहिल व वाम दलों के प्रमुख नेताओं ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में महागठबंधन का संकल्प पत्र बदलाव के संकल्प को जारी किया। इस अवसर पर तेजस्वी यादव ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण विषय बेरोजगारी है। हमारी सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में युवाओं को 10 लाख रोजगार देने पर मुहर लगेगी। महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार ने कहा कि लाखों लोगों का रोजगार छिन गया है और कारोबारियों का व्यवसाय ठप पड़ गया है, ऐसे में हमने यह संकल्प किया है।

तेजस्वी ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है और नीतीश कुमार पिछले 15 वर्षों से राज्य में शासन कर रहे हैं लेकिन इसे विशेष दर्जा नहीं दिया गया। कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने कहा कि यह चुनाव नई दिशा बनाम दुर्दशा, नया रास्ता बनाम हिन्दू-मुसलमान, नई तरूणाई बनाम फेल तजुर्बे तथा खुद्दारी बनाम नफरत के बीच का है। उन्होंने नीतीश कुमार पर बिहार की जनता को धोखा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा के तीन गठबंधन हैं जिनमें से एक जदयू के साथ, दूसरा लोजपा के साथ और तीसरा असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के साथ है। सुरजेवाला ने हाल में बने तीन कृषि कानूनों को किसान विरोधी करार देते हुए आरोप लगााया कि भाजपा हरित क्रांति को विफल बनाना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी तब पहले विधानसभा सत्र में तीनों कानून को खत्म करने के लिए कदम उठाया जाएगा।

तेजस्वी यादव ने दावा किया कि पिछली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोतिहारी चीनी मिल को लेकर कुछ वादे किए थे लेकिन वे पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा कि लीची, गन्ना सहित अन्य उत्पादों के लिए कोई प्रसंस्करण इकाई नहीं है। हमारा ध्यान इन सभी पर रहेगा। तेजस्वी ने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि लोग कुर्सी पाने की होड़ में लगे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सृजन घोटाले सहित कई घोटाले इसी शासनकाल में हुए हैं।

## कोविड-19 के सुरक्षा इंतजामों के साथ लगेगा गंगा सागर मेला



**बरूईपुर।** कोविड-19 महामारी के बीच सुरक्षा के इंतजामों और एहतियात के साथ गंगा सागर मेले की तैयारी चल रही है। इसके अलावा मेले के आयोजन से जुड़े अधिकारी गंगा के पवित्र जल को डाक के जरिए श्रद्धालुओं के पास भेजने और मेले से जुड़े अनुष्ठानों के टेलीविजन पर सीधे प्रसारित करने की तैयारी में भी जुटे हैं।

प्रत्येक साल मकर संक्रांति के मौके पर लाखों हिंदू पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के सागर द्वीप पर मेले में हिस्सा लेने आते हैं और वह गंगा में स्नान के बाद कपिल मुनि मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। दक्षिण 24 परगना के जिला अधिकारी पी उलगानाथन ने बताया कि इस साल जनवरी के महीने में करीब 50 लाख श्रद्धालु मेले में आए थे लेकिन कोविड-19 महामारी की वजह से अब श्रद्धालुओं की संख्या में भारी कमी होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन ने फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब पर धार्मिक अनुष्ठानों का लाइव प्रसारण करने का निर्णय लिया है ताकि श्रद्धालु घर बैठे भी अनुष्ठान देख सकें। उन्होंने बताया कि इसके अलावा श्रद्धालु डाक के जरिए भी गंगा का पवित्र जल पहले ही मंगवा सकते हैं। वहीं अधिकारी का यह भी कहना है कि मेले में आने वाले लोगों के लिए भी कई तरह की तैयारियां चल रही हैं और कोविड-19 से सुरक्षा के इंतजाम भी किए जाएंगे।

## दुर्गा पूजा पंडाल में भीड़ रोकने को सड़कों पर लगेंगी टीवी स्क्रीन

**कोलकाता।** कोलकाता में एक दूर्गा पूजा समिति मां दुर्गा की मूर्ति तथा अन्य मूर्तियों को 25 किलोग्राम सोने से सजाएगी। पंडाल में भीड़-भाड़ रोकने के लिए सड़कों पर बड़ी टीवी स्क्रीन लगाएगी। राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस ने पीटीआई-भाषा को बताया कि श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब की मूर्तियों को सोने का मुकुट, सोने की चेन और सोने के आभूषणों से सजाया जाएगा।

बोस ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के कारण इस बार पूजा की रौनक फीकी रहेगी लेकिन मूर्ति के आकार और इसकी भव्यता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। काशी बोस लेन दुर्गा पूजा समिति भी पूजा पंडाल का प्रसारण फेसबुक के जरिए और समिति की वेबसाइट के जरिए करने की तैयारी कर रही है। पूजा समिति के महासचिव सोमेन दत्ता ने कहा, हम यूट्यूब लिंक साझा करेंगे जहां से लोग यहां का नजारा देख सकें।

## नीतीश ने राजद पर साधा निशाना, कहा मौका मिलने पर अपना हित साधा

### राजग को जनादेश देने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, अब बिहार पिछड़ा नहीं रहेगा



**नबीनगर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए उस पर वोटों के लिए समाज को बांटने तथा मौका मिलने पर जनता के बदले सिर्फ अपना हित साधने का आरोप लगाया।

नीतीश कुमार ने औरंगाबाद के नबीनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोग वोटों के चक्कर में समाज को बांटने में लगे रहते हैं तथा उन्हें न तो काम का कोई अनुभव है और न ही उन्होंने कभी कोई काम किया है। उन्होंने राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा, पति-पत्नी ने 15 साल राज किया था, लेकिन उस दौरान क्या किया? राजद प्रमुख पर परोक्ष प्रहार करते हुए कुमार ने कहा, अभी तो अंदर (जेल) ही हैं और जो काम किया है, उसके कारण ही अंदर हैं... अभी और लोग अंदर जाएंगे।

उन्होंने दावा किया कि उन लोगों ने सिर्फ अपने लिए काम किया जबकि हमारा उद्देश्य जनता की सेवा करना है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को जनादेश देने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, अब बिहार पिछड़ा नहीं रहेगा बल्कि सक्षम, आत्मनिर्भर बनेगा और आगे बढ़ेगा। उन्होंने राज्य को तरक्की और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए लोगों से फिर मौका देने की अपील की। कुमार ने कहा कि राज्य के साथ केंद्र सरकार ने भी कई योजनाओं के तहत मदद की है और हर वर्ग को लाभ पहुंचाया गया और सम्मान दिलवाया है। उन्होंने इस संदर्भ में आर्थिक आधार पर आरक्षण देने के कदम का भी जिक्र किया।

कुमार ने कहा कि पुरुष और महिलाएं मिल कर काम करेंगी तो विकास दोगुनी गति से होगा। उन्होंने कहा कि पहले कुछ ही महिलाएं पंचायती राज में आ पाती थीं, हमने आरक्षण दिया और अब काफी संख्या में महिलाएं आगे आ रही हैं। कुमार ने कहा कि अस्पतालों की स्थिति में सुधार करते हुए हमने इलाज का बेहतर प्रबंध किया।

## समान नागरिक संहिता के खिलाफ विभिन्न तबकों के साथ मिलकर आम राय तैयार करेगा मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड

### विशेष सीबीआई अदालत के बरी करने के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगा बोर्ड



**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड समान नागरिक संहिता (कॉमन सिविल कोड) के खिलाफ विभिन्न तबकों के साथ मिलकर आम राय तैयार करेगा। बोर्ड कार्यकारिणी की पिछले दिनों हुई डिजिटल बैठकों में यह फैसला लिया गया।

बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य जफरयाब जीलानी ने शनिवार को भाषा को बताया कि 11 और 13 अक्टूबर को हुई बोर्ड की डिजिटल बैठकों में समान नागरिक संहिता और बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले से जुड़े अहम फैसले लिए गए। उन्होंने बताया कि बोर्ड सदस्यों का यह कहना था कि सत्तारूढ़ भाजपा के एजेंडा में अब समान नागरिक संहिता का मुद्दा ही बचा रह गया है लिहाजा अब वह इस दिशा में आगे बढ़ेगी। सदस्यों का कहना था कि भारत विभिन्न सभ्यताओं और संस्कृतियों वाला देश है लिहाजा यहां ऐसी कोई संहिता लागू करना न्यायसंगत नहीं होगा।

जीलानी ने बताया कि बैठक में फैसला लिया गया है कि बोर्ड समान नागरिक संहिता लागू किए जाने की स्थिति में प्रभावित होने वाले विभिन्न तबकों से संपर्क करके और उनके जनप्रतिनिधियों जैसे सांसदों विधायकों से संपर्क कर एक आम राय तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद मामले में गत 30 सितंबर को सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा दिए गए फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देने के फैसले पर भी मुहर लगा दी है।


जीलानी ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के तहत किसी फैसले को चुनौती देने के लिए 90 दिनों का समय होता है। इसी अवधि में बोर्ड के नुमाइंदे विशेष सीबीआई अदालत के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेंगे। गौरतलब है कि विशेष सीबीआई अदालत ने बाबरी विध्वंस मामले में फैसला सुनाते हुए सभी 32 आरोपियों को बरी कर दिया था। इस मामले के आरोपियों में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती और पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह भी शामिल थे।

## भिण्ड चुनाव में क्यूआर कोड लगी गोली जारी करने की योजना शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा की 28 सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों के मद्देनजर बंदूक के इस्तेमाल और हिंसा रोकने के लिए भिण्ड जिले में पुलिस ने एक नई पहल की है। इसके तहत कारतूसों पर क्यूआर कोड की मुहर लगाई जा रही है ताकि गोली चलाने वाले की पहचान जल्द और आसानी से हो सके ।

मध्य प्रदेश में तीन नवंबर को 28 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के तहत भिण्ड जिले में दो सीटों तथा ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में 16 सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। चंबल के बीहड़ कभी मलखान सिंह और पान सिंह तोमर जैसे बागियों का अड्डा रहे थे जिन्होंने बंदूक के दम पर इलाके में आतंक का राज कायम किया था। बैंडिट क्वीन फूलन देवी ने भी सांसद बनने से पहले चंबल के बीहड़ों में ही राज किया था। जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा से बात करते हुए कहा, पिछले पांच साल में भिण्ड में 150 हत्याएं हुई हैं। इनमें से अधिकांश अवैध हथियारों के इस्तेमाल से हुई हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनावों जिले में हिंसा और धांधली करने की कोशिशें हुई थीं जिन्हें नाकाम कर दिया गया था।

उन्होंने कहा, इसलिए उपचुनावों से पहले पुलिस ने जिले में 22 हजार से अधिक हथियार लाइसेंसधारियों को क्यूआर कोड वाली गोलियां लेने के लिए कहा है। इस सप्ताह से इसकी शुरुआत हो गई है। एक कारतूस पर क्यूआर कोड चिह्नित करने के लिए सिर्फ एक पैसा खर्च होता है।





# कोरोना काल में रचनात्मक सांत्वना देना उद्देश्य

**इंडस वैली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक और रचनात्मक निर्देशक हर्ष नारायण का कहना है कि वो कोविड महामारी का प्रकोप समाप्त होने के बाद भी डिजिटल संस्करण पर काम करना जारी रखेंगे क्योंकि उनके अनुसार इस एकल प्लेटफॉर्म का भविष्य उज्जवल है ...**



ये वर्ष का वो समय है जब हम किसी न किसी फिल्म फेस्टिवल में फिल्मी सितारों को अपने डिजाइनर परिधानों और नवीनतम शैलियों के माध्यम से चमक बिखेरते हुए देखा करते थे। लेकिन अब कोरोना वायरस और इसके चलते लगे प्रतिबंधों के चलते वास्तविक फिल्म महोत्सवों का स्थान पर इनके डिजिटल संस्करण ने ले लिया है।

आज हमारे बीच कई फिल्म फेस्टिवल ऑनलाइन आयोजित किये जा रहे हैं ताकि लोग इनका पूरा आनंद ले सकें। ऐसा ही एक फिल्म फेस्टिवल है इंडस वैली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल। लॉकडाउन के दौरान अपने पहले संस्करण को सफलतापूर्वक आयोजित करने के बाद आयोजकों ने इसके दूसरे और अधिक उच्चीकृत संस्करण का आयोजन किया जिसमें नौ दिनों की अवधि में फिल्म, सिलेब्रिटीज़ से बातचीत, फिल्म निर्माण पर वर्कशॉप, मास्टरक्लास, पटकथा लेखन, थियेटर में अभिनय के साथ साथ निर्देशन आदि के बारे में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इसमें श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान तथा भारत की फिल्मों को प्रस्तुत किया गया था। इसके अंतर्राष्ट्रीय पैनोरमा विभाग में इटली तथा स्पेन जैसे देशों की फिल्मों को भी सम्मिलित किया गया।

इसका प्रारंभ आर बाल्की की फिल्म पैडमैन से तथा अंत विशाल भारद्वाज की फिल्म रंगून से हुआ। अभिनेता हिमांशु मलिक इसमें मास्टर ऑफ सेरेमनी थे जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों में जुरी द्वारा चयनित 25 पुरस्कारों की घोषणा की। इसकी जुरी में विविधता एवं समावेशिता सलाहकार के रूप में सुप्रीति, थियेटर निर्देशक विनीत चोपड़ा, एवं फिल्म निर्माता हर्ष नारायण थे। इसका आयोजन साउथ एशिया फोरम फॉर आर्ट एंड क्रियेटिव हेरिटेज, द्वारा किया गया था। इस महोत्सव के आयोजन के माध्यम से जिन फिल्मों को दिखाया गया उनसे दक्षिण एशिया की समृद्ध विविधता एवं विरासत को सामने लाया जा सका।

इस महोत्सव के संस्थापक तथा रचनात्मक निर्देशक हर्ष नारायण इस बार के संस्करण के नए परिवर्तनों, ऑनलाइन संस्करण आयोजित करने की राह में आने वाली चुनौतियों तथा इसके भविष्य की नई बातों को हमसे साझा किया। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

**● इस महोत्सव के दूसरे डिजिटल संस्करण के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे?**

इसके दूसरे संस्करण ने हमें और अधिक लोगों तक पहुंच प्रदान की। हम जब भी भौतिक रूप में महोत्सव का आयोजन करते हैं तो ये एक नगर तक ही सीमित रह जाता है लेकिन इस बार हमारे यहां विभिन्न देशों के अनेक सक्रिय प्रतिभागी थे, साथ ही अमेरिका, अफ्रीका, यूरोप तथा सभी दक्षिण एशियाई देशों से पंजीकरण कराया गया था। लोगों ने हमारे विभिन्न सत्रों में भाग लेने के साथ ही डिजिटल फिल्म पोर्टल के माध्यम से फिल्मों को देखा भी। यहां तक कि अंतिम दिन तक भी अमेरिका जैसे देशों से पंजीकरण कराए जाते रहे। सभी प्रतिभागी उत्साहित थे क्योंकि वे महोत्सव के आधिकारिक रूप से समाप्त होने के बाद भी वीओडी के माध्यम से रिकॉर्डेड सत्रों तथा फिल्मों को देख पा रहे थे।

इससे हमारे विश्वास में वृद्धि हुई कि अब डिजिटल महोत्सव को कोरोना काल के दौरान केवल एक औपचारिकता ही नहीं समझा जाता है, बल्कि एकल प्लेटफॉर्म के रूप में भौतिक महोत्सव के समकक्ष इसका भी भविष्य सुदृढ़ है।

**● इस बार के संस्करण में महोत्सव में क्या-क्या नया था?**

इस बार हमनें फेस्टिवल पोर्टल के माध्यम से फिल्म निर्माण, पटकथा एवं वृत्तचित्र पर ऑनलाइन वर्कशॉप तथा मास्टर क्लास आयोजित की थीं। हमें छात्रों तथा सिनेमा जिज्ञासुओं से पंजीकरण प्राप्त हुए जिन्होंने अपने-अपने विश्वविद्यालयों या घरों से इनमें भाग लिया। इसके अलावा हमनें दक्षिण एशिया में फिल्म निर्माण तथा संगीत के क्षेत्र में रचनात्मक सहयोग पर पैनल विमर्श आयोजित किया। इनमें पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश एवं श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों के शीर्ष फिल्म निर्माताओं एवं संगीतकारों ने भाग लिया। ये बहुत गंभीर विमर्श थें जिनमें लोगों ने किसी ऐसी डिजिटल संस्था की आवश्यकता अनुभव की जो इस उद्योग में सहयोग, सहनिर्माण तथा संयुक्त उपक्रमों में सुविधाजनक बनाने में सहायक हो।

**● इस प्रकार के ऑनलाइन महोत्सव के आयोजन की राह में किस तरह की चुनौतियां होती हैं?**

मुख चुनौती तो प्रारंभ में फिल्म निर्माताओं, निर्देशकों तथा स्टूडियो आदि को अपनी फिल्में इस डिजिटल संस्करण के लिए उपलब्ध कराने हेतु सहमत करना था। ये सही भी है फिल्मों के सभी डिजिटल अधिकार बेचे जा चुके होते हैं या उस हेतु सुरक्षित किये जा चुके होते हैं। ऐसे में फिल्म निर्माताओं को किसी डिजिटल फिल्म फेस्टिवल के लिए अपनी फिल्म उपलब्ध करने में चोरी की आशंका रहती है लेकिन फिल्म के फेस्टिवल स्क्रीनिंग अधिकार भी उनके पास ही रहते हैं।

उनकी इस आशंकाओं को कम करने के लिए हमनें एक सुरक्षित आईवीआईएफएफ डिजिटल फेस्टिवल पोर्टल स्थापित किया था जिसे केवल पंजीकृत प्रतिभागी ही देख सकते थे। इसके अलावा हमारी अतीत की विश्वसनीयता के कारण हम फिल्म निर्माताओं तथा प्रोड्यूसर्स को अपनी योजना से संतुष्ट करने में सफल रहे। इस प्रकार हम कुछ शीर्ष प्रोडक्शन हाउस और स्टूडियो को अपने साथ लाने में सफल रहे।

**● क्या आपको लगता है कि महोत्सव का ऑनलाइन संस्करण अधिक उपयोगी रहा?**

जी हां। क्योंकि हमारे महोत्सव में विभिन्न देशों के प्रतिभागी थे जबकि भौतिक स्तर पर आयोजित होने वाले महोत्सव में इतने प्रतिभागियों को एक मंच पर लाना दुष्कर काम था। इसी के साथ इतने लोगों के लिए वीज़ा प्राप्त करना तथा क्लीयरेंस प्राप्त करना भी टेढ़ी खीर होती है। इसके अलावा इसमें एक और सुविधा ये होती है कि फिल्म निर्माताओं तथा अभिनेताओं को अपने सत्र में ही अपने घर या कार्यालय से ऑनलाइन उपलब्ध होना होता हैं इससे उनके दूसरे कार्यों के लिए भी पर्याप्त समय उपलब्ध होता है। भौतिक महोत्सवों में उन्हें उस नगर तक भ्रमण करना होता है और कम से कम एक दिन का समय लग ही जाता है।

**● कोरोना महामारी काल में ऐसे महोत्सव कला और रचनाशीलता को किस प्रकार सशक्त बनाते हैं?**

आजकल लोग तनावग्रस्त, उदास और दबावों में जी रहे हैं और हर दिशा से उन्हें नकारात्मकता के ही दर्शन होते हैं फिर चाहे महामारी हो, युद्ध, आत्महत्या, अवसाद, मादक पदार्थों का सेवन, सामाजिक अशांति या राजनीतिक संघर्ष। ऐसे समय में हम लोगों को एक रचनात्मक सांत्वना और एक आशा की किरण देना चाहते थे ताकि वे जीवन के उजले पक्ष से परिचित हों। हमें स्मरण रखना होगा कि अंधकार के समय रचनात्मकता ही हमारे हृदय को उजालो से भर सकती है। कला और रचनाशीलता से हमारे हृदय और आत्मा के घावों को भरा जा सकता है। इससे हम प्रेम और करुणा की शक्ति में हमारा विश्वास भी बहाल होता है और हमारी सामाजिक चेतना को एक नई ऊर्जा प्राप्त होती है।

**● आपने उल्लेख किया कि 'इंडसवैली फेस्टिवल में नियमित रूप से फिल्मों की स्क्रीनिंग, विमर्श, वर्कशॉप तथा पैनल विमर्श आयोजित होते रहना चाहिये...' इसके अलावा इस प्रकार के और किन उपायों से हमारी गतिशीलता बनी रह सकती है?**

हम इंडसवैली को एक स्थायी डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाना चाहते हैं जिससे दक्षिण एशिया तथा बाद में दक्षिण-पूर्व एशिया के कलाकार, संगीतकार तथा फिल्म निर्माता जुड़े रहें। इससे वे एक दूसरे से मिलकर कार्य कर सकते हैं। वे अपनी रचनाशलता को दूसरों से मूल्य के आधार पर साझा भी कर सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से वे वृहद मार्केट से जुड़े रहने में भी समर्थ होंगे। उन्हें इस क्षेत्र में उपलब्ध तकनीकी तथा अन्य प्रकार की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का लाभ भी मिल सकेगा। हमनें तय किया है कि अब से हम दक्षिण एशिया के सर्वश्रेष्ठ संगीतकारों को संगीत के निर्माण के लिए लाएंगे। एक सुझाव ये भी था कि हम एक दक्षिण एशियाई सिनेमा कोष का निर्माण करें ताकि दक्षिण एशिया क्षेत्र में अच्छी फिल्म स्क्रिप्ट का विकास संभव हो सके और बाद में वो एक श्रेष्ठ स्क्रीन कंटेंट बनने में सफल हों। इस बारे में विचार विमर्श के लिए हम एक समिति बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

## वेब वर्ल्ड



### वॉट द कान्स्टीट्यूशन मीन्स टु मी

इसमें हाइडी श्रेक के नाटक के इस लाइव ब्रॉडवे कास्ट प्रोडक्शन में अमेरिका के संविधान के संबंध में विभिन्न ऐतिहासिक अवधारणाओं तथा उनके व्यक्तिगत अनुभवों को प्रस्तुत किया गया है। इसे अक्तूबर के मध्य से अमेजॉन प्राइम वीडियो प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है।



### सोशल डिस्टेंस

पृथक वास की अवधि में इसकी संकल्पना करने से लेकर निर्माण तक सबकुछ दूर रहते हुए किया गया है। इसमें विभिन्न प्रकार से दिखाने का प्रयास किया गया है कि महामारी के दौरान दूर रहते हुए भी हम कैसे एक दूसरे के निकट बने रह सकते हैं। वर्तमान में नेटलिक्स पर देखने के लिए उपलब्ध है



### द ट्रायल ऑफद शिकागो 7

शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किस प्रकार से पुलिस के साथ हिंसक संघर्ष में परिवर्तित हो जाता है और बाद में इसपर चला वाद इतिहास के सबसे कुख्यात मुकद्मों में से एक के रूप में याद किया जाता है। इसमें अमेरिका की संघीय सरकार द्वारा 1969 में इनमें से सात प्रतिवादियों के ट्रायल का वर्णन है। फिल्म नेटलिक्स पर उपलब्ध है।

# हिमानी शिवपुरी और योगेश त्रिपाठी ने अपने पसंदीदा पकवानों के बारे में बताया



**भारतीय पकवानों** में बहुत सारी विविधतायें हैं। अगर खाने-पीने के सामानों की बात करेंए तो हर जगह की अपनी कुछ खासियत होती है और कई पारंपरिक व्यंजन उस क्षेत्र से जुड़े होते हैं। खान-पान की यह विविधता भारत की एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषता भी है। वर्ल्ड फूड डे के अवसर पर एण्डटीवी के हप्पू के उलटन पलटन के हप्पू सिंह यानी कि योगेश त्रिपाठी और कटोरी अम्मा उर्फ हिमानी शिवपुरी ने प्रयागराज के अपने पसंदीदा पकवानों और खाने.पीने के लिये मशहूर जगहों के बारे में बात की। हिमानी जी ने कहा यमुनाए गंगा और सरस्वती नदियों के संगम के और भव्य मेलों के अलावा यह शहर अपने अलग-अलग किस्म के शानदार भोजन, खासतौर से अपने स्ट्रीट फूड के लिए भी लोकप्रिय है। यदि मैं अपनी बात करूं तो, मुझे टमाटर चाट, आलू टिक्की, खस्ता कचोरी, दही-सोंठ के बताशें, पापड़ी चाट और गोल गप्पे बहुत पसंद हैं।

सिविल लाइन्स नेत्रम मूलचंद एंड संस हरी राम एंड संस और लोकनाथ में निराला की चाट तक ऐसी कई जगहें हैंए जहां पर तरह.तरह की चाट का स्वाद लिया जा सकता है। यदि मैं यह कहूं कि इलाहाबाद, चाट के शौकीनों के लिये जन्नत से कम नहीं हैए तो गलत नहीं होगा। इसके अलावा वहां के समोसेए खासकर छोला समोसा बहुत अच्छा होता है। इस बारे में आगे बात करते हुएए योगेश त्रिपाठी ने कहाए श्भारतीय मिठाईयों के शौकीन लोगों को सोहबतिया बाग जरूर जाना चाहिए। इस शहर में सबसे बेहतरीन गुलाब जामुन मिलते हैंए जिसे देहाती के रसगुल्ले के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा यहां की मक्खन मलाईए इमरती और निश्चित रूप से पान भी मशहूर है। चुरमुराए जो कि यहां का लोकल स्नैक्स है, वह भी लोगों को काफी पसंद आता है। मैं तो बस इतना ही कह सकता हूं कि यहां के खाने का मजा ही कुछ अलग है। तो प्रयागराज जरूर आएं और यहां के खाने का खूब लुत्फ उठाए। इस वर्ल्ड फूड डे परए मेरी सभी लोगों से बस यही गुजारिश है कि खाना बर्बाद न करें और भूखों को खाना खिलाएं। तोए यदि आपने अभी तक प्रयागराज के इन व्यंजनों के स्वाद नहीं लिया हैए तो वाकई में आप एक बहुत बड़ी चीज मिस कर रहे हैं! हप्पू की उलटन पलटन में हिमानी शिवपुरी को कटोरी अम्मा और योगेश त्रिपाठी को दरोगा हप्पू सिंह के रूप में देखिए, हर सोमवार से शुक्रवार रात 10:00 बजे सिर्फ एण्ड टीवी पर!

# मिथुन चक्रवर्ती के बेटे के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की पत्नी योगिता बाली और बेटे महाअक्षय के खिलाफ बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि 38 वर्षीय महिला की शिकायत पर बृहस्पतिवार की रात ओशिवारा थाने में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता ने कहा है कि वह 2015 से 2018 के बीच महाअक्षय के साथ संबंध में थीं और उस दौरान उन्होंने उनसे शादी का वादा किया था।



अधिकारी ने बताया कि, महिला ने कहा कि दोनों के बीच संबंधों के दौरान वह महाअक्षय से मिलने अंधेरी पश्चिम के आदर्श नगर में उनके फ्लैट में गई थीं। महिला ने कहा कि जब वह वहां पहुंची तो आरोपी ने उन्हें सॉफ्ट ड्रिंक पेश की और शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। अधिकारी ने कहा, महिला ने आरोप लगाया कि जब वह गर्भवती हो गई तो महाअक्षय ने गर्भपात कराने के लिए कहा और उन्हें गोलियां भी दीं। उन्होंने बताया महिला ने कहा है कि वह अकसर महाअक्षय से शादी के लिए कहा करती थीं, लेकिन जनवरी 2018 में महाअक्षय ने उनसे कहा कि वह शादी नहीं कर सकते, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। महिला ने कहा कि जब वह उन्हें फोन करती तो उनकी मां योगिता बाली उन्हें धमकाती थीं।

अधिकारी ने कहा कि बाद में शिकायतकर्ता अपने भाई के साथ दिल्ली जाकर पारिवारिक मित्र के घर पर रहने लगीं। वहां उन्होंने जून 2018 में बेगमपुर थाने में महाअक्षय और योगिता बाली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और 313 और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और जांच वहां अपराध शाखा को सौंप दी गई। दिल्ली की अदालत ने बाद में महाअक्षय और उनकी मां को इस मामले में अग्रिम जमानत दे दी।

अधिकारी ने कहा कि मार्च 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने महिला को उस स्थान की अदालत में शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा, जहां अपराध हुआ है। इसके बाद महिला ने इस साल जुलाई में ओशिवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने कहा, इसके बाद, आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 376 (2) (एन), 328, 417, 506, और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। महाअक्षय हांटेड 3डी और लूट जैसी कुछ फिल्मों में काम कर चुके हैं।



# मजबूत मुंबई का मुकाबला अब गेल तूफान से उत्साहित पंजाब से

एजेंसी। दुबई



**मुंबई** इंडियन्स लगातार पांच मैचों में जीत से बेहद मजबूत नजर आ रहा है, लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा, क्योंकि क्रिस गेल की वापसी से उसके इस प्रतिद्वंद्वी में नया उत्साह जगा है। मुंबई एक जीत से प्लेऑफ के बेहद करीब पहुंच जाएगा, जबकि पंजाब एक और हार से दौड़ से बाहर हो सकता है। मुंबई अपनी दमदार बल्लेबाजी और घातक गेंदबाजी से विरोधी टीमों की चुनौती से आसानी से पार पा रहा है। पिछले मैच में उसने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी।

अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज मुंबई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा (251 रन) और उनके सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक (269 रन) अच्छी लय में है, जबकि मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव (243 रन) और इशान किशन (186 रन) भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट अभी आईपीएल की सबसे सफल गेंदबाजी जोड़ी के रूप में सामने आए हैं। उन्होंने आठ मैचों में 12-12 विकेट लिए हैं। स्पिन विभाग में युवा राहुल चाहर ने प्रभावशाली गेंदबाजी की है। दूसरी तरफ किंग्स इलेवन पंजाब टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले दो बल्लेबाजों कप्तान केएल राहुल (387 रन) और मयंक अग्रवाल (337 रन) के बावजूद अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर है।

### टीमें

**मुंबई इंडियन्स :** रोहित शर्मा (कप्तान), आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, अनुकुल रॉय, क्रिस लिन, धवल कुलकर्णी, दिग्विजय देशमुख, हार्दिक पंड्या, इशान किशन, जेम्स पैटिनसन, जसप्रीत बुमराह, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड, क्रुणाल पंड्या, मिशेल मैकलेनगन, मोहसिन खान, नाथन कूल्टर-नाइल, प्रिंस बलवंत राय, क्विंटन डिकॉक, राहुल चाहर, सौरभ तिवारी, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट।

**किंग्स इलेवन पंजाब :** लोकेश राहुल, हरप्रीत बराड़, इशान पोरेल, मनदीप सिंह, जेम्स नीशाम, तजिंदर सिंह, क्रिस जॉर्डन, करुण नायर, दीपक हुड्डा, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मुजीब उर रहमान, सरफराज खान, शेल्डन कॉटरेल, मयंक अग्रवाल, मोहम्मद शमी, दर्शन नलकांडे, निकोलस पूरण, क्रिस गेल, मुरुगन अश्विन, जगदीश सुचित, कृष्णप्पा गौतम, हार्डस विलोजेन, सिमरन सिंह।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 07:30 मिनट से शुरू होगा।**

पंजाब की समस्या यह है जब उसके बल्लेबाज चलते हैं तो गेंदबाज नहीं चलते। यह अलग बात है कि वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज गेल की वापसी से टीम का उत्साह बढ़ा है। गेल ने अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करके 45 गेंदों पर 53 रन बनाए जिसमें पांच छक्के शामिल हैं। इससे पंजाब विराट कोहली की अगुवाई वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को हराने में सफल रहा था। ऐसे में गेल तथा बुमराह और बोल्ट के बीच द्वंद्व देखने लायक होगा। राहुल और अग्रवाल इन दोनों तेज गेंदबाजों का प्रभाव कम करके गेल के लिए अच्छा मंच तैयार कर सकते हैं। पंजाब की परेशानी उसकी गेंदबाजी है। मोहम्मद शमी और रवि बिश्नोई को छोड़कर उसका कोई भी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। उसकी टीम कई विकल्प आजमाने के बावजूद सही संतुलन भी स्थापित नहीं कर पाई है।

# बल्लेबाजों के दम पर जीत की राह पर लौटना चाहेंगे केकेआर और सनराइजर्स



एजेंसी। अबुधाबी

**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) की कप्तानी संभालने के बाद पहले मैच में ही करारी हार का सामना करने वाले इयोन मोर्गन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ मैदान पर उतरेंगे। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दिनेश कार्तिक ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ शुक्रवार को मैच से पहले कप्तानी अपने उप कप्तान मोर्गन को सौंप दी थी। इंग्लैंड के विश्वकप विजेता कप्तान की नई भूमिका में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उनकी टीम को मुंबई से आठ विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी।

केकेआर ने अब तक चार मैचों में जीत दर्ज की है, लेकिन उसे इतने ही मैचों में हार भी मिली है। वह अंकतालिका में मुंबई इंडियन्स, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बाद चौथे स्थान पर है। लेकिन अगर दो बार का चैंपियन केकेआर प्लेऑफ में जगह बनाना चाहता है, तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ 194 रन के लक्ष्य के सामने केकेआर के बल्लेबाज 20 ओवरों में 112 रन ही बना पाए। मुंबई के खिलाफ तो आठ ओवर में उसका स्कोर चार विकेट पर 42 रन हो गया था। उसकी आधी टीम 11वें ओवर में 61 रन के स्कोर तक पवेलियन लौट गई थी। इसके बाद मोर्गन (नाबाद 39) और तेज गेंदबाज पैट कमिन्स (नाबाद 53) के बीच छठे विकेट के लिए 87 रन की अटूट साझेदारी से टीम पांच विकेट पर 148 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची। शीर्ष क्रम में शुभमन गिल अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहे हैं, जबकि राहुल त्रिपाठी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 81 रन की बेहतरीन पारी खेलने के बाद 20 रन की संख्या के पार नहीं पहुंच पा रहे है। नितीश राणा नहीं चल पा रहे हैं, जबकि कार्तिक के बल्लेबाजी क्रम को लेकर लगातार प्रयोग किए जा रहे हैं। आंद्रे रसेल और मोर्गन भी अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर पाए हैं।

केकेआर के गेंदबाजों ने किंग्स इलेवन पंजाब और चेन्नई के खिलाफ कम अंतर वाली जीत के दौरान अच्छी गेंदबाजी की लेकिन आरसीबी और मुंबई के खिलाफ उन्होंने आसान रन लुटाए। स्पिनर सुनील नारायण का गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किए जाने के बाद भी उनकी गेंदबाजी कमजोर पड़ी है। वह पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए। सनराइजर्स ने आठ मैचों में केवल तीन मैच जीते हैं और वह अंकतालिका में पांचवें स्थान पर है। तेज गेंदबाजी के अगुआ भुवनेश्वर कुमार और आलराउंडर मिशेल मार्श के चोटिल होकर बाहर हो जाने से सनराइजर्स इसी उहापोह में बना रहा कि वह बल्लेबाजी को मजबूत करे या गेंदबाजी को। टीम अपनी बल्लेबाजी विशेषकर शीर्ष क्रम के चार बल्लेबाजों जॉनी बेयरस्टॉ, कप्तान डेविड वार्नर, मनीष पांडे और केन विलियमसन पर बहुत अधिक निर्भर है। सनराइजर्स के लिए चिंता का विषय राशिद खान की फार्म में है। अफगानिस्तान के इस लेग स्पिनर ने टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पिछले दो मैचों में वह बेअसर रहे हैं। राहुल तेवतिया, अंबाती रायुडु और शेन वाटसन ने उन पर छक्के जड़े थे। सनराइजर्स की गेंदबाजी जबकि कमजोर है तब वार्नर को अपने इस स्टार लेग स्पिनर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

### टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** दिनेश कार्तिक (कप्तान), इयोन मोर्गन, नीतीश राणा, राहुल त्रिपाठी, रिंकू सिंह, शुभमन गिल, सिद्धेश लाड, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, पैट कमिंस, प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर, शिवम मावी, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, क्रिस ग्रीन, एम सिद्धार्थ, सुनील नारायण, निखिल नाइक, टॉम बैंटन।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** डेविड वार्नर (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, केन विलियमसन, मनीष पांडे, श्रीवत्स गोस्वामी, विराट सिंह, प्रियम गर्ग, रिद्धिमान साहा, अब्दुल समद, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, राशिद खान, जैसन होल्डर, अभिषेक शर्मा, बी संदीप शर्मा, संजय यादव, फैबियन एलेन, पृथ्वी राज यरा, खलील अहमद, संदीप शर्मा, शाहबाज नदीम, सिद्धार्थ कौल, बिली स्टानलेक, टी नटराजन और बासिल थम्पी।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 03:30 मिनट से शुरू होगा।**

# डिविलिसर्स का अर्धशतक, बेंगलोर सात विकेट से जीता

एजेंसी। दुबई



**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर ने एबी डिविलियर्स की 22 गेंद में नाबाद 55 रन की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट से जीत दर्ज की। डिविलियर्स ने इस पारी के दौरान छह गगनचुंबी छक्के और एक चौका जमाया। उन्होंने अंत में गुरकीरत सिंह मान (नाबाद 19) के साथ चौथे विकेट के लिए 77 रन की नाबाद साझेदारी निभाई।

राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद अच्छी शुरुआत की और फिर कप्तान स्टीव स्मिथ (57 रन) के अर्धशतक की बदौलत छह विकेट पर 177 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने (आरसीबी) कप्तान विराट कोहली (43 रन) और देवदत्त पडिक्कल (35 रन) की दूसरे विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी के बाद डिविलियर्स के तूफानी अर्धशतक से 19.4 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बनाकर जीत हासिल की। डिविलयर्स ने 19वें ओवर में जयदेव उनादकट की गेंदों को धुनते हुए छक्कों की हैट्रिक लगाई, जिससे इसमें 25 रन बने, जबकि आरसीबी को अंतिम दो ओवरों में जीत के लिए 35 रन चाहिए थे। अब अंतिम ओवर में केवल 10 रन की जरूरत थी, जिसमें दो, एक, दो और एक गगनचुंबी से टीम ने छठी जीत हासिल की।

आरसीबी के अब नौ मैचों में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं और वह मुंबई इंडियंस (12 अंक) और दिल्ली कैपिटल्स (12 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स की यह नौ मैचों में छठी हार थी और वह छह अंक से सातवें स्थान पर है। आरसीबी के लिए पहला विकेट आरोन फिंच (14 रन) के रूप में गिरा जिन्हें श्रेयस गोपाल ने आउट किया। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल (35 रन) और कोहली ने बिना विकेट गंवाए 12 ओवर तक अच्छी साझेदारी निभाई। कोहली के 13वें ओवर में तेवतिया पर लगे छक्के से आरसीबी ने 76 गेंद में 100 रन पूरे किए। पर इसी ओवर में कोहली और पडिक्कल के बीच दूसरे विकेट के लिए 9.3 ओवर में 79 रन की भागीदारी का अंत हुआ। तेवतिया की गेंद पर पडिक्कल (37 गेंद में दो चौके) बेन स्टोक्स को कैच देकर आउट हो गए।

अगले ही ओवर में तेवतिया ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश करते हुए कार्तिक त्यागी की गेंद पर कोहली का कैच लपककर आरसीबी को करारा झटका दिया। अब दारोमदार दक्षिण अफ्रीकी स्टार डिविलियर्स और गुरकीरत पर था। टीम को अंतिम पांच ओवर में 64 रन चाहिए थे। डिविलियर्स ने अपनी दमदार पारी के दम पर दो गेंद रहते टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले स्मिथ इस मैच में नई योजना के साथ उतरे, लेकिन यह भी डिविलियर्स जैसे धाकड़ क्रिकेटर के आगे कारगर नहीं हो सकी। उन्होंने पारी के आगाज के लिए नई जोड़ी को भेजा जिन्होंने टीम को अच्छी शुरुआत कराई। स्मिथ (36 गेंद, छह चौके और एक छक्का) खुद भी बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरे और पहले जोस बटलर के साथ चौथे विकेट के लिए 58 रन और फिर तेवतिया (नाबाद 19) पांचवें विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

आरसीबी के लिए क्रिस मौरिस ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में 26 रन देकर चार विकेट हासिल किए जबकि युजवेंद्र चहल को एक ही ओवर में दो विकेट मिले। राजस्थान ने पारी का आगाज करने के लिए रोबिन उथप्पा (22 गेंद में 41 रन, सात चौके और एक छक्का) और बेन स्टोक्स की नई जोड़ी को उतारा। टीम ने अच्छी शुरुआत की और पारी के 50 रन पूरा होने के बाद अपना पहला विकेट खोया। उथप्पा अच्छी लय में थे, उन्होंने तीसरे ओवर में वाशिंगटन सुंदर पर चार चौके से 16 रन जुटाए। उन्होंने इस दौरान आईपीएल में अपने 4500 रन भी पूरे किए। उन्होंने चौथे ओवर की अंतिम गेंद पर इसुरू उडाना पर पारी का पहला छक्का लगाया, जिससे इस ओवर से टीम के स्कोर में 17 रन जुड़े। राजस्थान रॉयल्स को पहला झटका 5.4 ओवर में बेन स्टोक्स (15 रन) के रूप में लगा, तब स्कोर 50 रन था। मौरिस ने पहले विकेट की साझेदारी तोड़कर आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। इससे पॉवरप्ले में उसने एक विकेट पर 52 रन बना लिए। पारी का दूसरा छक्का संजू सैमसन (09) ने लगाया, हालांकि वह ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके। चहल का पहला ही ओवर आरसीबी के लिए शानदार रहा जिसमें इस गेंदबाज ने उथप्पा और सैमसन के लगातार गेंदों पर विकेट झटके जिससे अब राजस्थान रॉयल्स का स्कोर आठ ओवर में तीन विकेट पर 69 रन हो गया।

## रायुडु और जडेजा के दम पर चेन्नई ने बनाए 179 रन



एजेंसी। शारजाह

**फाफ** डुप्लेसिस (58) की अर्धशतकीय पारी के बाद आखिरी ओवरों में अंबाती रायुडु और रविन्द्र जडेजा की ताबड़तोड़ पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन सुपर लीग मुकाबले में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 179 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

चेन्नई के बल्लेबाजों ने आखिरी पांच ओवर में 67 रन जोड़े जिसमें जडेजा ने 13 गेंद में चार छक्के की मदद से नाबाद 33 और रायुडु ने 25 गेंद में चार छक्के और एक चौका की मदद से नाबाद 45 रन बनाए। दोनों ने महज 21 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। इससे पहले डुप्लेसिस ने शेन वाटसन (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी कर बाद के बल्लेबाजों के लिए मजबूत नींव रखी। चेन्नई के लिए टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला उस समय गलत लगा जब युवा तेज गेंदबाज तुषार पांडे ने शुरुआती ओवर की तीसरी गेंद पर ही चेन्नई के सलामी बल्लेबाज सैम कुरेन को खाता खोले बगैर पवेलियन भेज दिया। कागिसो रबाडा के द्वारा किया गया दूसरा ओवर मेडन रहा।

# भारत में क्रिकेट की दीवानगी को स्टीव वॉ ने किया कैमरे में कैद

एजेंसी। नई दिल्ली



**स्टीव** वॉ खेलते आस्ट्रेलिया के लिए थे, लेकिन जब क्रिकेट को कैमरे में कैद करने की बात आई तो उन्होंने भारत को चुना जहां इस खेल को धर्म माना जाता है। चाहे वह हिमालय की किसी तलहटी में भिक्षुओं द्वारा क्रिकेट खेलना हो या फिर दिव्यांग खिलाड़ी का गेंद पकड़ने के लिए निंजा वारियर्स की तरह हवा में तैरना, वॉ को भारत में क्रिकेट जीवन जीने का एक तरीका लगा। आस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने समुद्र तटों से लेकर रेगिस्तान और पहाड़ों पर लोगों को क्रिकेट खेलते हुए देखा।

मुंबई के मशहूर आजाद मैदान पर धूल भरे मैदान पर कुछ नए सपने संजोकर बल्ला और गेंद थामे युवाओं ने भी वॉ को प्रभावित किया। एबीसी.नेट.एयू के अनुसार वॉ ने आजाद मैदान के बारे में कहा कि वह स्थान क्रिकेट के लिए बना है और मुझे वह पसंद है। वे अद्भुत हैं। वे निंजा वारियर्स की तरह हवा में तैरते हैं। वॉ ने क्रिकेट के दीवाने देश भारत की अपनी कई यात्राओं के दौरान जो तस्वीरें कैमरे में कैद की उनको अब पुस्तक की शक्ल दे दी है जिसका शीर्षक है 'द स्प्रिट ऑफ क्रिकेट- इंडिया।' वॉ की खींची गई तस्वीरों में 70 से अधिक की इस महीने के आखिर में सिडनी में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत ने मुझे ताउम्र याद रखने वाली यादें ही नहीं दी उसने मुझे जिंदगी बदलने वाले क्षण दिखाए। इस पुस्तक का उद्देश्य यह पता करना है कि भारत में क्रिकेट धर्म क्यों है। वॉ ने 18 दिन तक हाथ में कैमरा थामे हुए भारत का चक्कर लगाया। वह मुंबई से लेकर जोधपुर की गलियों में गए। उन्होंने कोलकाता की गलियां छानी तो राजस्थान के मरूस्थल और उंचे हिमालय की सैर पर भी गए। उनके इस दौरे पर एक वृत्त चित्र भी तैयार किया गया है जिसका शीर्षक है, कैप्चरिंग क्रिकेट। इसका प्रसारण 17 नवंबर को एबीसी पर किया जाएगा।

भारत में क्रिकेट पर बात करते हुए वॉ ने कहा कि भारत जैसे देश में क्रिकेट को कम करके आंकना मुश्किल है। वहां गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले 80 करोड़ लोग हैं, लेकिन क्रिकेट उन्हें कुछ खास से जुड़ने का मौका देता है। यह ऐसा खेल है जिसके लिए बहुत अधिक पैसा नहीं चाहिए। मेरे कहने का मतलब है कि क्रिकेट के लिए अक्सर कहा जाता है कि आपको खेलने के लिए केवल बल्ला और गेंद चाहिए। वॉ ने कहा कि मुझे याद नहीं कि मैं भारत में कभी किसी ऐसे व्यक्ति से मिला हूं जो यह नहीं जानता हो कि मैं क्रिकेट खेलता हूं। वे आपको सीधे पहचान लेते हैं जिससे उनसे बात करने में मदद मिलती है।

## एमबापे के दो गोल से पीएसजी ने नाइम्स को 4-0 से हराया

**पेरिस।** स्टार स्ट्राइकर कायलिन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने दस खिलाड़ियों के साथ खेल रहे नाइम्स को 4-0 से करारी शिकस्त देकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में इस सत्र में पहली बार शीर्ष पर पहुंचने में कामयाबी हासिल की। एमबापे के गोल से ही फ्रांस ने दो दिन पहले नेशन्स लीग में क्रोएशिया को 2-1 से हराया था। नाइम्स के सेंटर हॉफ लोइक लांड्रे को 12वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया गया था, जिसके बाद उसकी टीम को दस खिलाड़ियों के साथ मैच खेलना पड़ा। एमबापे ने 32वें मिनट में गोलकीपर बैपटिस्ट रेनेट को छकाकर गोल दागा। अलेसांद्रो फ्लोरेंजी ने 78वें मिनट में स्कोर 2-0 किया जबकि इसके पांच मिनट बाद एमबापे ने अपना दूसरा और टीम की तरफ से तीसरा गोल दागा।

## स्कॉटिश प्रीमियर लीग रविवार से, बाला देवी को उम्मीदों पर खरा उतरने का भरोसा



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान बाला देवी को लगता है कि रेंजर्स एफसी में उन्हें जिस तरह की पेशेवर ट्रेनिंग मिली है, उससे वह बेहतर खिलाड़ी बन गई है और वह रविवार से शुरू होने वाली स्कॉटिश महिला प्रीमियर लीग में उम्मीदों पर खरा उतरने की आशा लगाए हुए हैं। बाला ने जनवरी में रेंजर्स से 18 महीने का अनुबंध किया था। उन्होंने कहा कि सत्र से पूर्व छह हफ्ते की कड़ी ट्रेनिंग के बाद वह लीग में अच्छा करने को तैयार हैं जो बंद स्टेडियम में खेली जाएगी। रेंजर्स की टीम अपना अभियान पहले दिन हार्ट्स वुमैन से भिड़ेंगी। उन्होंने ग्लास्गो से एजेंसी से कहा कि हमने छह हफ्ते की ट्रेनिंग की और यह काफी कड़ी ट्रेनिंग थी, भारत में जो ट्रेनिंग करते हैं, यह उससे काफी अलग थी, निश्चित रूप से इसमें काफी ज्यादा चीजें पेशेवर थीं।

# ब्रावो की विंडीज टेस्ट टीम में वापसी

एजेंसी। सेंट जोन्स (एंटीगा)



**बाएं** हाथ के बल्लेबाज डेरेन ब्रावो और शिमरोन हेटमायर तथा आलराउंडर कीमो पॉल को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टीम में शामिल किया गया है, जबकि शाई होप को बाहर कर दिया गया है। ब्रावो ने अपना सर्वोच्च टेस्ट स्कोर 2013 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ही ड्यूनेडिन में बनाया था।

अब तक 34 टेस्ट मैच खेलने वाले होप का हाल के टेस्ट मैचों में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने दिसंबर 2017 के बाद से 19.48 की औसत से रन बनाए हैं और फरवरी 2019 के बाद तो उनका औसत 14.45 रहा। इससे उनका कुल औसत गिरकर 26.27 हो गया है। छह रिजर्व खिलाड़ी भी पृथकवास के दौरान टेस्ट टीम की तैयारियों में मदद करने और किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसका स्थान लेने के लिए न्यूजीलैंड दौरे पर जाएंगे। विकेटकीपर आंद्रे फ्लेचर को 2018 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में अगले महीने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए टी-20 टीम में शामिल किया गया है। कैरेबियाई प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले आलराउंडर काइल मेयर्स को पहली बार टीम में जगह मिली है। आलराउंडर आंद्रे रसेल और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों लेंडल सिमन्स और इविन लुईस से कोविड-19 महामारी से जुड़ी यात्रा चिंताओं और पृथकवास के कारण दौरे पर नहीं जाने का फैसला किया है। टी-20 श्रृंखला 27 नवंबर से आकलैंड में शुरू होगी।

# खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके अपेक्षाओं पर खरा उतरे: रोहित

एजेंसी। अबुधाबी



**मुंबई** इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा को खुशी है कि उनकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके अपेक्षाओं पर खरी उतरी। मुंबई इंडियन्स के शुक्रवार को केकेआर को पांच विकेट पर 148 रन पर रोकने के बाद 16.5 ओवर में दो विकेट पर 149 रन बनाकर बड़ी जीत दर्ज की। मुंबई के लिए क्विंटन डिकॉक ने 44 गेंद में नाबाद 78 रन की पारी खेली।

रोहित ने मैच के बाद कहा कि हमने अच्छी गेंदबाजी की, हमने अच्छी बल्लेबाजी की। कुल मिलाकर हम जैसा प्रदर्शन चाहते थे आज हमने वैसा खेल दिखाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए इस तरह की प्रभावशाली जीत दर्ज करना शानदार है। इससे हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। रोहित ने कहा कि टूर्नामेंट में अब बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम ज्यादा मैच जीतेगी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम अब ज्यादा मुकाबले जीतेगी। इस मुकाबले में हमने पहली गेंद से ही प्रभावशाली गेंदबाजी की। रोहित ने मैच में 35 रन की पारी खेलने के साथ पहले विकेट के लिए डिकॉक के साथ 94 रन की साझेदारी की। उन्होंने कहा कि मुझे डिकॉक के साथ खेलना पसंद है। ज्यादातर समय वह अक्रामक रवैया अपनाता है और मैं उसका साथ देता हूं। डिकॉक ने अपनी नाबाद पारी में लेग साइड में कुछ करारे शॉट लगाए। इस बारे में पूछे जाने पर इस दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि मैं लेग साइड में अच्छे शॉट लगता हूं। ऐसा नहीं है कि मैंने इसके लिए कोई योजना बनाई थी, लेकिन यह मेरे खेल का स्वाभाविक पहलू है। उन्होंने कहा कि वह पिछले मैच आखिर तक बल्लेबाजी नहीं करने से वह निराश थे। डिकॉक ने कहा, पिछले मैच में मैं टीम को जीत दिलाने के लिए क्रीज पर मौजूद नहीं था जिसकी मुझे निराशा थी। माहेला जयवर्धने (कोच) ने मुझे कुछ सुधार करने के लिए कहा जिसका मुझे फायदा हुआ। केकेआर के नए कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा कि मुंबई ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे उन्हें रोकना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि हम आज के मुकाबले में किसी भी समय बेहतर स्थिति में नहीं थे। हमने हालांकि संघर्ष करने लायक रन बना लिए थे लेकिन जिस तरह से मुंबई ने बल्लेबाजी की उससे उन्हें रोकना मुश्किल था।

### शीर्ष क्रम की नाकामी के कारण मुंबई से हारे: मोर्गन



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान इयोन मोर्गन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मुंबई इंडियन्स के हाथों करारी हार के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्हें जल्द से जल्द चीजों में सुधार करना होगा। केकेआर का स्कोर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठवें ओवर में चार विकेट पर 42 रन था। उसकी आधी टीम 11वें ओवर में 61 रन के स्कोर तक पवेलियन लौट गई थी। इसके बाद मोर्गन (नाबाद 39) और तेज गेंदबाज पैट कमिन्स (नाबाद 53) के बीच छठे विकेट के लिए 87 रन की अटूट साझेदारी से टीम पांच विकेट पर 148 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची। मुंबई ने हालांकि 16.5 ओवर में दो विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर दिया। मोर्गन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले बल्लेबाजी करते हुए हमने कुछ गलतियां की। मुंबई इंडियन्स ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की और साबित किया कि वह टूर्नामेंट में अब तक की बेहतरीन टीमों में से एक क्यों है। दिनेश कार्तिक की जगह शुक्रवार को ही कप्तानी संभालने वाले इंग्लैंड के विश्वकप विजेता कप्तान ने कहा कि हमें इस विभाग में सुधार करना होगा।

# नवरात्रि दूसरा दिन : सिद्धि प्राप्ति के लिए मां ब्रह्मचारिणी की पूजा



मां दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरुप देवी ब्रह्मचारिणी का हैं। यहां ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या हैं। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी-तप का आचरण करने वाली। कहा भी हैं-वेदस्तत्वं तपो ब्रह्म-वेद,तत्व और तप ब्रह्म शब्द के अर्थ हैं। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरुप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य हैं। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमंडल रहता हैं।

**मां ब्रह्मचारिणी की महिमा किसी से छुपी नहीं है और आप उनके आशीर्वाद को पाकर जीवन में ज्ञान हासिल कर सकते हैं। नवदुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है।**

## क्या चढ़ाएं प्रसाद

मां भगवती को नवरात्र के दूसरे दिन चीनी का भोग लगाना चाहिए मां को शक्कर का भोग प्रिय है। ब्राह्मण को दान में भी चीनी ही देनी चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से मनुष्य दीर्घायु होता है। इनकी उपासना करने से मनुष्य में तप, त्याग, सदाचार आदि की वृद्धि होती है।

**पूजा विधि:** देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा करते समय सबसे पहले हाथों में एक फूल लेकर उनका ध्यान करें और प्रार्थना करते हुए नीचे लिखा मंत्र बोलें।

**श्लोक**

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलु।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

**ध्यान मंत्र**

वन्दे वांछित लाभायचन्द्रार्घकृतशेखराम्।
जपमालाकमण्डलु धराब्रह्मचारिणी शुभाम्॥
गौरवर्णा स्वाधिष्ठानस्थिता द्वितीय दुर्गा त्रिनेत्राम।
धवल परिधाना ब्रह्मरूपा पुष्पालंकार भूषिताम्॥
परम वंदना पल्लवराधरां कांत कपोला पीन।
पयोधराम् कमनीया लावणयं स्मेरमुखी निम्ननाभि नितम्बनीम्॥

इसके बाद देवी को पंचामृत स्नान कराएं, फिर अलग-अलग तरह के फूल,अक्षत, कुमकुम, सिंदुर, अर्पित करें। देवी को सफेद और सुगंधित फूल चढ़ाएं। इसके अलावा कमल का फूल भी देवी मां को चढ़ाएं और इन मंत्रों से प्रार्थना करें।

1. या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
2. दधाना कर पद्माभ्याम अक्षमाला कमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मई ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

इसके बाद देवी मां को प्रसाद चढ़ाएं और आचमन करवाएं। प्रसाद के बाद पान सुपारी भेंट करें और प्रदक्षिणा करें यानी 3 बार अपनी ही जगह खड़े होकर घूमें। प्रदक्षिणा के बाद घी व कपूर मिलाकर देवी की आरती करें। इन सबके बाद क्षमा प्रार्थना करें और प्रसाद बांट दें। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। मां जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में द्वितीय दिन इसका जाप करना चाहिए।

या देवी सर्वभूतेषु
मांब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

## मां ब्रह्मचारिणी की कथा

पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना गया। एक हजार वर्ष तक इन्होंने केवल फल-फूल खाकर बिताए और सौ वर्षों तक केवल जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। कुछ दिनों तक कठिन उपवास रखे और खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के घोर कष्ट सहे। तीन हजार वर्षों तक टूटे हुए बिल्व पत्र खाए और भगवान शंकर की आराधना करती रहीं। इसके बाद तो उन्होंने सूखे बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिए। कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रह कर तपस्या करती रहीं। पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण ही इनका नाम अपर्णा नाम पड़ गया। कठिन तपस्या के कारण देवी का शरीर एकदम क्षीण हो गया। देवता, ऋषि, सिद्धगण, मुनि सभी ने ब्रह्मचारिणी की तपस्या को अभूतपूर्व पुण्य कृत्य बताया, सराहना की और कहा- हे देवी आज तक किसी ने इस तरह की कठोर तपस्या नहीं की। यह आप से ही संभव थी। आपकी मनोकामना परिपूर्ण होगी और भगवान चंद्रमौलि शिवजी तुम्हें पति रूप में प्राप्त होंगे। अब तपस्या छोड़कर घर लौट जाओ। जल्द ही आपके पिता आपको लेने आ रहे हैं।

## संघर्ष में भक्तों को विचलित नहीं होने देती है मां

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। तप का आचरण करने वाली मां ब्रह्मचारिणी का रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या करने के कारण मां को तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना गया। एक हजार वर्ष तक मां ने फल-फूल खाकर बिताए और सौ वर्षों तक जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। इसके बाद मां ने कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रहकर तपस्या की। पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण मां का नाम अपर्णा भी पड़ा। मां दुर्गा का ब्रह्मचारिणी स्वरूप भक्तों को अनंत फल प्रदान करने वाला है। मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से भक्तों को सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से जीवन के कठिन क्षणों में भक्तों को संबल प्राप्त होता है।




# मेहनत और दृढ़ इच्छा शक्ति से कैप्टन कमल किशोर बने पायलटों के पितामह

मन में कुछ खास करने का जज्बा हो और दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ मेहनत की जाए, तो दुनिया में कोई भी काम मुश्किल नहीं होता। हिसार में जन्मे कैप्टन कमल किशोर ने उड़ते हुए विमानों को देखकर पायलट बनने का सपना देखा था। उन्होंने अपनी मेहनत, ईमानदारी और दृढ़ इच्छा शक्ति के दम पर न केवल अपने पायलट बनने के सपने को पूरा किया, बल्कि पायलटों के कुशल प्रशिक्षक भी बने। उड्डयन के क्षेत्र में कैप्टन कमल किशोर को पायलटों का पितामह माना जाता है। कैप्टन कमल किशोर को 14 तरह के विमानों को 11 हजार घंटे उड़ाने का अनुभव है। उड़ान का इतना विशाल रिकॉर्ड देश के बहुत ही कम पायलेटों के पास है। वहीं कैप्टन कमल किशोर अब तक देश के लिए हजारों की संख्या में व्यवसायिक पायलेट तैयार कर चुके है। उनसे प्रशिक्षण प्राप्त पायलेट तीनों सेनाओं और अन्य सुरक्षा बलों में भी कार्यरत हैं। पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता **राजेश दास** और **कैप्टन कमल किशोर** की बातचीत के खास अंश।





**सवाल : पायलट बनने की प्रेरणा आपकों कैसे मिली।**

**जवाब :** हिसार में विमानन प्रशिक्षण संस्थान था। वहां से विमानों को उड़ान भरते हुए देख कर मन में पायलट बनने की इच्छा जागृत हुई थी। पायलट बनने के सपने को पूरा करने के लिए मैने प्रशिक्षण लेना शुरू किया था।

**सवाल : पायलट का प्रशिक्षण लेने के लिए आपको किस दौर से गुजरना पड़ा।**

**जवाब :** मैं स्कूली शिक्षा के दौरान एनसीसी (वायु विंग) में शामिल रहा था। जिसकी वजह से मुझे विभिन्न तरह की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नागरिक विमानन के कोर्स में दाखिला मिल गया था। उस दौरान मैने करीब पांच साल तक प्रशिक्षण लिया था।

**सवाल : कोर्स करने के बाद आपने कॅरियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** पायलट का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद वर्ष 1983 में मैं हिसार विमानन प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षक के पद पर नियुक्त हो गया था।

**सवाल : आप अब तक कितने घंटे उड़ान भरने का रिकॉर्ड बना चुके हैं।**

**जवाब :** मेरा 11 हजार घंटे उड़ान भरने का अनुभव है। साथ ही मैं 14 तरह के विमान उड़ा चुका हूं। इतना बड़ा अनुभव देश के बहुत ही कम पायलटों के पास मौजूद है।

**सवाल : उड़ान के दौरान हुए खट्टे मीठे अनुभव आप साझा करना चाहेंगे।**

**जवाब :** 10 सितंबर 1986 को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में मैं गंभीर रूप से घायल हुआ था। उस समय करीब डेढ़ साल तक मेरा उपचार चलता रहा। आखिरकार मैं अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के दम पर दोबारा विमानन के क्षेत्र में वापस आने में कामयाब हो गया।

**सवाल : आप हरियाणा के मूल निवासी हैं। आपने यहां विमानन के क्षेत्र की प्रगति के किस तरह के प्रयास किए।**

**जवाब :** वर्ष 2006 से 2015 तक मैं हरियाणा विमानन संस्थान का निदेशक एवं मुख्य प्रशिक्षक रहा हूं। मैं हरियाणा के हिसार, करनाल और पिंजौर में स्थित तीनों संस्थानों का प्रभारी था। उस समय मैंने यहां उड्डयन के क्षेत्र को बढ़ावा देने के काफी प्रयास किए थे। मेरे कार्यकाल में पहला अत्याधुनिक सेसना 172 विमान प्रदेश में आया था। संस्थान में नए विमान सिमलेटर आए थे। करनाल में रात्रि उड़ान सुविधा शुरू की गई थी।

**सवाल : वर्तमान में आप कौन से प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत हैं।**

**जवाब :** वर्तमान में मैं नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से पूर्ण विंग एविएशन हैदराबाद में निदेशक एवं मुख्य प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत हूं।

**सवाल : आप अब तक कितने लोगों को पायलट का प्रशिक्षण दे चुके हैं।**

**जवाब :** मैं अब तक करीब 4000 हजार से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण देकर कुशल पायलट बना चुका हूं। इनमें काफी संख्या में विदेशी पायलट भी शामिल हैं। मेरे से प्रशिक्षण हासिल करने वाले पायलट देश और विदेश के विभिन्न व्यवसायिक विमानन संस्थानों में काम कर रहे हैं।

**सवाल : क्या कुछ लोग शौक के लिए भी पायलट का प्रशिक्षण लेते हैं।**

**जवाब :** काफी संख्या में लोग अपना शौक पूरा करने के लिए भी पायलट का प्रशिक्षण लेते हैं। मेरे से कई विधायक, सांसद, उद्योगपति, वरिष्ठ चिकित्सक, आईएएस और आईपीएस अधिकारी भी पायलट का प्रशिक्षण ले चुके हैं। यह लोग शौकियां रूप से फ्लाइंग क्लब के विमान उड़ाते हैं।

**सवाल : क्या आप सेना के पायलटों को भी प्रशिक्षण दे चुके हैं।**

**जवाब :** मेरे से प्रशिक्षण प्राप्त पायलट थलसेना, नौसेना, वायुसेना, तट रक्षक और सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत है। यह पायलट समय समय पर अपना जौहर दिखाते रहे हैं। श्रीलंका ऑपरेशन के दौरान मेरे प्रशिक्षित किए गए हेलीकॉप्टर पायलटों ने दुश्मनों के दांत खट्टे किए थे।

**सवाल : देश और प्रदेश के युवाओं को आप क्या संदेश देना चाहते हैं।**

**जवाब :** कॅरियर के लिए व्यवसायिक विमानन का क्षेत्र काफी बेहतरीन है। इस क्षेत्र में आने से भविष्य उज्जवल हो सकता है। पायलट के प्रशिक्षण की सभी अत्याधुनिक सुविधाएं हमारे देश में ही उपलब्ध हैं। देश में अत्याधुनिक सुविधाओं से पूर्ण फिलहाल 20 विमानन प्रशिक्षण संस्थान मौजूद हैं। इन संस्थानों में दाखिला लेने का कोई समय निश्चित नहीं हैं। औपचारिकताएं पूरी करने वाला व्यक्ति इनमें कभी भी दाखिला ले सकता है।

**सवाल : विमानन के अलावा आपकी किस क्षेत्र में रुचि है।**

**जवाब :** वन्य प्राणी संरक्षण में मेरी खास रूचि है। हरियाणा में कार्यरत रहने के दौरान मैने करनाल के विमानन प्रशिक्षण संस्थान के करीब 100 एकड़ के जंगल में वन्य प्राणी संरक्षण के लिए काफी प्रयास किए थे। जिसके परिणाम स्वरूप वहां जीव जंतुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई थी।

## जीवन परिचय



| | |
|---|---|
| नाम | कैप्टन कमल किशोर |
| जन्मदिन | 29 नवंबर 1957 |
| पिता | लक्ष्मण दास |
| माता | विद्या देवी |
| पत्नी | शशि बाला |
| परिवार | बेटी प्रतिभा, बेटे करण व कैप्टन जयंत बंसल |
| स्कूल | यशोदा स्कूल व सीएबी स्कूल, हिसार |
| उच्चशिक्षा | स्नातक, दयानंद कॉलेज, हिसार |

## गुरु से बड़ा कोई नहीं



स्लेजहैमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी प्रदीप मोहंती ने बताया कि विमानन प्रशिक्षण जगत के पितामह कैप्टन कमल किशोर मेरे गुरु हैं। मैंने भी उनसे प्रशिक्षण लिया है। विमानन के क्षेत्र में देश में उनके जैसा अनुभव किसी के पास नहीं है। उनके द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का कर्ज किसी भी रूप में नहीं चुकाया जा सकता है।